
आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 86 | उज्जैन, रविवार 12 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## अभी तो माईक्रो लेवल पर प्लानिंग ही नहीं...




महाआयोजन के लिए तैयारी तेज हो गई है। अब हर स्तर पर योजना और उसे कैसे अमलीजामा पहनाना है उस पर मंथन शुरू हो चुका है। लगभग 30 करोड श्रद्धालुओं का आगमन इस दौरान होना है। प्रति दिन के मान से औसत 50 लाख श्रद्धालुओं का दो माह के दरमियान आना होगा। महाआयोजन के लिए माईक्रो प्लान को लेकर भी मंथन शुरू हो चुका है। हालांकि अभी होने वाले आयोजनों में माईक्रो प्लानिंग की स्थिति बहुत ही कमजोर या यूं कहे के नहीं के बराबर ही सामने आ रही है। हाल ही की स्थिति में मंदिर में हुए आयोजन एवं श्रद्धालुओं की 118 किलोमीटर की पैदल यात्रा वाले आयोजन को लेकर उत्तर वाहिनी के तट पर कोई व्यवस्था नहीं देखी गई। इससे तय है कि परंपरागत आयोजन की रूपरेखा को लेकर नजरअंदाजी की स्थिति बनी हुई है। माईक्रो लेवल प्लानिंग का आशय छोटी से छोटी एवं महत्वपूर्ण मुद्दों को ध्यान में रखकर योजना को अंजाम देना है न कि परंपरागत स्थिति को नजरअंदाज करना। खुसूर-फुसूर है कि 118 किलोमीटर यात्रा पर जाने वाले इन श्रद्धालुओं को आपकी योजना एवं कार्यपद्धति से कोई वास्ता नहीं होता है न ही ये सुविधा की अपेक्षा जताते हैं। सुविधा से मोह त्याग कर ही ये इस यात्रा पर आते हैं। इनका सहज जीवन मानव मात्र की जरूरतों का संदेश देता है। ऐसे में परंपरागत घाटों को विश्राम के लिए खाली तो करवाया ही जा सकता था। अब माईक्रो स्तर पर इसका ध्यान तो रखा ही जाना चाहिए। इस बार रेती घाट पर भी श्रद्धालुओं को अपने विश्राम को लेकर दो-चार होना पडेगा।

## धुरंधर फिल्म की अभिनेत्री सारा अर्जुन महाकाल मंदिर पहुंची



**उज्जैन।** हाल ही में रिलीज फिल्म धुरंधर की अभिनेत्री सारा अर्जुन शनिवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। उनके साथ पिता राज अर्जुन और मां सान्या भी मौजूद थीं। सारा ने नंदी हाल से भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

सारा अर्जुन पहली बार महाकाल मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। सुबह करीब 4 बजे उन्होंने भस्म आरती में हिस्सा लिया और करीब दो घंटे तक आरती में शामिल रहीं। इस दौरान उन्होंने 'जय महाकाल' के जयकारे लगाए और पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की।

**नंदी जी के कान में मांगी मुराद:** आरती के बाद सारा ने नंदी जी के कान में अपनी मनोकामना कही। इसके बाद गर्भगृह की देहरी से भगवान महाकाल को जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत और सत्कार भी किया गया।

## ट्रेंडिंग




### आस्था एवं विश्वास की कष्टसाध्य 118 किमी यात्रा पर चल पडे कदम, इस बार भी पूर्व वर्षो की तरह तीन पडाव पर रहेंगे श्रद्धालु, द्वारपालों के करेंगे दर्शन

# विधिवत शुरुआत आज से दो दिन पूर्व से श्रद्धालु रवाना हुए







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आस्था एवं विश्वास की कष्टसाध्य 118 किलोमीटर की पंचक्रोशी यात्रा पर श्रद्धालु निर्धारित तिथि से दो दिन पूर्व ही रवाना हो चुके हैं। यात्रा की शुरूआत विधिवत वैशाख मास कृष्ण पक्ष की 10 से होती है और श्रद्धालुओं ने सप्तमी से ही इसकी शुरूआत कर दी है। इसके चलते पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी पांच दिवसीय यह यात्रा 8 दिनों तक चलती रहेगी। इस यात्रा में श्रद्धालु नगर के चार द्वारपालों की परिक्रमा कर दर्शन करेंगे।

बाबा महाकाल की नगरी मे श्रद्धालुओं की आस्था के सम्मुख सभी कुछ बौना ही है। पुरातन पंचक्रोशी यात्रा निर्धारित तिथि से दो दिन पूर्व ही प्रारंभ हो गई। जज्बे व आस्था से सराबोर तीर्थयात्री सप्तमी से ही कष्टसाध्य 118 किलोमीटर दुर्गम यात्रा पर पैदल चल पडे हैं। इस लंबी यात्रा की शुरूआत पटनी बाजार स्थित नागचन्द्रेश्वर महादेव के दर्शन व भोलेनाथ से बल व शक्ति प्रदान करने की कामना के साथ होती है। श्रद्धालु यहां श्रीफल अर्पित कर चल पडते हैं महाकालेश्वर के चार द्वारपाल के दर्शन करने। ये चार दिशाओं मे विराजित भगवान हैं प्रथम - पिंगलेश्वर, द्वितीय कायावरोहणेश्वर, तृतीय बिलकेश्वर व चतुर्थ दुर्दरेश्वर। शुक्रवार के दिन ही तीर्थयात्रियों के कुछ जत्थे वैशाख की प्रचंड गर्मी मे निकल पडे और शनिवार की अलसुबह पिंगलेश्वर पहुंच गये जो पहला पडाव है। यहां स्नान आदि के बाद बाबा पिंगलेश्वर की पूजनोपरांत श्रद्धालु छायादार वृक्षों और तम्बुओं मे विश्राम करते दिखे तो कुछ महिलाएं मालवा की परंपरागत स्वादिष्ट बाटी व दाल बनाती नजर आईं। कुछ श्रद्धालु आकस्मिक चिकित्सा केन्द्र से पांव मे लगाने के लिए वैसलीन लेती नजर आईं। प्रशासन ने भी तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

### श्रद्धालुओं एवं आमजन हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

निजी वाहन प्रतिबंध: पंचक्रोशी यात्रा मार्ग पर आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी प्रकार के निजी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

गति सीमा: डायवर्जन मार्ग पर वाहन चालक धीमी गति से वाहन चलाएं। नियमों का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

पैदल यात्री: सड़क पार करते समय सावधानी रखें, हड़बड़ी में सड़क पर न दौड़ें।

मोबाइल पेट्रोलिंग: सुरक्षा हेतु 'पंचक्रोशी मोबाइल' (01 से 09) और 'मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग पार्टियां' निरंतर रूट पर तैनात रहेंगी। किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस सहायता केंद्र या तैनात अधिकारी से संपर्क करें।

### घाट पर श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था नहीं

दशमी से यात्रा शुरू करने वाले श्रद्धालु शनिवार शाम को शिप्रा तट रामघाट पर पहुंचे थे। यहां उनके लिए व्यवस्थाएं नगण्य ही देखी गई। श्रद्धालु रात भर यहां विश्राम कर सुबह स्नान के बाद भगवान श्री महाकालेश्वर एवं नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर यात्रा पर विधि मान्य तिथि को रवाना होते हैं। शिप्रा तट पर श्रद्धालुजन के विश्राम की कोई व्यवस्था नहीं की गई। पूरे घाट पर ठेला गाड़ी एवं बच्चों के घूमने वाली छोटी-छोटी गाड़ी घूम रही थी। यात्रा के लिए आए सैंकड़ों श्रद्धालु इसके चलते इधर-उधर विश्राम करने की जगह तलाश रहे थे।

पाइपलाइन डालकर अस्थाई फव्वारे स्नान हेतु लगाए गए हैं जहां सुबह श्रद्धालु स्नान करते रहे। आज शाम तक श्रद्धालु विश्राम के बाद ग्राम करोहन स्थित कायावरोहणेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे जो इंदौर रोड पर स्थित है।

### श्रद्धालु बोले गर्भगृह से दर्शन नहीं हो पाते हैं

यात्रा से पूर्व पटनी बाजार स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर से बल लेने के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां नारियल चढाकर भगवान के दर्शन कर भगवान से यात्रा निर्विघ्नता की कामना की जाती है। पं.अजय शर्मा बताते हैं कि श्रद्धालु यात्री सप्तमी से ही मंदिर में दर्शन कर यात्रा पर रवाना होने लगे थे। श्रद्धालुओं को यात्रा विधान अनुरूप दशमी से करने के लिए कहा गया तो उनका कहना था कि आज हम भगवान के दर्शन गर्भगृह से आराम से कर रहे हैं। दशमी से यात्रा करने पर भगवान के दर्शन में बहुत मुश्किल होती है। चारों द्वारपालों के दर्शनों में भी यही स्थिति बनती है। इस कारण से जल्दी यात्रा शुरू कर धीरे-धीरे उसे पूर्ण किया जाता है। पं.शर्मा बताते हैं कि विधान अनूरूप यात्रा वैशाख कृष्ण दशमी से प्रारंभ होकर अमावस्या पर कर्कराजेश्वर दर्शन से पूर्ण होती है। अगले दिन अष्टतीर्थ यात्रा एक दिवसीय में 8 तीर्थ के दर्शन शिप्रा किनारे किए जाते हैं। उनके अनुसर ग्यारस पर कायावरूहणेश्वर में उपवास के साथ दर्शन पूजन एवं प्रदोष व्रत का भी अपना महत्व है। पं. शर्मा के अनुसार पिछले कई दशकों से वे देख रहे हैं कि श्रद्धालु विधान की तिथि से पूर्व ही अपनी मान्यता अनुसार यात्रा पर निकल पडते हैं। इस बार भी सप्तमी से नवमीं तक करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालु यात्रा पर दर्शन कर रवाना हो चुके हैं। नागचंद्रेश्वर मंदिर पर प्रशासन से तीन पुजारी नियुक्त हैं। वर्ष वार पंचक्रोशी में उनकी पूजा रहती है।

### दो पड़ाव एवं एक उपपडाव पर श्रद्धालु

पंचक्रोशी यात्रा विधिवत रूप से रविवार से शुरू होना है। इससे पूर्व सप्तमी से यात्रा पर निकल चुके श्रद्धालु जिनकी संख्या कम है वे शनिवार देर शाम को करोहन स्थित कायावरूहणेश्वर पहुंच रहे थे।अष्टमी को रवाना होने वाले श्रद्धालु त्रिवेणी उप पडाव के आसपास देखे गए। नवमी को रवाना हुए श्रद्धालु पिंगलेश्वर पडाव पर अपरांह उपरांत पहुंचना शुरू हो चुके थे। इधर देर शाम तक श्रद्धालु नागचंद्रेश्वर मंदिर से बल लेकर यात्रा के लिए शनिवार को रवाना होते देखे गए हैं।

### रास्ते में ट्रेक्टर ट्रालियों का आवागमन

इधर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा मार्ग के समर्थन मुल्य खरीदी केंद्रों कें कारण से श्रद्धालुओं के ग्रामीण मार्ग यात्रा के दौरान ट्रेक्टर ट्रालियों की अच्छी खासी संख्या का आवागमन बना रहा है।इससे यात्रियों को परेशानी रही है।

### मुख्य सुरक्षा एवं क्रॉसिंग पॉइंट्स

यात्रा की सुगमता हेतु निम्नलिखित स्थानों पर विशेष पुलिस बल तैनात रहेगा:

- कोयला फाटक एवं सांदीपनि स्कूल
- श्री सिंथेटिक्स चौराहा व शैफी चौराहा
- तपोभूमि चौराहा
- नलवा, सोडंग एवं जैथल क्रॉसिंग

### यातायात पुलिस ने डायवर्ट किया मार्ग

पंचक्रोशी यात्रा-2026 के सुगमता के लिए उज्जैन पुलिस द्वारा व्यापक यातायात डायवर्जन, सुरक्षा प्लान एवं जन-परामर्श निर्देश जारी किए हैं।

पंचक्रोशी यात्रा 10 अप्रैल से 16 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। यात्रा नागचंद्रेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर निर्धारित पड़ावों से होते हुए शिप्रा तट (रामघाट) पर स्नान के साथ संपन्न होगी।

इस दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए उज्जैन पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं यातायात डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है। निर्धारित तिथियों में भारी वाहनों का मार्ग: आगर नाका से इंदौर/देवास की ओर जाने वाले भारी वाहन साडूमाता बावड़ी - उन्हेल नाका - बायपास - तपोभूमि मार्ग का उपयोग करेंगे।

**आगमन मार्ग:** देवास की ओर से उज्जैन आने वाले वाहन बायपास से तपोभूमि - प्रशांति धाम चौराहा होकर प्रवेश कर सकेंगे।

**रॉन्ग साइड संचालन:** तपोभूमि से शनि मंदिर के बीच यात्रा मार्ग पर यातायात 'रॉन्ग साइड' से संचालित होगा। वाहन चालक इस क्षेत्र में विशेष सावधानी बरतें।

**जैथल क्रॉसिंग:** जैथल क्रॉसिंग पर यात्रा मार्ग पार करने के कारण आगर-उज्जैन मार्ग के बीच यातायात को रॉन्ग साइड से संचालित किया जाएगा।


**लंबी दूरी के वाहन:** देवास से आने वाले भारी वाहनों को सीधे बदनावर फोरलेन की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

# जहां खरीदारी वहीं खतरा...कॉसमॉस मॉल बना मधुमक्खियों का किला...

### कॉसमॉस मॉल पर मधुमक्खियों का कब्जा, 30 अधिक मधुमक्खियों के छत्तों ने बढ़ाई चिंता.. हर पल हादसे का डर, भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में बड़ा हादसा होने की आशंका, प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नानाखेड़ा क्षेत्र में स्थित कॉसमॉस मॉल इन दिनों सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर खतरे का केंद्र बना हुआ है। मॉल की बाहरी दीवारों और ऊपरी हिस्सों पर बड़ी संख्या में मधुमक्खियों के छत्ते लटके हुए हैं। यहां लगभग 30 से 40 बड़े छत्ते मौजूद हैं, जो किसी भी समय मॉल में आने-जाने वाले लोगों पर हमला कर सकते हैं।

कॉसमॉस मॉल शहर के व्यस्त इलाके में है, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। और बड़ी संख्या में लोगों की चहल पहल रहती है। शाम के समय माल के बाहर फुटपाथ पर खाने-पीने की दुकानें लगती है जिसके चलते भीड़ और बढ़ जाती है। ऐसे में इतने बड़े पैमाने पर मधुमक्खियों के छत्तों की मौजूदगी किसी बड़े हादसे की आशंका को बढ़ा रही है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह स्थिति अधिक जोखिमपूर्ण मानी जा रही है। गर्मी के मौसम में मधुमक्खियां अधिक सक्रिय और आक्रामक हो जाती हैं। तेज आवाज, कंपन या छत्तों के पास किसी प्रकार की हलचल होने पर वे झुंड में हमला कर सकती हैं। ऐसे मामलों में एक साथ कई लोगों के घायल होने की संभावना रहती है।

### मॉल के नजदीक ही मंगलवार को लगता है हाट बाजार

नानाखेड़ा स्थित कॉसमॉस मॉल के समीप बाहर फुटपाथ पर हर मंगलवार को सब्जी का हाट बाजार लगता है। इस दौरान दोपहर से लेकर रात तक यहां लोगों की भारी भीड़ रहती है। साथ ही शाम के समय खाने-पीने की चाट दुकानों के कारण क्षेत्र में चहल-पहल और बढ़ जाती है। मॉल के आसपास कई कॉलोनी है ऐसे में भीड़भाड़ के बीच मॉल की दीवारों पर लटके मधुमक्खियों के छत्ते लोगों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। यदि किसी वजह से मधुमक्खियां आक्रामक हो जाती हैं, तो यहां मौजूद बड़ी संख्या में लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं।

### पूर्व में भी कई घटनाएं हो चुकी हैं

उज्जैन के मक्सी रोड स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल (ढळर) में 4 जून 2025 की दोपहर को मधुमक्खियों के भीषण हमले में इंस्पेक्टर रमेश कुमार धुर्वे की मौत हो गई। इस हमले में 5 अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे, इसके अलावा बड़नगर और अन्य क्षेत्रों में भी मधुमक्खियों के हमले के मामले सामने आए हैं। नीमच के पास एक गांव में आंगनवाड़ी के बाहर खेल रहे बच्चों पर भी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था,नीमच जिले के रानपुर गांव में 2 फरवरी 2026 को आंगनबाड़ी सहायिका कंचन बाई मेघवाल ने 20-25 बच्चों को मधुमक्खियों के हमले से बचाते हुए अपनी जान दे दी।

### प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की

उज्जैन के स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन और वन विभाग से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि कॉसमॉस मॉल की बिल्डिंग पर लटके इन खतरनाक मधुमक्खियां के छत्तों को विशेषज्ञों की मदद से सुरक्षित तरीके से हटाया जाना चाहिए। साथ ही मॉल प्रबंधन को भी एहतियात के तौर पर चेतावनी बोर्ड लगाने और भीड़ नियंत्रण जैसे कदम उठाने चाहिए। यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ऐसे में प्रशासन के लिए यह जरूरी हो गया है कि वह जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करे, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### इन्होंने यह कहा..

मॉल की दीवारों व बिल्डिंग के ऊपर यदि मधुमक्खियों के छत्ते लटक रहे हैं, तो मॉल प्रबंधन को निर्देशित कर उन्हें हटवाया जाएगा, ताकि मॉल में आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मॉल अधिकारियों के समन्वय से मधुमक्खियों के छत्तों को हटाने की कार्रवाई करेगी।

**अनुराग तिवारी, डीएफओ, उज्जैन**

# नि:शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दिनाँक 10 अप्रेल 2026 को श्रीमान जिला आयुष अधिकारी उज्जैन के निर्देशन में शासकीय आयुष विंग होम्योपैथी विंग आनंद भवन वेदनगर उज्जैन में होम्योपैथी के जनक डॉ सैम्युअल हैनिमैन साहब के 271 वे जन्म दिवस विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष में पूजन अर्चन करते हुए कार्यक्रम में पधारे गणमान्यजनों को आयुष विंग के डॉ अमर राठौड़ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी आयुष विंग उज्जैन ने वर्तमान में आयुष चिकित्सा पद्धति होम्योपैथी की दैनिक जीवन में उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की व निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे पधारे आगन्तुकों को होम्योपैथी औषधी प्रदान की गई कार्यक्रम में आयुष विंग के डॉ महेन्द्र कौशल व यूनानी दवासाज श्री मुकेश परमार उपस्थित रहे।

# सेवा सहकारी संस्था मर्या. रात्तड़िया द्वारा गेहूं उपार्जन खरीदी का किया शुभारम्भ



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सेवा सहकारी संस्थामार्या रानडिया जिला उज्जैन पर हुमेरा वेयर हाऊस पर मुख्यमंत्री की मंशानुसार किसानो का गेहूं 2585 रुपये + 40 रुपये बोनस कुल 2625 के समर्थन मुल्य पर खरिदी का शुभारम्भ किया गया एवं समस्त किसान बन्धुओं से संल्था द्वारा निवेदन किया की समय पर अपनी पसंद की संस्था या वेयर हाऊस की बुकींग अपने मोबाईल से स्वार बुक कराने एवं गेहुँ को सूखाकर विना कंकर पत्थर बाला साफ गेहुँ लाने का विनम्र निवेदन किया गया शासन के निदेर्शानुसार खरिदी केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर संस्था के रामसिह पटेल (पूर्व अध्यक्ष) नाथू सिंह ऑजका पूर्व उपाध्यक्ष गणेश चौधरी (सरपंच) सौदान सिहे डोडिया (सरपंच ग्राम पान बडोदिया, करण सिंह पटेल रातड़िया मोहनपुरा ओनशिव (मोहनपुरा) पुनित सिंह कनौजियाम दिपकजी बैरागी (स.प्र.) देवदत्त बर्वे (५.स.१.) विष्णुपालसिही, संजय जी सोलंकी विजयसिंहजी, भुपेन्द्र सिंह रवि जी शेरसिहेजी, नारायण सिंह आदि उपस्थित थे। यह जानकारी अशोक सोनगरा द्वारा दी गई।

आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

दैनिक अवन्तिका 57 since 1968

इंदौर | उज्जैन | रविवार 12 अप्रैल, 2026 | www.awantika.com

## देश विदेश

### गगनयान मिशन का दूसरा क्रू मॉड्यूल टेस्ट सफल

**श्रीहरिकोटा।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी में बड़ी कामयाबी मिली है। इसरो ने दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। यह टेस्ट गगनयान मिशन के लिए तैयार किए गए पैराशूट सिस्टम की असली परिस्थितियों की जांच करने के लिए किया गया। इसका मकसद गगनयान मिशन से पहले पैराशूट खुलने के प्रोसेस को चेक करना था। ये प्रोसेस मिशन के समय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी तय करेगा। टेस्ट के दौरान लगभग 5.7 टन वजनी डमी क्रू कैप्सूल को वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 3 किमी की ऊंचाई से छोड़ा गया। कैप्सूल ने समुद्र में सेफ लैंडिंग की। पिछले 8 महीनों में क्रू कैप्सूल का यह दूसरा एयर ड्रॉप टेस्ट है।

### महाराष्ट्र में भूकंप के लगे झटके, हिंगोली और नांदेड़ में 4.7 तीव्रता से कांपी धरती

**मुंबई।** महाराष्ट्र के हिंगोली और नांदेड़ जिले में शनिवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र हिंगोली के पास था और यह घटना सुबह 8.45 बजे पर हुई। भूकंप की गहराई जमीन से 10 किलोमीटर नीचे दर्ज की गई है। भूकंप के झटके हिंगोली के अलावा नांदेड़, परभणी, वाशिम और यवतमाल सहित पड़ोसी जिलों में भी महसूस किए गए। झटके इतने अचानक थे कि सुबह के समय लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। कई निवासियों ने बताया कि झटकों के कारण घरों में रखे बर्तन और अन्य सामान नीचे गिर गया।

### थलापति विजय की फिल्म
## जन नायकन ऑनलाइन लीक




**पूजा हेगड़े ने पाइरेसी के खिलाफ सख्त संदेश दिया बोलीं- फिल्म हजारों लोगों की मेहनत का नतीजा**

**मुंबई।** तमिल सुपरस्टार थलापति विजय की अपकमिंग फिल्म जन नायकन ऑनलाइन लीक होने के बाद इंडस्ट्री में चिंता बढ़ी है। फिल्म की फीमेल लीड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने इसे दुखद बताया और दर्शकों से इसे थिएटर में देखने की अपील की। पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा कि फिल्म सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि हजारों लोगों की मेहनत, क्रिएटिविटी और त्याग का नतीजा होती है। उन्होंने कहा कि लीक होना तकनीशियन और कलाकार के सम्मान को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने फैंस से अपील की कि वे पाइरेसी को बढ़ावा न दें और फिल्म को बड़े पर्दे पर एंजॉय करें। इससे पहले भी कई सेलेब्स, जिनमें रजनीकांत, चिरंजीवी, सूर्या और सिवकार्तिकेयन शामिल हैं, इस लीक पर नाराजगी जता चुके हैं। फिल्म के मेकर्स ने सख्त बयान जारी कर कहा कि यह गंभीर डिजिटल पाइरेसी का मामला है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। बढ़ते विवाद के बीच मेकर्स ने अभी तक आधिकारिक रिलीज डेट घोषित नहीं की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है और इसे विजय की आखिरी फिल्म बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि फिल्म 22 जून 2026 को विजय के 52वें जन्मदिन पर रिलीज हो सकती है।

### ट्रक ने बोलेरो और बाइक को मारी टक्कर, 4 लोगों की मौके पर मौत

**दमोह।** सागर स्टेट हाइवे पर बड़ा हादसा हो गया। बांसा तारखेड़ा गांव में एक ट्रक ने बोलेरो को टक्कर मारी और फिर बाइक को रौंद दिया। एक्सीडेंट में 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई। 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ट्रक की टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो और बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के पास चीख-पुकार मच गई। गाड़ियों पर खून के छींटे आए। एक्सीडेंट में मगरोन गांव के राजू चौधरी और धर्मेंद्र की जान गई। बाइक सवार 2 सगे भाई जीवन और सूरज अहिरवार ने भी मौके पर दम तोड़ दिया। दोनों बांसा तारखेड़ा में रहते थे। बाइक सवार जीवन और सूरज अहिरवार अपने छोटे भाई की शादी के लग्न के लिए गैस सिलेंडर लेने दमोह जा रहे थे। घर से थोड़ी ही दूरी पर उनका एक्सीडेंट हो गया।

### सरकार यूसीसी आदिवासियों पर लागू करेगी या नहीं : सिंघार

**भोपाल।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर कहा है कि यह कानून आदिवासी समाज की पहचान, परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। सरकार को साफ जवाब देना चाहिए कि क्या यूसीसी आदिवासियों पर लागू होगी? यदि नहीं, तो संरक्षण की गारंटी क्यों नहीं दी जा रही? यह अनिश्चितता जानबूझकर फैलाया गया भय है। उन्होंने सरकार से अपील की कि इस मुद्दे पर विधानसभा में विस्तार से चर्चा हो, सभी धर्मों, जनजातियों और अल्पसंख्यकों को साथ लेकर ही कोई नीति बने। सिंघार ने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगते हुए कहा कि क्या आदिवासी समुदायों को यूसीसी के दायरे में लाया जाएगा या उन्हें इससे बाहर रखा जाएगा।

### यात्रियों के लिए मेट्रो की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे

# मेट्रो के 16 ही स्टेशनों पर क्यूआर कोड का मिलेगा टिकिट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में यात्रियों के लिए मेट्रो की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए लगातार कोई ना कोई कदम उठाया जा रहा है। अब इसमें सफर करने वाले यात्रियों को क्यूआर कोड वाला टिकट दिया जाएगा। इंदौर में मेट्रो से सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक इन यात्रियों को अब सफर करने के लिए क्यूआर कोड वाला टिकट मिलेगा।

इस टिकट के जरिए ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम वाले बैरियर पर स्कैन करने के बाद प्रवेश मिलेगा। सुपर कॉरिडोर से लेकर रेडिसन चौराहा तक मेट्रो रूट पर लगभग 16 स्टेशन बने हैं और सभी पर यह सिस्टम तैयार किया जा चुका है। इस नए सिस्टम का सीएमआरएस की जूनियर टीम द्वारा निरीक्षण कर लिया गया है आने वाले दिनों में जैसे ही मेट्रो के इस हिस्से का संचालन शुरू होगा यात्रियों को यह सुविधा मिलने लगेगी। जुलाई के महीने तक मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों को स्मार्ट कार्ड दिए जाने पर भी काम चल रहा है। इस कार्ड में रिचार्ज करवा कर यात्री मेट्रो के सफर का किराया दे सकेंगे। सुपर कॉरिडोर के 5.9 किमी हिस्से पर जब मेट्रो का संचालन किया जा रहा था तब यात्रियों को पर्ची वाले टिकट दिए जा रहे थे। तुर्कीए की एक कंपनी द्वारा पहले ऑटोमेटिक फेयर सिस्टम लगाया जाने वाला था लेकिन यह नहीं हो पाया। अब दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा सभी मेट्रो स्टेशन पर सिस्टम को लगाकर सुविधा शुरू की जाएगी।



#### तैयार हुआ मेट्रो का प्रवेश गेट

विजयनगर मेट्रो स्टेशन पहुंचने के लिए थाने के पास जो प्रवेश गेट बनाया जा रहा था वह तैयार हो गया है। बीते दिन सीएमआरएस की जूनियर टीम की ओर से इसका भी निरीक्षण किया गया। जब इस हिस्से से मेट्रो का संचालन शुरू होगा तब यात्रियों को दो प्रवेश मार्ग से स्टेशन पर पहुंचने की सुविधा मिलेगी।

#### डबल डेकर का हो रहा निर्माण

लवकुश चौराहा पर डबल डेकर फ्लाईओवर का निर्माण आईडिया द्वारा निर्धारित की गई एजेंसी की ओर से किया जा रहा है। यह फ्लाईओवर मेट्रो के ऊपर से निकल रहा है। ऐसे में निर्माण एजेंसी और मेट्रो के बीच एमओयू किया जाएगा। जब मेट्रो का संचालन लवकुश चौराहा पर शुरू किया जाएगा तब फ्लाईओवर पर गर्डर लगाने के लिए निर्माण एजेंसी को मेट्रो के साथ बातचीत कर निर्माण कार्य आगे बढ़ाना होगा। इस दौरान लव कुश चौराहा से मेट्रो का संचालन बंद रखा जाएगा।

### सिंहस्थ 2028: श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी

# उज्जैन में बनेगा 800 मीटर का स्काईवॉक

## सरकार ने बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम तेज किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश सरकार ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में सरकार ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर चर्चा की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उज्जैन में एक आधुनिक स्काईवॉक बनाने की योजना तैयार की गई है, जिस पर करीब 70 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा प्रस्तावित यह स्काईवॉक इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट हब से लेकर रेलवे स्टेशन तक बनाया जाएगा। इसकी लंबाई लगभग 800 मीटर और चौड़ाई 12 मीटर होगी। यह ऊंचा वॉकवे विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए सुरक्षित और आसान आवागमन सुनिश्चित करेगा। सिंहस्थ के सुचारू संचालन के लिए करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से मेला कार्यालय भी बनाया जाएगा। इसके अलावा क्राउड कंट्रोल, ट्रैफिक मैनेजमेंट और रोड सेफ्टी को बेहतर बनाने के लिए आईआईएम नागपुर के साथ लगभग 14 करोड़ रुपये का एमओयू किया जाएगा।




#### ट्रैफिक का दबाव होगा कम

स्काईवॉक बनने से श्रद्धालुओं को भीड़भाड़ वाली सड़कों पर चलने की जरूरत कम होगी। इससे ट्रैफिक का दबाव घटेगा और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। एलिवेटेड वॉकवे के कारण वाहन और पैदल यात्री अलग-अलग रहेंगे, जिससे व्यवस्था बेहतर बनेगी। इसके अलावा, इसमें एस्केलेटर, लिफ्ट और अन्य आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि सभी वर्ग के लोग आसानी से इसका उपयोग कर सकें।

#### एआई से होगी रियल टाइम निगरानी

सिंहस्थ मेले में भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जाएगा। इसके लिए लगभग 140 करोड़ रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा। यह केंद्र पूरे मेले की गतिविधियों पर रियल टाइम नजर रखेग

### किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : मंत्री राजनाथसिंह



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश की सीमा पर जवान और खेतों में किसान दोनों का समान महत्व है। दोनों ही अपनी मिट्टी के प्राण-प्रण से सेवा में तत्पर रहते हैं। किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, हमारी ताकत हैं। इनके बिना हमारे भोजन की थाली अधूरी है। किसानों की मुस्कान ही हमारी पूंजी है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी बड़े जोखिम का काम है, फिर भी हमारे किसान पूरी मेहनत और लगन से देशवासियों का उदर-पोषण करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वे स्वयं एक किसान पुत्र हैं। किसानों की वेदना और उनकी जरूरतों से वाकिफ हैं। किसानों का कल्याण हमारा लक्ष्य है। इनकी बेहतरी के लिए हम संकल्पबद्ध होकर प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय रक्षा मंत्री सिंह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा त्रि-दिवसीय कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया।

## बेटी की लाश के साथ 4 महीने रहा पिता परफ्यूम डालकर बदबू मिटाता रहा

एजेंसी ▸▸ मेरठ

मेरठ में एक पिता बेटी की लाश के साथ 4 महीने तक घर में रहा। लाश बुरी तरह से सड़ चुकी थी। बेटी टीचर थी, उसके साथ रहने की जिद में पिता उससे अलग नहीं होना चाहता था। वह लाश की बदबू छिपाने के उस पर परफ्यूम स्प्रे करता रहा। लड़की की पूरी बॉडी कंकाल बन चुकी थी, सिर्फ पैर ही बचा था।

घटना का पता उस समय चला जब घर पर रिश्तेदार पहुंचे। बदबू आने पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के एक कमरे से लाश बरामद की। बॉडी की हालत इतनी बदतर हो चुकी थी कि रिश्तेदार से लेकर पुलिस वाले और पड़ोसी उसे देख नहीं पा रहे थे। मामला सदर बाजार के तेली मोहल्ले का है।

#### 5 महीने पहले मर चुकी थी प्रियंका

रिश्तेदारों ने पुलिस को बताया कि प्रियंका की मौत का पिता उदय भानु ने किसी को पता नहीं चलने दिया। बेटी के शव को घर के अंदर ही रखा। रिश्तेदार जब अंदर पहुंचे तो देखा कि युवती का शव कंकाल में बदला हुआ है। केवल पैर ही दिखाई दे रहा है।

2013 में पत्नी ने किया था सुसाइड पूछताछ में उदय भानु की पत्नी शर्मिष्ठा की मौत की बात भी सामने आई। उदय भानु काम के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते थे। घर नहीं आ पाते थे, जिसको लेकर पत्नी शर्मिष्ठा नाराज रहती थी। उसी दौरान शर्मिष्ठा ने मेरठ के घर में फांसी लगा ली। इसके बाद प्रियंका सदमे में आ गई। वह एकदम शांत रहने लगी थी।

## मप्र में 1 से 5.4 डिग्री बढ़ा पारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

एमपी में आंधी-बारिश का दौर थमते ही गर्मी असर दिखाने लग गई है। शुक्रवार को ज्यादातर शहरों में दिन के पारे में 1 से 5.4 डिग्री तक की बढ़ोतरी हुई। इंदौर, ग्वालियर-उज्जैन में भी पारा चढ़ा, जबकि भोपाल, रतलाम में भी तापमान बढ़ गया। रतलाम में सबसे ज्यादा 5.4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, 15 अप्रैल को नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है, लेकिन यह कमजोर रहेगा। यानी, अब प्रदेश में तेज गर्मी वाला दौर ही रहेगा। गर्मी बढ़ने से लोग उससे बचने के तरीके भी तलाश रहे हैं। कोई मुंह पर कपड़ा बांधकर घर से बाहर निकल रहा है तो कोई गन्ने का ज्यूस, कोल्ड्रिंक्स, आइस्क्रीम का लुत्फ उठा रहा है।

## वायरल गर्ल मोनालिसा के नाबालिग होने की पुष्टि के बाद जारी फर्जी प्रमाणपत्र निरस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रयागराज महाकुंभ में रुद्राक्ष की मालाएं बेचकर सोशल मीडिया पर चर्चित हुई महेश्वर की मोनालिसा भोसले (वायरल गर्ल) नाबालिग निकली। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच में इसकी पुष्टि हुई है। वहीं आगे की कार्रवाई में महेश्वर नगर परिषद द्वारा एफिडेविट के आधार पर जारी किया गया जन्म प्रमाण पत्र अब निरस्त कर दिया गया है।

तहसीलदार महेश्वर के आदेश पर नगर परिषद ने यह प्रमाण पत्र रद्द कर पोर्टल से भी हटा दिया है। महेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रिकॉर्ड के अनुसार मोनालिसा का जन्म 30 दिसंबर 2009 को हुआ था। इस आधार पर 11 मार्च 2026 को केरल में फरमान खान से हुई शादी के समय उसकी उम्र मात्र 16 वर्ष 2 माह थी। जांच में सामने आया कि शादी के लिए बालिग दिखाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया।



**महेश्वर की सीएमओ का ट्रांसफर–** नगर परिषद महेश्वर के सीएमओ प्रियंक पंड्या को इस मामले में धार जिले के धामनोद में ट्रांसफर कर दिया गया है। वहीं धामनोद की सीएमओ माया मंडलोई को महेश्वर का सीएमओ नियुक्त किया गया है।

## आज लाड़ली बहनों को मिलेंगे 1500 रुपये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना योजना के लाभार्थियों के लिए अच्छी खबर है। इस योजना की 35वीं किस्त 12 अप्रैल यानी रविवार को जारी होने वाली है। सीएम मोहन यादव सीधे डीबीटी के जरिए पैसे लाभार्थियों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करेंगे।

मध्य प्रदेश की करीब सवा करोड़ महिलाएं लाड़ली बहना योजना का लाभ ले रही हैं। इन सभी महिलाओं के बैंक अकाउंट में आज सीएम मोहन यादव 1500-1500 रुपये भेजेंगे। पहले ये रकम 1250 रुपये थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 1500 कर दिया गया है। मध्य प्रदेश सरकार इस योजना के तहत महिलाओं को सिर्फ आर्थिक तौर पर मदद नहीं करती है बल्कि वह चाहती है कि राज्य की महिलाएं पूरी तरह के आत्मनिर्भर भी बनें। मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना योजना अत्यंत महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजना है। इस योजना का लाभ 21 से 60 वर्ष की आयु की विवाहित महिलाएं उठा सकती हैं। ये पैसे उनके परिवार की मदद के लिए हैं। हालांकि अगर महिला के परिवार की आय 2.5 लाख से अधिक है, तो वो इसका फायदा नहीं उठा सकती हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए महिला के परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख से कम होनी चाहिए। ऐसे ही महिलाओं के बैंक अकाउंट में सरकार हर महीने पैसे भेजती है।



न्यूज कालम



## उप जेल जोबट में विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

**आलीराजपुर।** माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलीराजपुर के मार्गदर्शन में उप जेल जोबट में विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री जय पाटीदार एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलीपसिंह मुजाल्दा द्वारा जेल निरीक्षण के दौरान किया गया। शिविर के दौरान सचिव श्री जय पाटीदार ने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजनाओं, लंबित प्रकरणों के निराकरण, अपील के अधिकार, प्री-मैच्योर रिलीज, पुनर्वास प्रक्रियाओं एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि निरुद्ध बंदियों को संविधान प्रदत्त अनेक अधिकार प्राप्त हैं, जिनमें निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करना, परिजनों से संपर्क एवं मुलाकात, पढ़ने-लिखने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, किसी भी प्रकार की प्रताड़ना के विरुद्ध शिकायत करने का अधिकार, व्यक्तिगत सुनवाई का अधिकार , धर्म का पालन, स्वास्थ्य उपचार तथा पुनर्वास संबंधी कार्यों में भागीदारी जैसे अधिकार शामिल हैं।

## कलेक्टर के निर्देशन में अवैध ईंधन परिवहन पर सख्त कार्यवाही की



**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में जिले में अवैध ईंधन के भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने विभिन्न स्थानों से बड़ी मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल जप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार काठियावाड़ क्षेत्र से 20 लीटर पेट्रोल, आलीराजपुर से 210 लीटर डीजल, चंद्रशेखर आजाद नगर क्षेत्र से 163 लीटर डीजल एवं 14 लीटर पेट्रोल, सोंडवा से 70 लीटर डीजल एवं 25 लीटर पेट्रोल तथा जोबट क्षेत्र से 45 लीटर डीजल-पेट्रोल जप्त किया गया। यह कार्रवाई अवैध रूप से ईंधन के भंडारण एवं परिवहन की सूचना मिलने पर की गई। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कार्रवाई के दौरान संबंधित क्षेत्रों के राजस्व एवं खाद्य विभाग का अमला भी मौजूद रहा।

## श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**सनावद।** श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय में प्लेसमेंट कमेटी द्वारा शनिवार को सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें आईसीआईसीआई बैंक द्वारा लगभग 50 छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राकेश पटेल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि महाविद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हों।इसके लिए महाविद्यालय में विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम की शिक्षा दी जाती है। प्रारंभ में स्वागत भाषण प्लेसमेंट कमेटी के प्रमुख डॉ.विष्णु बेसवार ने दिया और बताया कि विद्यार्थियों के रोजगार और बेहतर भविष्य के लिए समय-समय पर प्रतिष्ठित औद्योगिक एवं वित्तीय संस्थाओं को महाविद्यालय में आमंत्रित किया जाता है। इस अवसर पर आयोजित प्री-प्लेसमेंट टॉक में प्रबंध समिति के सचिव ओमजी पाटील, प्राचार्य डॉ.अनुराग गीते, प्लेसमेंट कमेटी के सदस्य अभिलाष शर्मा,महेंद्र शर्मा एवं पंकज पटेल उपस्थित थे। आईसीआईसीआई बैंक के प्रतिनिधि अजहर खान ने विद्यार्थियों को बैंक की कार्यप्रणाली, कार्य संस्कृति एवं विभिन्न जॉब प्रोफाइल्स के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।खान ने विद्यार्थियों को केरियर के नए अवसरों की नवीन जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन डॉ.रीतेश डोंगरे एवं आभार प्रदर्शन श्यामराव नागदवे ने किया।

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर टांडा में हुए सामूहिक जाप



**टांडा।** विश्व में शांति सदभाव के पावन उद्देश्य को लेकर जीतो संस्था के आव्हान पर 9 अप्रैल को टांडा जैन मंदिर आराधना भवन में सकल जैन श्री संघ,परिषद परिवार आदर्श सेवा समिति द्वारा प्रातः 8 बजे से 9 बजकर 36 मिनिट तक सामूहिक नवकार महामंत्र के जाप किए गए जैन श्रीसंघ अध्यक्ष पारस कुमार तलेसरा, समाज सेवी सुरेश कुमार लोढ़ा, आनंदीलाल डुंगरवाल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया बड़ी संख्या में महिलाओं ने सामाइक लेकर जाप किए । इस दिन पुण्य सम्राट जयंतसेन सूरीजी महाराज सा की नवम वार्षिक पुण्य तिथि होने पर पुण्य स्मरण किया। नवकार महामंत्र जाप में स्थानीय गुरुकुल एकेडमी के छात्र छात्राओं ने भी भाग लेकर नवकार महामंत्र का जाप किया श्रीमती सूरज बाई सोभागमल लोढ़ा परिवार द्वारा उपस्थित सभी को प्रभावना वितरित की गई । टांडा के पचास से अधिक श्रद्धालुओ ने हस्तीनापुर में किए सामूहिक जाप टांडा के वर्षीतप आराधक का तथा अन्य पचास सदस्यो का यात्री दल मेरठ के हस्तिनापुर गया हुआ है।

# नगर पालिका अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार रोकने वाला आदेश निरस्त हाई कोर्ट से मिली राहत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



नगर पालिका अध्यक्ष अनम कडपा पर भाजपा पार्षद रुक्मण धाकड़ की याचिका पर 20 मार्च को हाईकोर्ट ने अंतरिम रूप से वित्तीय अधिकारों पर रोक लगा दी थी ।नगर पालिका अध्यक्ष को इंदौर हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली ।वित्तीय अधिकारों पर लगी रोक को न्यायालय ने हटा दी है ।

नगर पालिका अध्यक्ष उक्त आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचकर अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखा इस पर विचारण पश्चात न्यायालय ने नगर पालिका अध्यक्ष की बात को स्वीकार किया। पार्षद रुक्मण धाकड़ की याचिका पर वित्तीय अधिकार रोकने संबंधी जो अंतरिम आदेश जारी किया था उसे निरस्त कर दिया। वित्तीय अधिकार पर लगी रोक हटा दी है उक्त आदेश के बाद रुके हुए प्रशासनिक कार्यों को फिर से गति मिलने का रास्ता साफ हुआ है। गजट नोटिफिकेशन न होने के बावजूद याचिका करता को चुनाव पिटीशन दायर करने से रोक नहीं गया था। इसके बावजूद कोई प्रयास नहीं किया गया याचिका करता के वकील ने तर्क दिया कि समान परिस्थितियों वाले केस में अंतरिम राहत दी गई थी ।इसलिए इस मामले में भी राहत जारी रखी जानी चाहिए लेकिन कोर्ट ने पूरे मामले का विश्लेषण करते हुए कहा याचिका दायर करने में अत्यधिक देरी और लापरवाही हुई है ।याचिका करता ने समय रहते उचित मंच का सहारा नहीं लिया अब केवल इस केस का लाभ लेने की कोशिश की जा रही है ।कोर्ट ने यह भी माना है कि अध्यक्ष उपाध्यक्ष का कार्यकाल पहले ही 3 वर्ष से अधिक बीत चुका है । अब कार्यकाल समाप्ति के करीब है। ऐसे में इस स्तर पर हस्तक्षेप उचित नहीं है ।इस फैसले के साथ ही अब नगर पालिका अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार बहाल हो गए जिसके चलते रुके हुए प्रशासनिक कार्यों को फिर से गति मिलने का रास्ता साफ हो गया।

## एस एस वेयरहाउस रोजाना पर जावरा मार्केटिंग द्वारा किया गेहूँ खरीदी का शुभारंभ

**जावरा** ।समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का शुभारंभ जावरा मार्केटिंग द्वारा एस एस वेयरहाउस रोजाना पर किया गया। मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष पिंकेश मेहरा मार्केटिंग डायरेक्टर देवेंद्र शर्मा दिलीप शाकल्य हरिराम शाह रतन लाकड अभय कोठारी वीरेंद्र सिंह चौहान राजाराम जाट सुलेमान भाई सलीम बाबा रईस भाई तुलावटी संग अध्यक्ष प्रमोद शाकल्य मदन पाल पुन्धिर एवं किसानो के साथ गाव के सरपंच भी साथ थे । स्वागत भाषण शिव कुमार द्विवेदी ने दिया । संस्था के चेयरमेन मेहरा ने बताया की सस्था किसानो की सेवा के लिए सदेव तत्पर है। किसी भी किसान को मॉल की तुलाई में कोई भी दिक्कत ना आये कोई भी किसान परेशान ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखे ।सर्वप्रथम ग्राम मुंडला राम के किसान जीतेन्द्र सिंह का संस्था के चेयरमेन मेहरा द्वारा पुष्प माला से स्वागत कर मॉल तोलने का कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक बोरदिया एवं आभार वेयरहॉउस संचालक सुलेमान भाई द्वारा किया गया।

# चोपाटी पर बन रही अमृत 2.0 योजना के तहत पानी की टंकी निर्माण का किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



शहर में आमजन को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमृत 2.0 योजना के तहत चौपाटी पर नई पानी की टंकी के निर्माण कार्य चल रहा है। यह परियोजना शहर की जल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

पार्षद शिवेंद्र माथुर ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई थी,। जिसे ध्यान में रखते हुए इस टंकी का निर्माण व नवीन पाइप लाइन भी डाली गई हे। इसके पूर्ण होने के बाद कई वार्डों में नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है,। ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। खासकर गर्मी के मौसम में होने वाली पानी की किल्लत से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए पार्षद माथुर एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। यह निर्माण कार्य शहर के विकास और आमजन की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना अमृत 2,0 के तहत चौपाटी पर पानी की टंकी बनने पर क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता , विधायक राजेंद्र पाण्डेय व नपा अध्यक्ष अनम युसुफ कडपा का सहरानीय सहयोग रहा। टंकी के निरीक्षण में पार्षद रजत सोनी, इंजिनियर राजीव राव, रशीद खान ,ठेकेदार सुरेंद्र दास उपस्थित थे।

चर्चित मोनालिसा-फरहान विवाह मामले में नया मोड़

## पारधी समुदाय की युवती मोनालिसा निकली नाबालिग

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ महेश्वर



चर्चित मोनालिसा-फरहान विवाह मामले में नया मोड़ सामने आया है। भाजपा विधायक राजकुमार मेव, मोनालिसा के माता-पिता और मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मोनालिसा नाबालिग होने के बावजूद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शादी कराई गई। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच में युवती के नाबालिग होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने फरहान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

मध्य प्रदेश के महेश्वर से जुड़े मोनालिसा विवाह मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच के बाद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य के निर्देश पर गठित जांच दल ने मामले की गहन जांच करते हुए पाया कि पारधी जनजाति समुदाय की युवती मोनालिसा नाबालिग है, जबकि उसे बालिग बताकर विवाह कराया गया था।आयोग की जांच में सामने आया कि विवाह के लिए प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र गलत था। जांच दल ने नगर पालिका महेश्वर द्वारा जारी प्रमाण पत्र की जांच की और इसके बाद महेश्वर के सरकारी अस्पताल के रिकॉर्ड खंगाले। अस्पताल के अभिलेखों के अनुसार मोनालिसा का जन्म 30 दिसंबर 2009 को शाम 5.50 बजे हुआ था। इस आधार पर 11 मार्च 2026 को केरल में हुए विवाह के समय उसकी आयु मात्र 16 वर्ष 2 माह 12 दिन पाई गई।जांच टीम ने यह भी पाया कि पूर्व में जारी जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 1 जनवरी 2008 दर्ज की गई थी, जिसे गलत माना गया।

आयोग के निर्देश पर संबंधित दस्तावेज निरस्त कराने और आवश्यक कार्रवाई के लिए स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए गए।मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विधायक राजकुमार मेव, युवती के माता-पिता और मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने फरहान पर साजिश कर नाबालिग से विवाह कराने का आरोप लगाया। थाना महेश्वर पुलिस ने फरहान के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।



## सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु जिले भर में निःशुल्क टीकाकरण अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नई दिल्ली द्वारा 28 फरवरी से देश में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से हुआ है। इसी क्रम में म.प्र. स्वास्थ्य मिशन के परिपत्र अनुसार जिले के कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अभियान चलाया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वाई बी शास्त्री व जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के सहयोग व स्वास्थ्य विभाग की सम्पूर्ण टीम के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में टीकाकरण किया जा रहा है। यह अभियान उन किशोरी बालिकाओं के लिए है जिन्होंने अपनी उम्र के 14 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं और 15 वर्ष के बीच की हैं। अभियान के अंतर्गत आज सावित्री बाई फुले शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय एवं अबू अयूब अंसारी शाला अंसार नगर में जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक एवं संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, संस्था अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, स्वास्थ्य विभाग बुरहानपुर के डीपीएम सुशांत रिबेनकर, प्रभारी सुपरवाइजर अशफाक अंसारी के साथ स्वास्थ्य विभाग की सिस्टर, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जनजाग्रति के साथ टीकाकरण भी किया गया। जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक एवं संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा कि इस अभियान की सफलता तभी है जब देश की हर कौम की 14 वर्ष से 15 वर्ष के बीच की किशोरी बालिकाएं टीकाकरण अभियान में आकर टीका लगाकर अपने आपको सुरक्षित रखें।



## पहाड़ी पर लगी आग, दो फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर पाया काबू

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग

बायपास स्थित एक पहाड़ी पर शुक्रवार शाम को अज्ञात कारणो से आग लग गई इस आग की लपटों ओर धूएं के गुबार को देखकर नगर में हड़कंप मच गया, जब अज्ञात कारणों से झाड़ियों में भीषण आग लग गई। आग की ऊंची लपटें और धुंए के गुबार को देख आस पास के रहवासियों में भी अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि समय रहते सक्रियता दिखाई गई, जिससे बड़ी जनहानि और नुकसान को रोक लिया गया। सरपंच धर्मेंद्र बामनिया ने बताया, कि जैसे ही आग की लपटें जंगल में फैलनी शुरू हुई, स्थानीय रहवासियों ने तत्काल मोर्चा संभाला। उन्होंने आग की गंभीरता को देखते हुए बिना देर किए इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही कुक्षी से फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। आग की लपटें तेजी से फैल रही थीं, लेकिन दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को आगे बढने से रोका। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस व राजस्व की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान, सरपंच बामनिया, जाफर खान, गणेश पंवार, कमलेश, महेश दामके, वैभव प्रजापत, अनूप सेंगर, दीपक ठाकुर, अजय धारवाल ने आग पर काबू पाने में भरपूर सहयोग किया। । आग लगने का कारण अज्ञात बताया गया । जिसको भी इसकी सुचना मीली वह देखने को पहुंचा ओर जिससे जो मदद लगी इस आग बुझाने में की ।




## टीईटी के विरोध में शिक्षकों का उबाल विकासखंड स्तर पर सौंपे ज्ञापन

### 18 अप्रैल को भोपाल कूच का ऐलान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग

मध्यप्रदेश में टीईटी परीक्षा के विरोध को लेकर अब आंदोलन ने तेज रफ्तार पकड़ ली है। अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रदेशव्यापी आह्वान पर जिले सहित बाग विकासखंड स्तर पर शिक्षकों ने शनिवार को रेली मे जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बेनर तले व नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक एकत्रित हुए। शिक्षकों ने डाक बंगले से खतरनाक मोड होते हुए रैली निकाली, जो जनपद कार्यालय पहुंची।

यहां ज्ञापन का वाचन शिक्षीका अलका राठौड़ ने किया और जनपदकर्मी बलराम अलावा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। वक्ताओ ने तीखा विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि टीईटी परीक्षा शिक्षकों के साथ अन्याय है। 20-25वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों से पुनः परीक्षा लेना उनके सम्मान को ठेस पहुंचाना है।

उन्होंने सरकार से सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर कर शिक्षकों के हित में निर्णय लेने की मांग की। आंदोलन के दौरान ब्लॉक विकास खंड के बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## मकला पंचायत में जनसहयोग से तालाब की सफाई एवं गाद निकासी का कार्य किया




'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद महिदपुर की मकला पंचायत में एक अनुकरणीय जनसहयोग की मिसाल पेश की गई है। ग्रामवासियों और स्थानीय किसानों के सामूहिक प्रयास से तालाब की साफ-सफाई एवं गाद निकासी का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया।

इस अभियान में आस-पास के 8 किसानों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए तालाब से 47 ट्राली (कुल 110 घन मीटर) गाद एवं मिट्टी का परिवहन किया। इस गाद को उन्होंने अपने खेतों में डाला, जिससे दोहरे लाभ की स्थिति उत्पन्न हुई है। तालाब की जल भरण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे आने वाले मानसून में अधिक पानी संग्रहित हो सकेगा। तालाब की पोषक तत्वों से भरपूर गाद को खेतों में उपयोग करने से भूमि की उर्वरक क्षमता बढ़ी है, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होने की संभावना है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह कार्य पूर्ण रूप से जनसहयोग के माध्यम से किया गया।

# मुख्यमंत्री ने किया बालक भागीरथ के निधन पर शोक व्यक्त

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बालक भागीरथ की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है, उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। साथ ही मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

ज्ञात हो कि बड़नगर तहसील के ग्राम झलारिया में विगत देर शाम को राजस्थान के पाली में रहने वाले प्रवीण देवासी का दो वर्षीय पुत्र भागीरथ खेलते हुए खेत पर बने खुले बोरवेल में गिर कर करीब 60 फीट की गहराई में जाकर फंस गया था।जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रशासन की टीमों ने मौके पर रेस्क्यू अभियान शुरू किया था।गुरुवार रात करीब 9 बजे से युद्ध स्तर पर जारी रेस्क्यू ऑपरेशन शुक्रवार शाम 6 बजे तक जारी रहा। इस दौरान एसडीईआरएफ के जवान बोरवेल में फंसे बच्चे को निकालने के लिए मशक्कत करते रहे। वहीं भोपाल से एनडीईआरएफ की टीम भी रेस्क्यू के लिए झलारिया गांव पहुंच गई।

कई बार के लगातार प्रयास के बाद शुक्रवार शाम 6 बजे बच्चे को बोरवेल से मृत अवस्था में बाहर निकाला जा सका।गुरुवार रात में घटना की सूचना मिलने के बाद से ही कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह और एसपी श्री प्रदीप शर्मा, अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट सहित प्रशासनिक विभाग के अधिकारी मेडिकल टीम के सदस्य, पुलिस पुलिस बल, क्यूआरएफ की टीम के साथ ही मौके पर दो एंबुलेंस भी तैयार रखी गई थी।कलेक्टर श्री सिंह और एसपी श्री शर्मा गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार शाम तक रेस्क्यू आपरेशन के दौरान मौके पर मौजूद रहे।

## बड़वानी जिले में 13 अप्रैल से प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ

**बड़वानी।** दिनांक 11 अप्रैल 2026 भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना) की तैयारियों के अंतर्गत बड़वानी जिले में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण दिनांक 13 अप्रैल 2026 से जिले के सभी तहसील चार्जों में प्रारंभ किया जाएगा। यह प्रशिक्षण जिले के प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स द्वारा बैचवार प्रदान किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक बैच में अधिकतम 50 प्रशिक्षणार्थियों को सम्मिलित किया जाएगा। प्रत्येक बैच का प्रशिक्षण तीन दिवस का होगा।

## पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**बड़वानी** । कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन मे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत विकास खण्ड पाटी में विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## न्यूज -कॉलम

### पिंगलेश्वर पडाव से पहले गिरकर घायल हुई महिला श्रद्धालु



**उज्जैन।** शाजापुर जिले के ग्राम खमलाई की रहने वाली गोकुलबाई पति गोपाल बागवान 52 साल अपनी चार सहेलियों के साथ 118 किलोमीटर की आस्थाभरी पंचक्रोशी यात्रा पर उज्जैन आई थी। सुबह पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर से बल प्राप्त करने के बाद चारों यात्रा पर निकली थी। शाम को पिंगलेश्वर पडाव पर पहुंचने से पहले रास्ते में पैर के नीचे पत्थर आने से गिर गई। जिसके चलते हाथ की कलाई में फैक्चर हो गया। पंचक्रोशी महिला श्रद्धालु के घायल होने पर तत्काल 108 एम्बुलेंस चालक गोपाल पटेल और ईएमटी राजेन्द्रसिंह पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद चरक अस्पताल लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद एक्सरे कराने और भर्ती होने की बात कहीं, लेकिन महिला श्रद्धालु गोकुलबाई ने पंचक्रोशी यात्रा पूरी करने की बात कहीं और डॉक्टरों से उपचार की सलाह लेकर वापस यात्रा के लिये रवाना हो गई।

### मकान देखने गई पत्नी पर पति ने किया ब्लेड़ से हमला

**उज्जैन।** पंवासा मल्टी में रहने वाली सना बी पति सलीम 35 साल शनिवार को 2 बच्चों के साथ किराये का मकान देखने के लिये नागझिरी क्षेत्र स्थित हामूखेडी गई थी। जहां से वापस लौटते समय सव्यसांची स्कूल के पास पीछे से आये पति ने रोक लिया और ब्लेड से चेहरे पर हमला कर दिया। सना बी लहूलुहान हो गई, पति मौके से भाग निकला। लोगों की मदद से सना ने अपने परिचितों को बुलाया और नागझिरी थाने पहुंची। पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा। सना बी ने बताया कि वह मूलरूप से महाराष्ट्र की रहने वाली है। पंवासा मल्टी में पति और 2 बच्चों के साथ रहती है। उसके चार बच्चे है, 2 बहन के पास रहते है। मामले में पुलिस का कहना है कि पति ने हमला क्यों किया, इसका पता उसके गिरफ्त में आने पर चलेगा।

### अस्पताल पहुंचने से पहले हुई चालक की मौत

**उज्जैन।** जावरा से सिंकदराबाद का ट्रेन में सफर कर रहे हार्वेस्टर चालक मोडसिंह पिता मोहनसिंह 50 साल निवासी फिरोजपुर पंजाब की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उज्जैन स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर साथी दीदारसिंह उसे चरक अस्पताल लेकर निकला, लेकिन अस्पताल गेट पर चालक की गिरने के बाद मौत हो गई। उसे तत्काल इमरजेंसी कक्ष में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद दिल का दौरा पड़ने की बात कहीं। मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान दीदारसिंह ने बताया कि हार्वेस्टर मशीन चलाने के लिये जावरा आये थे। काम खत्म होने के बाद वापस लौट रहे थे। ट्रेन में मोड़सिंह ने घबराहट होने और सीने में दर्द होने की बात कहीं थी। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव साथी को सौंपा किया गया है। वह अंतिम संस्कार के लिये फिरोजपुर पंजाब लेकर गया है।

### शराबी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** इंदौररोड स्थित आलमपुर उडाना में रहने वाला संतोष पिता देवा दाहिमा 40 ट्रक ड्रायवर था और शराब पीने का आदी थी। शुक्रवार रात अधिक शराब पीकर लौटा था, जिसके चलते उसकी रात में तबीयत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल लेकर आये, जहां कुछ देर चले उपचार के बाद संतोष की मौत हो गई। नानाखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। एक अन्य मामले में ग्राम दौंता जागीर से संगीता पति लक्ष्मण को परिजनों ने उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। रात में मौत होने पर माधवनगर थाना पुलिस ने शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। संभावना जताई गई कि संगीता ने जहरीला पदार्थ खाया था। माधवनगर पुलिस के अनुसार मामले की जांच के लिये मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 679-2 | 468-8 | |
| मेन बाजार | | | |
| कल्याण नाइट | | | |
| मिलन डे | 160-7 | 368-7 | |
| मिलन नाइट | 478-9 | 490-3 | |
| मधुर डे | 457-6 | 557-7 | |
| मधुर नाइट | 133-7 | 140-5 | |
| शुभांक | 4 | 7 | 9 |

### जोधपुर से गिरफ्त में आया म्यूल खाते ऑपरेट करने वाला...

# गूगल मेप्स पर रिव्यू देने के नाम पर ठगे थे 8.50 लाख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गूगल मेप्स पर रिव्यू देने पर प्रतिदिन कमाई का लालच देकर आटोमोबाइल फाइनेंसर के साथ हुई 8.50 लाख की ठगी में शामिल म्यूल खाते ऑपरेट करने वाले को राज्य सायबर सेल टीम ने जोधपुर से गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य की तलाश जारी है।

नामदारपुरा में रहने वाले आटोमोबाइल फायनेंसर ने सितंबर 2025 में राज्य सायबर सेल को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके साथ गूगल मेप पर रिव्यू देने के नाम पर 8.50 लाख की धोखाधड़ी की गई है। राज्य सायबर जोन पुलिस अधीक्षक सव्यसाची सराफ ने शिकायत को गंभीरता से लिया और मामले की जांच के लिये निर्देश उपपुलिस अधीक्षक लीला मारोठ को दिये। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) के साथ आईटी एक्ट की धारा 66 डी का प्रकरण दर्ज किया गया और ऑनलाइन ठगी करने वालों की तलाश के लिये निरीक्षक अमित परिहार, एएसआई प्रवीणसिंह पंवार, हरेन्द्रपालसिंह राठौर की टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी जानकारी एकत्रित करना




शुरू की। 6 माह बाद पुख्ता साक्ष्य मिलने पर टीम जोधपुर और फलौदी पहुंची, जहां 4 दिनों की तलाश के बाद गौतम पिता जेठाराम गोदारा निवासी रूपाणा जोताणा थाना लोहावट जिला फौलादी राजस्थान को हिरासत में लिया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसे म्यूल खाते ऑपरेट करने का काम बडे पापा का लड़का त्रिलोक गोदारा देता था। त्रिलोक ने कई बैंकों की लॉग इन आईडी और पासवर्ड के साथ वन टाइम पासवर्ट दिये थे। वह खातों में आने वाली राशि को दूसरे खातों में ट्रांजेक्शन करता था। राज्य सायबर की टीम ने त्रिलोक की तलाश शुरू की, लेकिन वह मोबाइल स्वीच ऑफ कर फरार हो गया। निरीक्षक अमित परिहार ने बताया कि हिरासत में आये आरोपी से लेपटॉप और मोबाइल बरामद किया गया है। उज्जैन लाकर एक दिन की रिमांड पर पूछताछ की गई, उसके बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### फायनेंसर को ऐसे दिया था झांसा

शिकायत करने वाले फायनेंसर ने शिकायत में बताया कि उन्हे एक वाट्सएप में जोड़ा गया था और बताया गया था कि हर दिन कुछ मिनट में गूगल मेप्स पर रिव्यू देने का टॉस्क दिया जायेगा। 5 स्टार रेटिंग देने और स्क्रीनशॉट भेजने पर 150 सौ रूपये दिये जायेगें। कुछ टॉस्क पूरा करने पर 150 से 2000 रूपये दिये उन्हे दिये गये। उसके बाद टेलिग्राम ग्रुप से जोड़ गया और बताया गया कि आप प्रो मेम्बर बन गये है। अब बेबसाइड पर अकाउंट बनाना होगा। जिसमें 20 गुना तक राशि मिलेगी। अकाउंट बनाने पर 5 हजार जमा किये तो 25 हजार का मुनाफा दिखाया गया। उन्होने 7 से 8 बार में करीब 8.50 लाख जमा किये, मुनाफा 18 लाख के करीब दिखाया। जिसका विड्रॉल करने पर उनसे कहा गया कि कुछ टॉस्क ओर करना होगें जिसके लिये 6 लाख देना होगें उसके बाद ही राशि विड्रॉल होगी। तब उन्हे अपने साथ धोखाधड़ी का आभास हुआ।

### नीट की तैयारी कर रहा है आरोपी

एएसआई हरेन्द्रपालसिंह राठौर ने बताया कि म्यूल खातों को ऑपरेट करने वाले आरोपित युवक ने पूछताछ में बताया कि वह नीट की तैयारी कर रहा है। पूर्व में कोटा से एग्जाम दी थी, क्लीयर नहीं होने पर अब जोधपुर से तैयारी कर रहा है। बड़े पापा का लड़का त्रिलोक घर से कुछ दूरी पर रहता है। जिसका दिल्ली, जोधपुर आना-जाना लगा रहता है। वह बैंकिंग का काम करता है। खातों की जानकारी उसके द्वारा दी जाती थी। 8.50 लाख का ट्रांजेक्शन सात खातों में किया गया था। वह सिर्फ राशि एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर करने का काम करता है, जिसके बदले में उसे कमीशन मिलता था।

## पंचमपुरा में मंदिर हटाने पर पथराव, उपनिरीक्षक घायल

### चौडीकरण के दौरान बनी थी सहमती, एक पक्ष ने हिन्दूवादी संगठन को बुलाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





सिंहस्थ 2028 को लेकर शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्यो में दो तलाब से पंचमपुरा तक कार्य किया जा रहा है। शनिवार शाम यहां मंदिर हटाने पर क्षेत्र के 2 पक्षों में विवाद की स्थिति बन गई। एक पक्ष ने हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को बुला लिया। जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई और पथराव में माधवनगर थाना उपनिरीक्षक घायल हो गये।

बताया जा रहा है कि चौड़ीकरण के दौरान पंचमपुरा में माता मंदिर आ रहा था। नगर निगम ने मंदिर को हटाने और दूसरी जगह स्थापित करने की क्षेत्रवासियों से चर्चा की। शुक्रवार को हुई चर्चा में मंदिर को दूसरी स्थान पर शिफ्ट किये जाने पर सहमती बन गई। नगर निगम द्वारा मंदिर का नया स्थान (ओटला) भी तैयार करवा दिया। शनिवार शाम मंदिर तो हटाने का काम नगर निगम अधिकारियों की मौजूदगी में शुरू किया गया। तभी क्षेत्र का पक्ष विरोध में आ गया। उनकी ओर से हिन्दूवादी संगठन बजरंग दल को बुला लिया गया। क्षेत्र के दूसरे पक्ष ने विकास के लिये मंदिर को दूसरी जगह स्थापित करने की बात कहीं तो विवाद की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी लगते ही माधवनगर, नानाखेड़ा और नीलगंगा का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर और सीएसपी दीपिका शिंदे पर पंचमपुरा पहुंच गये। इस दौरान क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। जिसमें माधवनगर थाना उपनिरीक्षक अंकित बनोधा सिर में पत्थर लगने पर घायल हो गये।

पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में करने के लिये लाठिया फटकारी। उपनिरीक्षक को चरक अस्पताल लाया गया, जहां से उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि पंचमपुरा में नगर निगम द्वारा चौड़ीकरण का



कार्य किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों और नगर निगम अधिकारियों के बीच विवाद की स्थिति बनने पर पुलिस पहुंची थी, स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। वहां जो भी घटनाक्रम हुआ है, उसकी जांच की जा रही है। जो भी शामिल होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। वही मामले में नगर निगम के प्रभारी सहायक यंत्री मुकुल मेश्राम ने बताया कि वार्ड क्रमांक 45 में चौडीकरण के दौरान मंदिर को हटाने की सहमती क्षेत्रीय नागरिकों के समन्वय से की जा रही थी। शाम को मंदिर को हटाने के दौरान कुछ रहवासियों ने हिन्दूवादी संगठन को बुला लिया था। जिसके बाद स्थिति बिग? गई। उनके साथ भी अभद्रता की गई।

## गुम मोबाइल मंगवाने के लिये पुलिस ने भेजी कुरियर राशि

### 2 धारको को लौटाये, 11 को बुलाया गया थाने

**उज्जैन।** गुम मोबाइल की लोकेशन ट्रेस होने पर पुलिस ने संबंधित व्यक्तियों से संपर्क किया तो उन्होने मोबाइल परिवार के सदस्यों को मिलना बताया। पुलिस ने लौटाने की बात कहीं तो उन्होने आने में असमर्थता जताई। पुलिस ने कुरियर राशि भेजी और 13 मोबाइल मंगवा लिये।

देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि थाना क्षेत्र में पिछले कुछ महिनों में मोबाइल गुम होने की एक दर्जन से अधिक शिकायत मिली थी। गुम मोबाइल की तलाश के लिये तकनीकी प्रक्रिया के माध्यम से लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा था। इस बीच 13 मोबाइल की लोकेशन छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, देवास, इंदौर और धार की सामने आई। उक्त मोबाइल चलाने वालों से संपर्क किया गया और मोबाइल संबंधित जानकारी मांगी गई तो सामने आया कि वह धार्मिक यात्रा पर आये थे, उन्हे परिवार के बुजुर्ग, महिला और



बच्चों को उक्त मोबाइल मिले थे। पुलिस ने मोबाइल लौटाने की बात कहीं तो उन्होने वापस करने की बात कहीं लेकिन उज्जैन आने में असमर्थता जताई। जिसके चलते उन्हे कुरियर राशि भेजी गई और उक्त 13 मोबाइल वापस मंगवा लिये गये। जिनकी कीमत डेढ़ लाख से अधिक है। थाना प्रभारी के अनुसार एक मोबाइल मंदसौर और दूसरा छत्तीसग? के धारक था, जिन्हे लौटा दिया गया है। शेष 11 मोबाइल धारकों से संपर्क किया गया है। जिनके आने पर उन्हे भी मोबाइल लौटा दिये जायेगें। मोबाइल वापस मंगवाने के लिये 400 से 700 रूपये तक की कुरियर राशि थाना स्टॉफ द्वारा दी गई है।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने संतोष पिता सिद्धजी एवं मुकेश पिता सिद्धजी, निवासीगण उन्हेल रोड रामगढ फंटा मोजमखेडी जिला उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नबंर 115/2/1 रकबा 0-5230 हेक्टेयर स्थित ग्राम भीतरी तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा कर टोकन बयाना राशि भी विक्रेतागण को अदा कर दी है तथा एक अनुबंधपत्र भी दिनांक 07/04/2026 को मेरे पक्षकार के हित में सम्पादित कर दिया गया है तथा अब शेष विक्रय मुल्य अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना शेष है। अत: उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, पेढ़ी, शासन आदि का कोई ऋण भार मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, रास्ता व सुखाधिकार आदि निहित हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उक्त वर्णित कृषि भूमि का विधिवत् विक्रय पत्र का पंजीयन करा लिया जावेगा व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी।

सूचित हो। इति दिनांक 11-04-2026

**रजनीकांत तिवारी एडवोकेट**
**50, एम.आई.जी. इन्दिरा नगर,आगर रोड, उज्जैन मो. 98270-85803**

### जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र ओमप्रकाश तिन्ना जिसकी आयु- 37 वर्ष है, जिसका विवाह अनिता आडवानी पिता वासुदेव आडवानी के साथ उज्जैन में हुआ था। मेरा पुत्र ओमप्रकाश और उसकी पत्नी अनिता का व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के साथ अच्छा नहीं रहा और इन दोनों की वजह से मुझे व मेरे परिवार को आर्थिक, शारीरिक व मानसिक नुकसान हुआ। इस कारण से मैंने इन दोनों पति-पत्नी को अक्टूबर-2025 से अपने परिवार से अलग कर दिया है। अनिता आडवानी अपनी स्वैच्छा से मुझे व मेरे परिवार को बताये बगैर अपने पिता श्री वासुदेव आडवानी तथा उनके रिश्तेदार के साथ मायके कैलाशपुरी, हरि पर्वत जनपद आगरा चली गई है और ये दोनों पति-पत्नी अक्टूबर-2025 से ही मुझसे व मेरे परिवार से अलग रह रहे हैं। और मेरा पुत्र ओमप्रकाश तिन्ना व उसकी पत्नी अनिता आडवानी भी अक्टूबर-2025 से ही मेरे निवास स्थान 333, एल.आई.जी. 2 इंदिरा नगर, उज्जैन में निवास नहीं कर रहे है। सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से ओमप्रकाश तिन्ना व उसके पत्नी अनिता आडवानी से कोई संपर्क या व्यवहार नहीं है। मेरी लिखित सहमति के बगैर यदि कोई व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि इन दोनों पति-पत्नी से किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन या व्यवहार करते हैं तो उसके लिये वे स्वयं जवाबदार होंगे, उसमें मेरे व मेरे परिवार की कोई जवाबदारी नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 11.04.2026

**( प्रेमचंद तिन्ना पिता स्व. तेजूमल तिन्ना )**
**333, एल.आई.जी. 2 इंदिरा नगर, उज्जैन मो. 9826233182**


## बाइक सवारों के पास मिला गांजा, रिमांड पर पूछताछ

**उज्जैन।** मादक पदार्थ को लेकर चलाये जा रहे अभियान में माधवनगर थाना पुलिस ने बाइक सवार 2 युवकों को पकड़ा गया है। जिनके पास से गांजा बरामद होने पर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

माधवनगर थाना एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि खबर मिली थी कि किशनपुरा में किराये रहने वाला हरीश उर्फ हनीसिंह मूलरूप से इंदौर का रहने वाला है और अवैध मादक पदार्थ के मामले से जुड़ा है। उसकी तलाश शुरू की गई तो जानकारी सामने आई कि किशनपुरा से एक युवक के साथ बाइक पर सवार होकर अर्जुननगर की ओर गया है। पुलिस ने उसकी तलाश में अर्जुननगर का रूख किया, कुछ देर में हरीश उर्फ हनी और उसके साथ चंद्रावतीगंज के रहने वाले हेमंत शर्मा को पकड़ा गया। दोनों से मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ शुरू की गई। उन्होने अर्जुननगर के जंगल में झाडियों के बीच गांजा छुपाकर रखना कबूल कर लिया। उनकी निशानदेही पर थैली में छुपाकर रखा गया 1 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया। थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। दोनों ने बताया कि गांजा तराना से लेकर आये थे, गांजा देने वाले को चेहरे से जानते है। एसआई चौहान के अनुसार उक्त व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

## इंदौर से देशी शराब लेकर उज्जैन आया था युवक

**उज्जैन।** शहर में शराब पर प्रतिबंध लगा होने पर इंदौर-देवास के रास्ते अवैध तरीके से शराब लाई जा रही है। शुक्रवार रात इंदौर से शराब लेकर आये युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया। जिसके पास से 29 हजार कीमत की देशी शराब बरामद की गई।

माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक आशुतोष नागर ने बताया कि एक युवक विमल पाऊच के 2 झोले में देशी शराब के क्वार्टर भरकर बेचने के लिये निकला है। प्रधान आरक्षक ने टीम के साथ युवक को पकड़ने के लिये थाना क्षेत्र की सीमा में लगने वाले विक्रमनगर ब्रिज एमआर-5 मार्ग पर घेराबंदी की। ब्रिज के नीचे युवक हाथ में 2 झोले लेकर जाता दिखाई दिया। जिसे पकड़ा गया और झोलों की तलाशी ली गई तो उसमें देशी शराब भरी होना पाई गई। पूछताछ करने पर युवक का नाम राहुल पिता राजू रायकवार निवासी एके बिल्डिंग चौराहा सामने आया। उसे थाने लाया गया, जहां शराब के क्वार्टर 316 होना सामने आये। युवक ने बताया कि शराब इंदौर से खरीदकर बेचने के लिये लाया था। उसके पास शराब बेचने का वैध लाइसेंस और दस्तावेज नहीं होने पर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश करने पर जेल वारंट जारी होते ही न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## गिरफ्त में बालिका से दुराचार करने वाला आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रात में टायलेट के लिये बाहर बनी बाथरूम में आई बालिका को मुंह दबाकर जबरदस्ती अपने साथ खेत में ले जाकर दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बालिका की शिकायत पर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था।

इंगोरिया थाना क्षेत्र की रहने वाली बालिका ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में 11 बजे के लगभग वह टायलेट के लिये बाहर बनी बाथरूम में आई थी। उसी दौरान पंकज बैरागी ने उसका मुंह दबाया और जबरदस्ती खेत में ले जाकर गलत काम किया। पंकज ने धमकी दी कि



किसी को बताया तो जान से मार देगा। थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने मामला गंभीर होने पर तत्काल बालिका की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 65 (2), 351 (3) बीएनएस के साथ 1/4 पास्को एक्ट और एसटीएसटी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एएसआई कनीराम डिंडोर, दिनेश डोडियार, चैनसिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक अशोक कटारा, आरक्षक रामचंद्र चौहान की टीम बनाई। 48 घंटे की तलाश के बाद शुक्रवार रात आरोपी पंकज पिता मुरलीदास बैरागी निवासी ग्राम सुवासा को गिरफ्तार कर लिया। जिसे शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।




# राजनीतिक भाषणों का गिरता स्तर चिंताजनक

इंसान जब निराश होता है या अपनी इच्छानुसार हालात को नियंत्रित नहीं कर पाता, तो यह हताशा उसके शब्दों और व्यवहार में झलकने लगती है। राजनीतिक परिदृश्य भी इस मानवीय कमजोरी से कभी अछूता नहीं रहा। फिर भी सार्वजनिक बयानों, संवाद में एक स्तर का ख्याल हमेशा रखा जाता था, मगर हाल के दिनों में कई बड़े नेताओं के बयानों में कटुता और अमर्यादित भाषा का प्रयोग देखने को मिला। राष्ट्रीय हो या अंतरराष्ट्रीय मंच, जहां संयम, गरिमा व संतुलन की सर्वाधिक अपेक्षा की जाती है, वहीं नेताओं की जुबान फिसलने लगी है। फिसलना कहना भी सही नहीं, शायद वे जान-बूझकर ऐसा करने लगे हैं। हालांकि, यह आचरण न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि, बल्कि उस पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाता है, जिस पर वे आरूढ़ होते हैं। वैश्विक स्तर पर जहां ट्रंप जैसे नेताओं के बयानों में अशालीनता व सतहीपन देखने को मिल रहा है, वहीं भारत की राजनीति भी इस प्रवृत्ति से अब बच नहीं रही। भारतीय राजनीति कभी अपने उच्च आदर्शों और मर्यादित संवाद के लिए जानी जाती थी, आज यह कटु भाषा के कारण चर्चा में रहती है। संसद से लेकर चुनावी मंचों तक, नेता अपने प्रतिपक्षियों के लिए गालियों का प्रयोग करने लगे हैं। चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष- दोनों ओर से शर्मनाक बयान सामने आते हैं, जो लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को कमजोर करते हैं। उनके इस आचरण से आम नागरिकों के बीच भी संवाद की संस्कृति कमजोर पड़ रही है। इसलिए यह आवश्यक है कि राजनीतिक दल और नेता आत्ममंथन करें और अपने आचरण में सुधार करें। यदि भारतीय राजनीति को संयम, मयार्दा और संवाद जैसे मूल्यों की ओर वापस लौटना है, तो राजनेताओं को अपने शब्दों की शक्ति और जिम्मेदारी, दोनों को समझना होगा। यही एक स्वस्थ, सशक्त और परिपक्व लोकतंत्र की पहचान होगी। राजनेताओं का यह लोकतांत्रिक अधिकार है कि वे अपने विरोधियों की आलोचना करें, पर हिंसक शब्दों, अभद्र भाषा का प्रयोग और बेतुकी बयानबाजी का हक शायद किसी को नहीं है और न ही होना चाहिए। देश अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले नेताओं से पूछना चाहता है कि क्या आपको सभ्य भाषा का ज्ञान नहीं है? अभद्र टिप्पणी, छींटाकशी तो यही साबित करती है। यह सरासर अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए यह जरा भी उचित नहीं है। चुनाव आयोग को ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।



सम्पादकीय

## देर से इस्तीफा

देश के एक दागदार न्यायमूर्ति का इस्तीफा भले देर से आया हो, पर यह स्वागतयोग्य है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपना इस्तीफा सौंपते हुए गहरी पीड़ा का इजहार किया है। वैसे, यह कहने में हर्ज नहीं कि जिस वजह से यह इस्तीफा हुआ है, उससे सबसे ज्यादा पीड़ा देशवासियों को हुई है। पिछले वर्ष 14-15 मार्च को दिल्ली स्थित उनके आधिकारिक आवास पर बरामद बेहिसाब नकदी के आरोपों की संसदीय जांच चल रही थी और महाभियोग की तैयारी थी। इस इस्तीफे से अव्वल तो यह होगा कि संसदीय जांच या महाभियोग का विशेष महत्व नहीं रह जाएगा। यह बात गौर करने की है कि राष्ट्रपति को भेजे गए इस्तीफे में न्यायमूर्ति वर्मा ने किसी भी कारण का जिक्र नहीं किया है, पर कारण को समझना कठिन नहीं है। वैसे, यह इस्तीफा संसदीय जांच से पहले आ जाता, तो बेहतर होता। किसी न्यायमूर्ति की संसदीय जांच पूरी न्यायपालिका के लिए चिंता की बात है। प्रबल आशंका यही थी कि इस जांच के बाद संसद में महाभियोग लाकर न्यायमूर्ति को हटाया जाता। एक तरह से अच्छा ही है, अब महाभियोग की नौबत नहीं आएगी।

दरअसल, संविधान ने न्यायपालिका में सेवारत लोगों को कुछ विशेष सुविधाएं दे रखी हैं, ताकि न्याय की प्रक्रिया निष्पक्ष एवं निर्भय ढंग से पूरी हो। यदि इन सुविधाओं या विशेषाधिकारों के दुरुपयोग की छोटी शिकायत भी होती है, तो यह न्यायपालिका के लिए बहुत गंभीर बात है। संविधान ने तो पूरे विश्वास के साथ एक न्यायाधीश को इतनी सुरक्षा दी है कि उसे हटाना स्वयं न्यायाधीशों या सांसदों के लिए भी आसान नहीं है। यहीं बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की याद आती है, जिन्होंने संविधान निर्माण के समय ही 25 नवंबर, 1949 को सबको चेताया था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे लागू करने वाले लोग बुरे या अयोग्य होंगे, तो वह अंततः बुरा साबित होगा। बाबा साहब की यह बात सदा सही साबित होगी। संविधान से चलने वाले देश में अच्छे लोगों की जरूरत कभी खत्म नहीं होगी। सावधान, बुरे तत्वों को यदि किनारे नहीं किया जाएगा, तो हमारा संविधान भी हाशिये पर चला जाएगा। अभी भी न्यायपालिका पर लोगों को सर्वाधिक भरोसा है और उसमें सेवारत विभूतियों की जिम्मेदारी है कि वे न्याय पर विश्वास बनाए रखें। काश! ऐसा हो पाता कि लोकसभा अध्यक्ष को जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाने की जरूरत नहीं पड़ती।

### परमात्मा का मोहक रूप में प्रकटीकरण

## खालसा को अपराजेय बनाता है: अमृत


अजय जुल्का
(दैनिक अवन्तिका)

संवत 1753 की बैसाखी के दिन श्री अनंदपुर साहिब में परमात्मा ने स्वयं को अपने सबसे मोहक रूप में प्रकट किया था। परमात्मा का ऐसा स्वरूप इस दिन के पूर्व कभी किसी की कल्पना में भी नहीं था। शबद और शस्त्र के संयोग, प्रेम और पराक्रम के समेुल, संयम और साहस के सम्बन्ध, बल और कुरबानी के समन्वय, सुविनय और स्वाभिमान के सम्मिलन से विभूषित परमात्मा कैसा होगा, इसे परमात्मा ने स्वयं खालसा में अपनी शक्ति संयोजित कर समस्त संसार को आश्चर्यचकित कर दिया था। किसी को विश्वास ही नहीं हुआ कि जिन्होंने कभी अस्त्र-शस्त्र निकट से भी नहीं देखे थे वे खालसा सजते ही रण के मैदान में जौहर दिखाने लगे थे। उनके हौसले इतने बुलन्द हो गये कि संख्या में मात्र चालीस होते हुए भी दस लाख की फौज को चालीस लाख की ताकत से लड़ कर पीछे धकेलने लगे। घोड़ों की काठियों पर जंगल में रात बिताना उन्हें स्वीकार था, किन्तु अपने विश्वास और सिद्धान्तों से विचलित होना नहीं। गुरु के प्रेम का रंग इतना गहरा था कि चने भी उन्हें बादाम लगते थे। जीवन के कठिनतम मोड़ पर भी परमात्मा के आभार में रहना उनका स्वभाव बन गया था। उन्हें न राज से मोह था, न खजाने से। उनके मन में परमात्मा के नाम के लिये भावना थी और परमात्मा की कृपा की आस। श्री गुरू गोबिन्द सिंघ जी का जफरनामा औरंगजेब को संदेश तो था ही, संसार के लिये खालसा के चरित्र और संकल्प का घोषणा पत्र भी था, जो खालसा को अजेय बनाता था। सन्-1699 से आज तक सिक्खों की अपराजेयता संसार के लिये कौतूहल का विषय बनी हुई है। आम लोगों को समझाना कठिन है कि कैसे सिक्ख आज संसार के कोने-कोने में जाकर बस गये हैं और सफल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कैसे वे दुर्गम स्थानों को सुगम, दुष्कर कार्यों को सहज और अपरिचित को परिचित बना लेते हैं। अहमद शाह दुरार्नी हैरान था कि सिक्खों को ताकत मिलती कहाँ से है। लगभग पूरे संसार पर राज्य करने वाले अंग्रेज भी यह समझ नहीं पाये थे और विश्व युद्ध में सिक्ख सैनिकों की वीरता देख कर उन्हें विश्वास करना मुश्किल हो गया था। समय और अवसर आने पर सिक्खों ने शस्त्र बल के साथ ही अपनी बौद्धिक क्षमता और उद्योगशीलता के उदाहरणों से भी विश्व को बराबर चमत्कृत किया है। जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जिसमें सिक्खों की प्रतिभा अन्य के लिये उदाहरण और प्रेरणा स्वरूप स्थापित न हुई हो। वैसे प्रतिभा पर किसी का आधिपत्य नहीं है, किन्तु खालसा की प्रतिभा उनके नाम में ही निहित है। वह मन, वचन और कर्म से खालसा अर्थात परमात्मा का है। परमात्मा का उस पर विशेष स्वामित्व है। परमात्मा के इस विशेष स्वामित्व के सम्मान में ही सिक्ख जहाँ भी है परमात्मा को अपने अंग-संग लेकर आया है। सिक्ख जहाँ भी गये वहाँ गुरूद्वारा स्थापित करने को पहले उत्सुक हुए। समय-समय पर सरकारें यह अनुमान लगाती रही है कि सिक्खों को शक्ति गुरूद्वारों से मिलती है। खालसा की ताकत को सिक्ख सिद्धान्तों का कर्म जाने बिना समझा ही नहीं जा सकता। खालसा की साजना श्री गुरू गोबिन्द सिंघ जी ने की थी। गुरू साहिब ने अपना परिचय परमात्मा के पुत्र के रूप में दिया था और कहा था कि वे परमात्मा के विशेष कार्य हेतु ही संसार में आये हैं। यह विशेष कार्य था - धर्म की प्रतिष्ठा और संवर्धन का।

इस महान कार्य को सम्पन्न करना मानवीय क्षमता से परे था। यह कार्य या तो परमात्मा स्वयं कर सकता था या किसी के माध्यम से अपनी शक्ति का प्रयोग कर पूरा कर सकता था। परमात्मा ने इसके लिए श्री गुरु गोबिन्द सिंघ जी को चुना और संसार में भेजा। गुरु साहिब ने इस हेतु सिक्खों में अपने रूप, शक्तियों को समाहित कर खालसा बनायाः

खालसा मेरो रूप है खास।
खालसे महि हउं करउ निवास॥

खालसा अपने गुरू श्री गुरू गोबिन्द सिंघ जी का प्रकट रूप है जो परमात्मा के सुपुत्र थे और उनकी शक्तियाँ लेकर संसार में आये थे। यह सच खालसा का सीधा सम्बन्ध परमात्मा के साथ स्थापित करता है। गुरू साहिब ने खालसा में अपना रूप समाहित करने का कोई रहस्यमयी ढंग नहीं अपनाया बल्कि प्रत्यक्षतः इसे सम्पन्न किया। खालसा का सर्जन करते हुए बैसाखी के दिन गुरु साहिब ने लोहे के बाटे में जल भर बीच में खंडा चलाते हुए गुरुबाणी - जपु साहिब, जापु साहिब, सवैये, चैपई साहिब और अनंद साहिब का पाठ किया। इन पाँच बाणियों में वर्णित सिद्धान्तों की शक्ति जल में समावेशित हुई तो जल अमृत बन गया। अमृत-पान करने वाले सिक्ख को श्री गुरू गोबिंद सिंघ जी का पितृत्व प्राप्त हो गया। परमात्मा की विरासत पुत्र (गुरु जी) से होती हुई पौत्र (खालसा पंथ) तक पहुँची और उसे अपार शक्तियों का स्वामी बना गई। खालसा को रूप श्री गोबिंद सिंघ जी ने दिया, जिसे अकाल पुरख की फौज कहा जाता है। खालसा का उग्दमन भी अकाल पुरख का हो माना जाता है - खालसा अकाल पुरख की फौज॥ प्रगटिओ खालसा प्रमातम की मौज॥ खालसा संसार की एकमात्र शक्ति है जिसे परमात्मा की शक्ति कहा गया है जो उसे अमृत पान से प्राप्त हुई है। खंडे बाटे का अमृत छक कर खालसा श्री गुरु गोबिंद सिंघ जी का पुत्र बनता है। खालसा प्रतिदिन गुरु शबद का अमृत पान कर खंडे बाटे के अमृत-पान की प्रतिबद्धता को नई ऊर्जा प्रदान करता है। इससे कभी उसकी शक्ति का क्षरण नहीं होता। अमृत वास्तव में सिक्ख के जीवन का केन्द्र बिन्दु है, जो उसे सदैव उच्च अवस्था में बनाये रखता है, जिसे सिक्ख शब्दावली में चढ़ती कला कहा गया है। संसार ने सिक्ख को जीवन के अंतिम पलों और घोर विकट स्थिति में भी चढ़दी कला में देख कर दांतों तले अंगुली दबाई है। बाबा दीप सिंघ जी का पचहत्तर वर्ष की आयु में भी सवा मन वनज का खंडा उठाकर युद्ध करना और अपने कटे शीश को हथेली पर टिका कर मीलों दूर श्री दरबार साहिब तक युद्ध करते हुए चले जाना, आज अविश्वसनीय लगता है, किन्तु यह इतिहास का गौरवमयी सच है। यह अमृत का ही प्रताप था। गुरूसिक्ख का अमृत में श्वास-श्वास का सम्बन्ध है। उसके प्रातः जागने का समय अमृत बेला है - अंम्रित वेला सचु नाउ वडिआई वीचारू॥ जिस बाणी का पाठ कर वह दिन आरम्भ करता है वह बाणी भी अमृत है - अंम्रितु एको सबदु है नानक गुरमुखि पाइआ॥ गुरुसिक्ख दिन-रात परमात्मा का नाम जपता है। वह भी अमृत है - अम्रितु हरि हरि नामु है मेरी जिंदुड़ीऐ अंम्रितु गुरमति पाए राम॥ उसके पास अमृत सरोवर है जिसमें स्नान कर कौआ भी हंस हो जाता है। सिक्ख के पास अमृतसर शहर है तो सिफती अर्थात महानता का घर है।

## दुख-विनिमय केंद्र

चंदनपुर गांव के महान रणनीतिकार 'झपटल बाबू' ने जब इस बार प्रधानी का पर्चा भरा, तो उन्होंने विकास के सारे पुराने मापदंडों को खूँटी पर टांग दिया। उनका चुनावी मुद्दा था- 'ग्लोबल वॉर्मिंग का ग्रामीण समाधान'। झपटल बाबू का तर्क था कि गांव की असली समस्या सड़क या पानी नहीं, बल्कि 'इमोशनल ओवरलोड' है। उन्होंने घोषणा की कि जीतते ही वे गांव में एक 'दुख-विनिमय केंद्र' खोलेंगे, जहाँ ग्रामीण अपने व्यक्तिगत दुख (जैसे पत्नी का झगड़ा या भैंस का दूध न देना) जमा करके उसके बदले सरकारी 'सुख-कूपन' प्राप्त कर सकेंगे। उनका दावा था कि वे गांव के सामूहिक रुदन को पाइपलाइन के जरिए शहर भेजेंगे, जहाँ अमीर लोग इसे 'नेचुरल डिप्रेशन थेरेपी' के नाम पर खरीदेंगे और उस पैसे से गांव में एयर-कंडीशन्ड खलिहान बनवाए जाएंगे। गांव के लोग, जो अब तक अपने दुखों को मुफ्त में झेल रहे थे, अचानक इस 'आँसुओं के बिजनेस प्लान' को सुनकर विकास के नशे में झूम उठे।

प्रचार के अंतिम दौर में झपटल बाबू ने गांव के मुख्य चौराहे पर एक 'दुख-मापक यंत्र' स्थापित किया। यह वास्तव में एक पुराना खराब हो चुका तराजू था, जिसे उन्होंने बिजली के रंगीन तारों से लपेट दिया था। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि जो भी व्यक्ति उन्हें वोट देने का संकल्प लेकर इस तराजू के एक पलड़े पर हाथ रखेगा, उसका आधा मानसिक बोझ तुरंत 'डिजिटल क्लाउड' में ट्रांसफर हो जाएगा। विपक्षी उम्मीदवार 'बुधई राम' परेशान थे; वे खाद और बीज की सब्सिडी की बात कर रहे थे, जबकि जनता को अपने पुराने दुखों से मुक्ति का शॉर्टकट दिख रहा था। झपटल बाबू ने एक लड़के को ढोल के साथ खड़ा कर दिया था, जो हर व्यक्ति के 'दुख मापने' के बाद जोर से चिल्लाता था- बधाई हो, आपका दुख अब सरकारी संपत्ति है! जनता को लगा कि अब रोने के भी दिन फिर गए हैं और वे अपनी झोली भरकर झपटल बाबू की जय-जयकार करने लगे। जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और झपटल बाबू की ऐतिहासिक जीत हुई, पूरा गांव अपने 'सुख-कूपन' लेने के लिए उनके दफ्तर पर उमड़ पड़ा। झपटल बाबू ने एक बड़ा सा संदूक खोला और उसमें से छोटे-छोटे प्याज के टुकड़े सबको बांटना शुरू कर दिया। जनता हक्की-बक्की रह गई, हुजूर, यह क्या है? हमें तो सुख चाहिए था!

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 12 अप्रैल 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:13 सूर्यास्त 18:43
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - दसमी 25:17 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - श्रवण 15:13 उपरांत धनिष्ठा
योग - साध्य 18:16 उपरांत शुभ
करण - वणिज
चन्द्रमा - मकर में है। 27:45 पर कुंभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 23 तारिख

**मेष-** आज यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है। मान-सम्मान मिलेगा।

**वृषभ-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन-** शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क-** आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**सिंह-** नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**कन्या-** जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक-** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी।

**धनु-** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**मकर-** मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ-** लाभ होगा। कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है।

**मीन-** विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

समसामायिक

## नीम फूलों से लदे

हरे-भरे नीम की महक
दे जाती मन को सुकून
भले ही नीम कड़वा हो
पेड़ पर आई जवानी
चिलचिलाती धूप से
कभी ढलती नहीं
बल्कि खिल जाती
लगता जैसे नीम ने
बांध रखा हो सेहरा`
पक्षी कलरव करते पेड़ पर
ठंडी छाँव तले राहगीर
लेते एक पल के लिए ठहराव
लगता जैसे प्रतीक्षालय हो नीम`
निरोगी काया के लिए
इंसान क्यों नहीं जाता
नीम की शरण
बेखबर नीम तो प्रतीक्षा कर रहा
निम्बोली के आने की
उसे तो देना है पक्षियों को
कच्ची -कड़वी,पक्की मीठी
निम्बोली का उपहार।


संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

## स्वास्थ्य श्रेष्ठ संपदा

पुरानी आदतों के अभ्यस्त, इतनी चिताओं में हो ग्रस्त,
अच्छा स्वास्थ्य श्रेष्ठ संपदा, जिंदगी में अपने रहो मस्त।
दिनचर्या न हो अस्त-व्यस्त,वरना हो जाओगें रोगग्रस्त,
फायदा कम नुकसान ज्यादा,चुस्त-दुरुस्त रहो मुक्तहस्त।
चाहे कितने भी हो व्यस्त, ढ़ेरों जिम्मेदारियों से त्रस्त,
रखो सेहत को बकायदा, बिमारियों को करों ध्वस्त।
जिंदगी ने किया हो पस्त,
और हालात भी हो खस्त,
फिर भी न तोड़ना वादा,
तन-मन स्वस्थ हो समस्त।
हर पल आनंद अलमस्त,
स्वस्थ्य प्रसन्न मन जबरदस्त,
करो तन मन धन से हर सेवा,
शीश पर माई का वरदहस्त।


मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

## गर्मी में पक्षियों के लिए सकोरा

तपती धूप में जलता गगन, धरती जैसे आग,
प्यासे पंछी ढूंढ रहे हैं, जीवन का अनुराग।
सूखे हैं वन, सूनी डाली, नहीं कहीं भी छाँव,
नन्हीं चिड़िया थकी हुई सी, भटके गाँव-गाँव।
ऐसे में तुम सकोरा रख दो, भर दो शीतल जल,
एक बूँद से मिल जाएगा, उनको जीवन संबल।
छत, आँगन या पेड़ के नीचे, छोटा सा उपकार,
तुम्हारी ये नेकी बन जाएगी, उनके लिए संसार।
चहक उठेंगे पंछी सारे, पाकर जल की धार,
तुम्हारे इस छोटे से कर्म से, महके हर संसार।
आओ मिलकर प्रण ये लें हम, करें सदा ये काम,
गर्मी में हर घर रखे सकोरा, यही हो अपना धाम।

मुकेश चौरसिया नलखेड़ा

## गर्मियों में इन फलों का करें सेवन, डिहाइड्रेशन की समस्या से रहेंगे दूर

गर्मियों के मौसम में डिहाइड्रेशन और लू लगने की समस्या आम है। इस मौसम में खानपान पर बहुत ध्यान देने की जरूरत है। गर्मियों में ऐसे फल खाने चाहिए जिसमें पानी की मात्रा ज्यादा हो। इससे आपके शरीर में पोषक तत्वों के साथ पानी की भी कमी नहीं होगी। आइए जानते हैं किस फल में कितना पानी होता है और इस मौसम में इन जूसी फलों को खाना कितना फायदेमंद है।

**पपीता-** पपीते में विटामिन उ, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होता है। इसमें 88% तक पानी होता है। इम्यूनिटी बढ़ाने में से फल सबसे ज्यादा असरदार है। कई तरह के विटामिन से भरा पपीता डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है। इसके अलावा अगर आप वजन घटाना चाहते हैं को भी आपको अपनी डाइट में पपीता शामिल करना चाहिए।

**तरबूज-** तरबूज में 92% तक पानी होता है जो गर्मियों में डिहाइड्रेशन दूर करने का काम करता है। ये ना केवल खाने स्वादिष्ट लगता है बल्कि ये कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर है। ये दिल से जुड़ी बीमारियों को दूर करता है और इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है।

**आम-** आम में 83% तक पानी होता है। गर्मियों में आम खाना लगभग हर किसी को पसंद होता है। साबुत



आम खाने के अलावा इसे डेजर्ट में डालकर या फिर मैंगो शेक बनाकर भी पिया जाता है। आम एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करता है। इसके अलावा ये डाइजेशन में भी सुधार करता है, कोलेस्ट्रॉल कम करता है और ये आंखों को भी स्वस्थ बनाए रखता है।

**संतरे-** संतरे में 87% तक जूस होता है। गर्मियों में ये शरीर में हाइड्रेशन बनाए रखने के साथ ही एनर्जी देने का काम भी करता है। खासतौर से वर्कआउट करने वालों को संतरा जरूर खाना चाहिए। संतरा विटामिन उ का प्रमुख स्त्रोत है और ये स्किन को हेल्दी बनाता है। इसके अलावा ये हार्ट फंक्शन में भी सुधार करता है।

**सेब-** सेब का 86% हिस्सा पानी से बना होता है। हर दिन एक सेब खाने से शरीर बीमारियों से बचा रहता है। सेब में सभी जरूरी न्यूट्रिशन होते हैं। ये मेटाबॉलिज्म सुधारता, दिल को स्वस्थ रखता है और ब्लड शुगर को नियंत्रित रखता है। इसमें कई सारे विटामिन और मिनरल्स होते हैं जो दांत, हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और स्किन को हेल्दी रखते हैं।

**स्ट्रॉबेरी-** स्ट्रॉबेरी में विटामिन उ, मैंगनीज, फोलेट, पोटेशियम, विटामिन इ और जरूरी फ्लेवोनॉयड होता है। इसमें 91% तक पानी होता है। कोलेस्ट्रॉल और दिल की बीमारियों में ये काफी फायदेमंद है। इसमें खूब सारा फाइबर होता है जो पाचन से जुड़ी सारी दिक्कतें दूर करता है।

**अनानास-** अनानास एक स्वादिष्ट, जूसी फल है जिसमें 86% तक पानी होता है। ये विटामिन उ का प्रमुख स्त्रोत है। ये सेल डैमेज होने से बचाता है और इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। अनानास में बहुत ज्यादा मैंगनीज होता है जो हड्डियों के लिए फायदेमंद है। इसमें फाइबर की ज्यादा मात्रा होती है और ये एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है।

**ब्लूबेरी-** ब्लूबेरी में 84% तक पानी होता है। केक से लेकर कई तरह के डेजर्ट में भी इसका इस्तेमाल होता है। स्वादिष्ट लगने के अलावा ये सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। ब्लूबेरी नेचुरल तरीके से खून को साफ करता है। इसमें सभी जरूरी एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो दिमाग को स्वस्थ रखते हैं। पुराने जमाने में लोग इसका इस्तेमाल कफ और कोल्ड को ठीक करने में भी करते थे।

धर्म-आस्था

## कृतज्ञता का संस्कार: धन्यवाद से सशक्त होता समाज

मानव जीवन केवल अपने प्रयासों से नहीं, बल्कि अनगिनत सहयोगों की श्रृंखला से आगे बढ़ता है। कोई मार्ग दिखाता है, कोई अवसर देता है, कोई समय पर सहारा बनता है—और इन सबके बीच एक छोटा सा शब्द है, जो इन संबंधों को अर्थ देता है—धन्यवाद। यह मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर बसे संस्कार, संवेदना और सभ्यता का सजीव प्रतीक है।

किसी के द्वारा किए गए उपकार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना ही धन्यवाद कहलाता है। इसे साधुवाद देना, आभार प्रकट करना या कृतज्ञता ज्ञापन भी कहा जा सकता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, अतः उसका जीवन परस्पर सहयोग पर आधारित होता है। इस सहयोग की भावना में दया, परोपकार, उदारता और परहितैषिता जैसे सात्विक गुण निहित रहते हैं। ऐसे में जब कोई व्यक्ति हमारे लिए कुछ करता है, तो उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना केवल शिष्टाचार ही नहीं, बल्कि नैतिक कर्तव्य भी है।

निस्संदेह, सर्वोत्तम स्थिति वह है जब उपकार के बदले में किसी प्रकार की अपेक्षा न रखी जाए। उपकार को कर्तव्य मानकर किया जाए, यही श्रेष्ठ आचरण है। किन्तु इसके साथ ही यह भी उतना ही सत्य है कि धन्यवाद व्यक्त करना एक उच्च मानवीय भावना है, जो न केवल उपकार करने वाले को सम्मान देती है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करती है। धन्यवाद के दो शब्द किसी के मन को शीतलता प्रदान करते हैं और उसे पुनः सत्कर्म करने के लिए प्रेरित करते हैं।

इतिहास और धर्मग्रंथों में भी कृतज्ञता के इस भाव को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। जब हनुमान जी ने माता सीता की खोज का समाचार श्रीराम को दिया, तब स्वयं प्रभु श्रीराम के मुख से कृतज्ञता के भाव प्रकट हुए- प्रति उपकार करौं का तोरा, सनमुख होइ न सकत मन मोरा। जब ईश्वर भी कृतज्ञता प्रकट करना नहीं भूलते, तो मनुष्य के लिए यह और भी आवश्यक हो जाता है कि वह इस गुण को अपने जीवन में स्थान दे।

वर्तमान समय में यह देखा जाता है कि हम औपचारिक संबंधों में तो धन्यवाद कहना नहीं भूलते, किन्तु अपने निकट संबंधों में अक्सर इस भाव की उपेक्षा कर देते हैं। घर के भीतर, परिवार में, कार्यस्थल पर—जहाँ सबसे अधिक सहयोग मिलता है—वहीं धन्यवाद के शब्द सबसे कम सुनाई देते हैं। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे संवेदनहीनता को जन्म देती है। यदि हम अपने ही घर में, अपने ही लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त नहीं करेंगे, तो समाज में संवेदनशीलता की अपेक्षा कैसे कर सकते हैं? यह भी एक सच्चाई है कि हम बड़ों के प्रति तो आदरपूर्वक धन्यवाद व्यक्त कर देते हैं, परन्तु अपने से छोटे या अधीनस्थ लोगों के प्रति इस भावना को व्यक्त करने में संकोच करते हैं। जबकि वास्तविक परीक्षा तो वहीं होती है। कोई बालक, कर्मचारी, सेवक या सहकर्मी यदि हमारे लिए कार्य करता है, तो उसे धन्यवाद देना न केवल उसके आत्मसम्मान को बढ़ाता है, बल्कि उसमें दोगुना उत्साह भी भर देता है। वह अपने कार्य को अधिक निष्ठा और समर्पण के साथ करने के लिए प्रेरित होता है। धन्यवाद देना शिष्टता का परिचायक है, जबकि इसके प्रति उदासीनता अशिष्टता को दशार्ती है। यदि हम किसी के लिए कार्य करें और वह व्यक्ति हमें धन्यवाद के दो शब्द भी न कहे, तो स्वाभाविक रूप से मन में निराशा उत्पन्न होती है। इसी प्रकार, यदि उपकार करने वाले को कृतज्ञता का अनुभव नहीं होता, तो वह भविष्य में सहायता करने के प्रति उदासीन हो सकता है। इस प्रकार एक छोटी सी उपेक्षा, समाज में सहयोग की भावना को कमजोर कर सकती है। समाज में होने वाले विभिन्न आयोजनों में अंत में धन्यवाद ज्ञापन की परंपरा इसी भाव को पुष्ट करती है। यह केवल औपचारिक समापन नहीं, बल्कि सहभागियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक होता है। यह संदेश देता है कि हर योगदान महत्वपूर्ण है और हर सहयोग का सम्मान किया जाता है।

शास्त्रों में भी कृतज्ञता के महत्व को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया है- शूरं कृतज्ञं दृढनिश्चयं च, लक्ष्मी स्वयं वाञ्छित वास हेतौ।

अर्थात लक्ष्मी स्वयं उन लोगों के पास निवास करती हैं, जो शूरवीर, कृतज्ञ और दृढ़ निश्चयी होते हैं। इसके विपरीत, कृतघ्नता को शास्त्रों में महापापों से भी बड़ा पाप माना गया है। धर्मशास्त्रों में अनेक पापों के प्रायश्चित बताए गए हैं, किन्तु कृतघ्नता के लिए कोई प्रायश्चित नहीं बताया गया। यह इस बात का संकेत है कि कृतज्ञता का अभाव कितना गंभीर दोष है।

### इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,51,700, रवा- 1,51,500 चांदी- टंच- 2,36,600 पाट- 2,35,500।

### उज्जैन किराना
### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# अंचल में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू, पहले ही दिन सुविधाओं का अभाव और तौल में गड़बड़ी की शिकायतें







दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का सिलसिला जिले में शुक्रवार सुबह 10 बजे से शुरू हो गया। इस वर्ष सरकार द्वारा किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। किसानों की सुविधा के लिए जिले भर में कुल 64 खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां पहले दिन केवल उन्हीं किसानों का गेहूं खरीदा गया जिन्होंने पूर्व में अपना स्लॉट बुक किया था। हालांकि, प्रशासन के सुचारू व्यवस्थाओं के दावों के विपरीत, खरीदी के पहले ही दिन केंद्रों पर कई खामियां सामने आने लगी हैं, जिससे किसानों में काफी नाराजगी है। ग्राम कांजा सोसायटी के अंतर्गत तालाब डेरा रोड स्थित भगवती वेयरहाउस खरीदी केंद्र पर किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव देखने को मिला। चिलचिलाती धूप में अपनी बारी का इंतजार कर रहे किसानों के लिए केंद्र पर न तो पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था थी और न ही धूप से बचने के लिए छांव का कोई इंतजाम किया गया था। इस कारण अपनी उपज लेकर पहुंचे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुविधाओं के अभाव के साथ-साथ किसानों ने तौल प्रक्रिया में भी गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाए हैं। केंद्र पर मौजूद किसान ने बताया कि एक बोरी के वजन के नाम पर 600 से 650 ग्राम तक अतिरिक्त गेहूं लिया जा रहा है, जबकि बोरी का वास्तविक वजन 500 से 550 ग्राम के बीच ही होता है। किसानों का कहना है कि इस अतिरिक्त तौल के कारण उन्हें सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं वेयरहाउस खरीदी केंद्र के प्रभारी राधेश्याम सौराष्ट्रीय ने बताया कि केंद्र पर लगभग 50 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा जाना है। उन्होंने स्वीकार किया कि फिलहाल छांव की व्यवस्था नहीं है और पानी की व्यवस्था की जा रही है। वहीं, जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी अंजू मरावी ने बताया कि जिले के सभी 64 गेहूं खरीदी केंद्रों पर खरीदी शुरू हो चुकी है। सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन छांव और पीने के पानी की कमी की जो शिकायतें मिली हैं, उनकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। गेहूं तौल को लेकर उन्होंने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि बारदान (बोरी) का वजन लगभग 580 ग्राम होता है, जबकि किसानों से औसतन 560 ग्राम गेहूं लिया जा रहा है।

### बड़नगर

नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए उपार्जन केंद्रों की शुरूआत हो गई है। शुक्रवार को जाफला सोसायटी और बड़नगर अनाज मंडी स्थित मार्केटिंग सोसायटी केंद्र पर विधिवत पूजन के साथ अनाज खरीदी कार्य प्रारंभ किया गया।

जाफला सोसायटी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह राजावत एवं सहकार भारती के तहसील अध्यक्ष मांगीलाल हारोड़ उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर केंद्र का उद्घाटन किया और तौल कांटे का पूजन कर प्रथम आए किसानों की उपज की तुलाई शुरू करवाई। इसी कड़ी में बड़नगर अनाज मंडी स्थित मार्केटिंग सोसायटी केंद्र पर भी विधिवत खरीदी प्रक्रिया शुरू की गई। अतिथियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर सहकार भारती के जिलाध्यक्ष जगदीश शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़, उपाध्यक्ष अमित जोशी, सहकार भारती कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ पंड्या, जयप्रकाश त्रिवेदी, महेंद्रसिंह पंवार, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष धनसिंह पंवार और जाफला सरपंच अशोक सोयल विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही सोसायटी स्टाफ के गजेंद्र यादव, सतीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान भाई मौजूद रहे।

### महिदपुर

महिदपुर और झारडा तहसील में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 31 केन्द्रों पर प्रारम्भ हो रही है। यह सहकारी समितियों और स्व सहायता समूह को खरीदी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खरीदी केन्द्रो पर समारोह आयोजित कर किसानो का स्वागत कर खरीदी शुरू की। तोल कांटे की पूजन कर खरीदी शुरू हुई। पहले 496 किसानो ने 12427 क्विंटल गेहूं केन्द्र पर तोला। प्रारम्भ में छोटे किसानो से खरीदी की जा रही इसके बाद मध्यम व बड़े किसानो की खरीदी शुरू हो गई। खरीदी केन्द्रो का अनुविभागीय अधिकारी श्री अजय हिंगे, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती मीना झा, सहायक जिला खाद्य अधिकारी श्रीमती सुरभी जैन ने खरीदी केन्द्रों पर पहुंच कर किसानो से चर्चा की। केन्द्र प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिये।



## सत्तापक्ष के पार्षदों का धरना: अवैध वसूली के आरोप पर कर्मचारी को हटाने की मांग

**देवास।** नगर निगम के सत्तापक्ष के पार्षदों ने शनिवार को निगम मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने निगम कर्मचारी रवि गोयनार पर स्टेशन रोड स्थित गजरा चौराहे पर छोटे दुकानदारों से अस्थायी अतिक्रमण के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय निवासी भी शामिल हुए। पार्षद शीतल गहलोत ने आरोप लगाया कि सुबह कई दुकानदारों से 500 से 1000 रुपए तक की अवैध वसूली की गई, जिसके लिए कोई रसीद नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि परिषद में बहुमत से इस कर्मचारी को हटाने की मांग पहले भी की जा चुकी है, लेकिन निगम आयुक्त ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे पार्षदों में नाराजगी है। सत्तापक्ष के नेता मनीष सेन ने कहा कि परिषद की बैठक में रवि गोयनार को हटाकर अन्य कार्य में लगाने का स्पष्ट निर्णय लिया गया था। आदेश का पालन न होने के कारण पार्षदों को धरना देना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि छोटे व्यापारियों के साथ ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरने की सूचना मिलने पर निगम सभापति रवि जैन मौके पर पहुंचे। उन्होंने पार्षदों और रहवासियों से चर्चा कर मामले की जानकारी ली। इसके बाद सभापति ने निगम आयुक्त से बात कर आरोपी कर्मचारी को तत्काल पद से हटाकर दूसरे विभाग में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। सभापति जैन ने यह भी कहा कि नगर निगम में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## सुवासा में अवयस्क से दुष्कर्म पुलिस ने किया अपराध दर्ज

**इंगोरिया।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुवासा की एक अवयस्क बालिका से दुष्कर्म की शिकायत पुलिस ने दर्ज की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 25 फरवरी को मेरे पिताजी खेत पर सिंचाई करने गए थे। रात 11 बजे मैं घर से बाहर बने बाथ रूम गई थी तभी घर के सामने पंकज बैरागी ने हाथ पकड़ कर खींच लिया मुंह दबाकर खेत में ले जा कर दुष्कर्म किया था। 7अप्रैल को फिर उसका रात में फोन आया। मैने फोन नहीं उठाया और परिजनों के साथ थाने आकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पंकज पिता मुरलीदास बैरागी निवासी सुवासा के खिलाफप्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## विकासखंड स्तरीय बुक और यूनिफार्म मेला शुरू एक ही जगह मिल रही कई स्कूलों की सामग्री



**बदनावर।** विकासखंड स्तरीय पुस्तक और यूनिफार्म मेला शनिवार को शासकीय सांदीपनि नंदराम चौपड़ा विद्यालय परिसर में शुरू हुआ। दो दिवसीय यह मेला राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाना है। यह मेला रविवार को भी जारी रहेगा। मेले का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव और उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पंवार बापू के आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने फीता काटकर मेले की शुरूआत की। इस अवसर पर बीआरसी डीएन गुजराती सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया और मेले के उद्देश्यों की जानकारी दी। इस मेले में सभी स्कूल अपनी-अपनी पुस्तकों की सूची के साथ पहुंचे, जिससे अभिभावकों को सही जानकारी मिल सकी और भ्रम की स्थिति समाप्त हुई। स्थानीय स्टेशनरी, पुस्तक और यूनिफार्म विक्रेताओं ने भी अपने स्टॉल लगाए, जिससे अभिभावकों और विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सामग्री के विकल्प उपलब्ध हुए।

## परीक्षा के बीच टूटा कहर : मधुमक्खियों के हमले में 9 वर्षीय मासूम की मौत

### स्कूल में छात्र की मौत पर प्रशासन सख्त, प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर




क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित विद्यालय प्रबंधन पर कार्रवाई शुरू कर दी है। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सुसनेर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, एक छात्र की मृत्यु के मामले में विद्यालय के प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 अप्रैल स्वामी विवेकानंद स्कूल सोयतकला विद्यालय परिसर में हुई घटना में कक्षा चौथी के एक छात्र की जान चली गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विद्यालय परिसर में मधुमक्खियों के हमले के दौरान छात्रों की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक रही। घटना के समय न तो पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए थे और न ही समय पर बच्चों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। एसडीएम द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि विद्यालय परिसर एवं खेल मैदान के आसपास मधुमक्खियों के छत्तों की जानकारी होने के बावजूद उन्हें हटाने या सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। इसके अलावा, आपात स्थिति से निपटने के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था या सुरक्षा दल भी मौजूद नहीं था, जो कि गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि घटना के तुरंत बाद घायल छात्र को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने में भी देरी हुई, जिससे उसकी स्थिति और बिगड़ गई। प्रशासन ने इसे जीवन सुरक्षा मानकों का उल्लंघन माना है। प्राचार्य को निर्देश दिए गए हैं कि वे 24 घंटे के भीतर स्वयं उपस्थित होकर या लिखित रूप में अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जाता है, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। अभिभावकों ने विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। वहीं प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी।

## आरटीओ चालान लिंक से 7.98 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने कोलकाता पहुंचकर पकड़ा, 4.96 लाख नकद और मोबाइल जब्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास पुलिस ने एक बड़े साइबर धोखाधड़ी मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में से एक को करीब 1600 किलोमीटर दूर कोलकाता से और दूसरे को 800 किलोमीटर दूर से पकड़ा गया। पुलिस ने इनके कब्जे से 4,96,500 रुपए नकद और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

मामला 2 जनवरी 2026 को नाहर दरवाजा थाने में दर्ज हुआ था। फरियादी मनोहर राव ने शिकायत की थी कि उन्हें व्हाट्सएप पर 'RTO Chalan.Apk' नाम से एक संदिग्ध लिंक भेजा गया था। लिंक डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और बैंक खाते से 7,98,000 रुपए निकाल लिए गए।

शिकायत के बाद पुलिस ने ई-एफआईआर दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू की। डिजिटल ट्रेल के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रैक की गई और संबंधित बैंक खातों को फ्रीज कराया गया, जहां ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी।

#### पश्चित बंगाल के हैं दोनों आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद ताहिर (32) और राहिल (36) निवासी कोलकाता, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। इनके पास से 4,96,500 रुपए नकद और करीब 35 हजार रुपए कीमत के दो एंड्रॉइड मोबाइल बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई ई-जीरो एफआईआर प्रणाली के तहत की गई है, जिसके जरिए साइबर अपराधों पर तेजी से नियंत्रण किया जा रहा है। जिले में ऑपरेशन साइबर भी चलाया जा रहा है, जिसके तहत पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण और आम जनता को जागरूक किया जा रहा है।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 90, स्थित संजय नगर आगर रोड़ उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 55.70 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- गली, पश्चिम मे- रोड़, उत्तर मे- रामचंद्र का भवन, दक्षिण मे- श्यामाबाई का भवन स्थित है। उक्त सम्पत्ति जानकीलाल पिता श्री काशीराम ने इसके पूर्वस्वामी ओमप्रकाश पिता श्री बालचंद्र से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 5496 दिनांक 31/03/2002 के माध्यम से क्रय कि। एवं जानकीलाल का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी श्यामाबाई पति स्व. श्री जानकीलाल एवं लाखन तथा मनोज पुत्रगण जानकीलाल हुये। तथा श्यामाबाई व लाखन के द्वारा अपने भाग का हकत्याग मनोज पिता श्री जानकीलाल के हित में किया जाना प्रस्तावित है तथा मनोज ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**



### जाहिर सूचना

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी शिवनारायण पिता भेरूलाल निवासी ग्राम बरखेडी बाजार तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से उनके संयुक्त हेक्टर मे से उनके हिस्से की भुमि विक्रित रकबा 0.2500 हेक्टर जो कि ग्राम बरखेडी बाजार स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नंबर 540/1 रकबा 1.790 तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मे स्थित होकर को क्रय कर अनुबंध पत्र का निष्पादन किया है और आंशिक राशि का भुगतान कर दिया है केवल रजिस्ट्री करवाना शेष है।

उक्त भुमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा और मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त भुमि की रजिस्ट्री करवा लेवेंगे। इति दिनांक-10-04.2026 उज्जैन

**प्रेमलता शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय- भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड जिला उज्जैन**
**मोबा., 9826354843**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी अब्दुल मजीद पिता अब्दुल रजाक निवासी 5/3, मुस्लिम होटल गली, छत्री चौक, उज्जैन व कृषक ग्राम कमेड तहसील घटिया जिला उज्जैन से उनके आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 384/1 रकबा 0.836 हेक्टर व कृषि भूमि सर्वे नं0 384/3 रकबा 0.836 हेक्टर, कुल किता 2 कुल रकबा 1.672 हेक्टर स्थित ग्राम कमेड तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित होकर भुमि स्वामी द्वारा फार्म हाउस डेवलप किये जा रहे है जिसमे फार्म हाउस क्रमांक 3 जो कि 100 फीट बाय 54 फीट की साईज का होकर उक्त फार्म हाउस को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि भूमि स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त कृषि भूमि या फार्म हाउस के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित फार्म हाउस के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः 12-04-2026 उज्जैन

**अभिषेक सिंह सिकरवार एडव्होकेट**
**सिटी कार्यालय - 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन**
**कार्यालय - डी-3, भरतपूरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन**
**मो.नं.- 88277-65533, 70001-92470**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने राजकुमार करमचंदानी पिता स्वर्गीय श्री किशनचन्द्र करमचंदानी निवासी-5/1, बेताल मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन म्युनिसिपल क्रमांक 5/1 तल मंजिल एवं भवन म्युनिसिपल क्रमांक 5/1/1 प्रथम मंजिल (पुराना म्युनिसिपल क्रमांक 5/2) स्थित बेताल मार्ग फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 49.59 वर्गमीटर जिसके पूर्व में-फुटपाथ बाद कालिदास मार्ग गली नंबर 18, पश्चिम में-मकान गोरधनदास घनश्यामदास का, उत्तर में-मकान राचासिंह गोपालदास का एवं दक्षिण में-गली है, को क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा की बयाना राशि का भुगतान भी कर दिया है, यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी । सो सूचित हो । दिनांकः-10.04.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 98272-28461**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखण्डस्वामीगण 01-श्री गोविन्द जुनेजा पिता श्री नानकचन्द जुनेजा 02-श्रीमती सुमन जुनेजा पति श्री गोविन्द जुनेजा दोनो निवासी-2/2 भोजमार्ग गली नं-4 उज्जैन (म. प्र.) के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक A-3/6 का दक्षिणी दिशावाला भाग श्रेणी HIG उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन की वसंत विहार योजना उज्जैन में स्थित है। भूखण्ड भाग का कुल क्षेत्रफल 108.00 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तुःसीमा पूर्व दिशा में भूखण्ड क्रमांक-A-3/22 व A-3/23 के भाग, पश्चिम दिशा में 60.00 मीटर सडक, उत्तर दिशा में शेष भाग नितेश पांचाल का, दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक-A-3/7 है, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का लिखित सौदा कर लिया है, तथा आंशिकबयाना राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे । ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 10-04-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -डीएफ-7 भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मोबाईल नंबर - 99260-68606**



In The Court Of Civil Judge Class-I, District Court, TARANA Ujjain Presiding Officer: श्री शिरीष शुक्ला

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS A/0000030/2025)

**सुरेसिंह---- वादी**

**Vs**

**समेश---- प्रतिवादी**

Process Id-/2026

**पेशी दिनांकः 08/05/2026**

**प्रेषिती**

(1) समेश पिता चरणसिंह पता- एमजी रोड इंदौर

यह कि प्रार्थी सुरेसिंह ने आपके विरूद्ध स्वत्व घोषणा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । यह आज तारीख 09 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(शिरीष शुक्ला)**
**व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड तराना जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## आशा भोसले को हार्ट अटैक आया- ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के ICU में भर्ती

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर आशा भोसले को शनिवार को हार्ट अटैक आया। उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के ICU में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है, लेकिन उनकी हालत को लेकर अस्पताल या परिवार की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## भोपाल पहुंचते ही रोकी गई आंगनवाड़ी न्याय पदयात्रा

**भोपाल।** आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर निकले छात्र नेता रामकुमार नागवंशी की पदयात्रा भोपाल पहुंचते ही रुक गई। करीब 200 किलोमीटर की यात्रा कर राजधानी पहुंचे नागवंशी और उनके साथियों को पुलिस ने बरकतुल्ला यूनिवर्सिटी के पास रोक लिया। इसके बाद उन्हें आगे बढ़ने से मना करते हुए एक होटल के पास बैठा दिया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों को लेकर शुरू की गई 200 किलोमीटर लंबी पदयात्रा के जरिए सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। यह पदयात्रा 1 अप्रैल (बुधवार) को बैतूल जिले के अंबेडकर चौक से शुरू हुई थी, जिसका लक्ष्य 11 दिनों में भोपाल पहुंचना था। पूर्व में एनएसयूआई से जुड़े रहे रामकुमार नागवंशी ने इस अभियान को आंगनवाड़ी न्याय पदयात्रा नाम दिया। उनका कहना है कि गांव-गांव जाकर सेवा देने वाली आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को अब तक न तो सम्मानजनक वेतन मिला है और न ही सरकारी कर्मचारी का दर्जा।

## नाबालिग-लड़की से रेप के आरोपी पर इनाम बढ़कर 30 हजार

**मऊगंज।** मऊगंज जिले में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के एक पुराने मामले में फरार चल रहे आरोपी राजू उर्फ नृपेंद्र सिंह परिहार पर 30 हजार का इनाम घोषित किया गया है। पहले इनाम की राशि 10 हजार रुपए थी। पिछले साल कोर्ट ने आरोपी की गिरफ्तारी के आदेश दिए थे, तभी से आरोपी फरार है। लौर थाने में आरोपी राजू (निवासी खुझवा) के खिलाफ अपहरण और बलात्कार जैसी धाराओं में केस दर्ज है। यह घटना 26 अगस्त 2005 की है, जब एक 17 साल की ल?की लापता हो गई थी। करीब 15 दिन बाद जब वह मिली, तो जांच में पता चला कि उसका अपहरण कर उसके साथ गलत काम किया गया था। इस मामले में पुलिस ने कुल पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी, जिनमें से राजू फरार चल रहा है। एक महीने ही एक आरोपी ने सरेंडर कर दिया था और बाकी के तीन आरोपियों की मौत हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान बताने वाले नाम और अन्य जानकारी पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। फिलहाल पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## एमपी में 1 से 5.4 डिग्री बड़ा पारा- दिन के साथ रातों में भी गर्मी

**भोपाल।** एमपी में आंधी-बारिश का दौर थमते ही गर्मी असर दिखाने लग गई है। शुक्रवार को ज्यादातर शहरों में दिन के पारे में 1 से 5.4 डिग्री तक की बढ़ोतरी हुई। इंदौर, ग्वालियर-उज्जैन में भी पारा चढ़ा, जबकि भोपाल, रतलाम में भी तापमान बड़ गया। रतलाम में सबसे ज्यादा 5.4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। शनिवार को पारे में और बढ़ोतरी होगी। एमपी (मौसम केंद्र) भोपाल के अनुसार, 15 अप्रैल को नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है, लेकिन यह कमजोर रहेगा। यानी, अब प्रदेश में तेज गर्मी वाला दौर ही रहेगा। गर्मी बढ़ने से लोग उससे बचने के तरीके भी तलाश रहे हैं। कोई मुंह पर कपड़ा बांधकर घर से बाहर निकल रहा है तो कोई गन्ने का ज्यूस, कोल्ड्रिंक्स, आइस्क्रीम का लुत्फ उठा रहा है। गर्मी का असर बढ़ते ही मौसम विभाग ने बचाव की एडवायजरी भी जारी की है। लोगों से कहा गया है कि वे दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और शरीर को हाइड्रेट रखें। दोपहर के समय लंबे समय तक धूप में न रहे। हल्के वजन और रंग के सूती कपड़े पहनें। बच्चे और बुजुर्ग खासतौर पर ध्यान रखें। शुक्रवार को दिन के तापमान में खासी बढ़ोतरी दर्ज की गई। नर्मदापुरम प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री दर्ज किया गया। रतलाम में 38.6 डिग्री, खरगोन में 38 डिग्री रहा। वहीं, धार, खंडवा, नरसिंहपुर और खजुराहो में पारा 36 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन में सबसे ज्यादा 35.5 डिग्री रहा। भोपाल में 34.6 डिग्री, इंदौर में 35 डिग्री, ग्वालियर में 33.4 डिग्री और जबलपुर में 34.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

## 1 एकड़ में 2 लाख कमाने का तरीका बताएगी मशीन

**रायसेन।** रायसेन के दशहरा मैदान में शनिवार (11 अप्रैल) से तीन दिवसीय राष्ट्रीय उन्नत कृषि महोत्सव एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। शनिवार दोपहर पहले दिन 12:30 बजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम स्थल पहुंचे। महोत्सव में देशभर से आए किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, ड्रोन और उन्नत पशुपालन की जानकारी दी जा रही है। वर्तमान में 300 से अधिक स्टॉलों वाली इस प्रदर्शनी में कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने 4 जिलों के लिए रोडमैप घोषित करने की बात कही है, वहीं रक्षा मंत्री ने सेना की छावनियों में स्थानीय जैविक फल-सब्जियां मंगाने का ऐलान किया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंच से किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि, रायसेन में सबसे बड़ा शिवलिंग भोजपुर में स्थापित है। भीम बैठका और सांची यहां है। खेती किस प्रकार से आय का साधन बने। इस पर लगातार काम कर रहे हैं। हर राज्य का रोड मैप अलग-अलग बन रहा है। वैज्ञानिकों ने मप्र के चार जिले रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास को लेकर रोडमैप बनाया है। कल दोपहर 1 बजे यहीं पर घोषित होगा। इसमें कौन से इलाके में कौन सी फसल हो सकती है। यह बताया जाएगा। बाग लगाना है तो कौन से पौधे आपके यहां की माटी के लिए हैं, यह भी इसमें होगा।

# शाजापुर मे हनीट्रैप का शिकार हुए बुजुर्ग, 4 पर एफआईआर

## व्हाट्सएप वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर ऐंठे 33 लाख, अब 20 लाख की और मांगय

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

डिजिटल युग में ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली के तरीके लगातार खतरनाक होते जा रहे हैं। शाजापुर कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक बुजुर्ग को पहले मीठी बातों के जाल में फंसाया गया, फिर व्हाट्सएप वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर उसे दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। इस खौफ के साए में आरोपियों ने बुजुर्ग से अब तक 33 लाख रुपये की भारी-भरकम रकम ऐंठ ली। आरोपियों का लालच यहीं खत्म नहीं हुआ और वे अब 20 लाख रुपये की और मांग कर रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर शुक्रवार रात एक महिला सहित चार आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### मंदिर में मुलाकात से बिछाया गया था जाल

कोतवाली थाना क्षेत्र के निवासी पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि इस ब्लैकमेलिंग की शुरुआत वर्ष 2023 में हुई थी। शिव मंदिर भरड़ में उनकी मुलाकात पार्वती बैरागी नाम की महिला से हुई थी। पार्वती ने धीरे-धीरे उनसे संपर्क बढ़ाया और बातचीत का सिलसिला शुरू कर दिया। शिकायत के अनुसार, जान-पहचान बढ़ने के बाद एक दिन पार्वती ने पीड़ित को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल किया। महिला ने चालाकी से इस बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद इसी वीडियो को हथियार बनाकर आरोपियों ने बुजुर्ग को बदनाम करने और बलात्कार के झूठे मामले में जेल भिजवाने की धमकी देना शुरू कर दिया।

### सालो की कमाई

बदनामी और झूठे केस के डर से पीड़ित ने शुरुआत में आरोपियों को 5 हजार रुपये दिए, लेकिन इसके बाद आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। उन्होंने लगातार ब्लैकमेल कर 5 लाख और 7 लाख की किस्तों सहित अब तक कुल लगभग 33 लाख रुपये वसूल लिए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने धोखे से बुजुग्र से कई शपथ पत्रों पर हस्ताक्षर भी करवा लिए, जिनकी कोई जानकारी उन्हें नहीं दी गई।

### 12 अप्रैल तक 20 लाख की मांग, जान से मारने की धमकी

फरियादी ने पुलिस को बताया कि 33 लाख रुपये लेने के बाद भी आरोपी पार्वती बैरागी, राजेंद्र बैरागी, शरद बैरागी और संजना बैरागी लगातार फोन कर रहे हैं। आरोपियों ने चेतावनी दी है कि यदि 12 अप्रैल 2026 तक 20 लाख रुपये और नहीं दिए, तो वे वीडियो वायरल कर उन्हें समाज में बदनाम कर देंगे और जान से मार देंगे। इस लगातार मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर अंततः पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# स्कूल चले हम अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

## शासकीय अस्पतालों में मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध हो

**आगर मालवा।** जिला आगर-मालवा में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के समग्र विकास, विभिन्न विभागों की प्रगति तथा जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

प्रभारी मंत्री चौहान ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए स्कूल चले हम अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को समय पर पाठ्य-पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा बाउंड्री विहीन विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। साथ ही छात्रावासों के सुचारू संचालन एवं आवश्यकतानुसार पुनर्व्यवस्थापन पर भी चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने 14 वर्ष तक की बालिकाओं का शत-प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिला चिकित्सालय सहित सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने पर जोर दिया। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिला चिकित्सालय में जल गुणवत्ता का नियमित परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के पश्चात सड़कों पर किए गए गड्ढों को शीघ्र भरवाने तथा रोड रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में सरपंच एवं सचिव की स्वीकृति सुनिश्चित की जाए तथा कार्य



निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं।

सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों एवं रपटों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने आगामी डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने एवं अंबेडकर प्रतिमाओं की आकर्षक सजावट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 10 अप्रैल से प्रारंभ नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के आयोजन के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए।

बैठक में स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जल संसाधन, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति प्रस्तुत की गई, जिस पर प्रभारी मंत्री द्वारा बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा जिले के विकास संबंधी जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुन्ना बाई चौहान, विधायक आगर मधु गहलोत, विधायक सुसनेर भैरूसिंह बापू, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश जैन पटेल, भैरू सिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि दिनेश परमार, बाबूलाल यादव, प्रेम यादव, मयंक राजपूत, कैलाश कुंभकार, अजय जैन, भरत प्रजापत, जितेंद्रसिंह, राजमल सिंह, रामबाबू पाटीदार, मुकेश केलकर, अर्जुन सिंह चौधरी, मुकेश सावला, लक्ष्मण सिंह, कैलाश नारायण बजाज, शंकर सिंह, गोवर्धन पाटीदार, जितेंद्र सांखला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयत, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी एस.एस. मालवीय सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## हज यात्रा पर जाने वालों का किया स्वागत सम्मान

**आगर मालवा।** मक्का मदीना हज यात्रा के लिए आगर शहर से जाने वाले एक दर्जन हजयात्रियों का स्वागत सम्मान शहर काजी वसिउद्दीन के निवास पर शहर काजी द्वारा पुष्पमाला पहनाकर किया गया जहा अंजुमन कमेटी सदर,पार्षद शमीउल्लाह कुरेशी एडवोकेट, जामा मस्जिद पेश इमाम मुबारक खान, हज यात्रा पर जाने वाले त्योहार कमेटी जिला अध्यक्ष नजीर अहमद, हज कमेटी पूर्व जिला अध्यक्ष हाजी अनीस मोहम्मद कुरेशी, सदर साबू खान,पूर्व सदर कक्कू खान,हाजी शफी पटेल,रजाक बाबा,हाजी नासिर मौलाना,डॉ जाकिर अंसारी, जाकिर माड़साब, गम्भीर मेव सहित हजयात्री व काजी परिवारजन मौजूद रहे।

नजीर अहमद के निवास पर स्वागत करने वालो का चल रहा सिलसिला- त्योहार कमेटी जिला अध्यक्ष नजीर अहमद हज के सफर पर जा रहे है उनका स्वागत सम्मान करने व उनसे मिलने वालों का उनके निजी निवास पर सिलसिला चल रहा है। बडौद से पत्रकारों प्रतिनिधि मंडल,नलखेड़ा से वकील भाई व उनके साथी,सुसनेर से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रियाज खान व उनके साथी, गुड्डू खान सारंगपुर, डग राजस्थान से अब्दुल गोरी सहित कई गणमान्य नागरिकों ने नजीर अहमद के निवास पर पहुँच कर पुष्पमाला से स्वागत कर मिठाई खिलाई व दुआ की दर्खास्त की।

## पुलिस ने 72 घंटे में अपहृत नाबालिग को किया सकुशल दस्तयाब, अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

जिले में लापता बालक-बालिकाओं की खोजबीन के लिए चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत सुनेरा थाना पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 72 घंटे के भीतर एक अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया है, साथ ही उसे अगवा करने वाले 5000 रुपये के इनामी आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। घटना 7 अप्रैल 2026 की है। थाना सुनेरा क्षेत्रांतर्गत एक नाबालिग बालिका के लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ग्राम मझानिया निवासी कान्हा नामक युवक बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मामले में सुनेरा पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए शाजापुर पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी पर 5000 रुपये के इनाम की घोषणा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**राजस्थान और गुना तक पहुंची पुलिस टीम**

पुलिस अधीक्षक शाजापुर के मार्गदर्शन तथा




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी शाजापुर के निर्देशन में सुनेरा थाने से एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने साइबर सेल की तकनीकी सहायता से संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। आरोपी और अपहृता की तलाश में पुलिस की टीमों को गुना और राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में रवाना किया गया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने सफलता प्राप्त करते हुए नाबालिग पीड़िता को आरोपी के चंगुल से सकुशल दस्तयाब कर लिया। आरोपी कान्हा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

जिले में तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी के चलते सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटनाक्रम सुनेरा थाना क्षेत्र का है, जहां मोरटा रोड रेलवे क्रॉसिंग के समीप दो मोटरसाइकिलों के बीच सीधी और जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में एक युवती सहित कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गनीमत रही कि समय पर पुलिस की डायल 112 सेवा मौके पर पहुंच गई, जिससे घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जा सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नारायणगढ़ निवासी मंगल 26 वर्ष, पिता पप्पू बागड़ी और संगीता 17 वर्ष अपनी बाइक से पनवाड़ी से वापस अपने गांव नारायणगढ़ लौट रहे थे। वहीं



दूसरी ओर से रायपुरिया निवासी 18 वर्षीय अजय पिता हरि नारायण वर्मा अपनी मोटरसाइकिल से नारायणगढ़ से रायपुरिया की तरफ जा रहा था। इसी दौरान मोरटा रोड रेलवे क्रॉसिंग से कुछ दूरी पर दोनों बाइकों में आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और तीनों सवार छिटककर सड़क पर जा गिरे।

### डायल 112 की तत्परता आई काम

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। वाहन के पायलट संजय सूर्यवंशी प्रधान और आरक्षक बैजनाथ सिंह गुर्जर ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय दिया। दोनों जवानों ने बिना समय गंवाए लहूलुहान हालत में पड़े तीनों घायलों को अपने वाहन में बैठाया और तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। फिलहाल, जिला अस्पताल में तीनों घायलों का सघन उपचार जारी है।

## 12वीं संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में उज्जैन और महिला वर्ग में शाजापुर ने मारी बाजी

**शाजापुर।** खेल के मैदान पर खिलाड़ियों के अदम्य उत्साह, फुर्ती और शानदार दांव-पेंच के बीच 12वीं राज्य स्कूल शिक्षा विभाग खेल 2025-26 के तहत संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शाजापुर में आयोजन हुआ। इस रोमांचक खेल महाकुंभ में संभाग भर से आए खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया, जहां पुरुष वर्ग में उज्जैन के खिलाड़ियों ने अपनी ताकत का लोहा मनवाया, वहीं महिला वर्ग में मेजबान शाजापुर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य हेमेंद्र सिंह यादव, जितेंद्र सिंह राजपूत, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रविन्द्र हार्डिया, रेखा पुरोहित और विजया सक्सेना विशेष रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि शिप्रे ने मैदान पर जाकर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना के साथ खेलने के लिए उन्हें प्रेरित किया। इसके पश्चात मैचों का रोमांचक सिलसिला शुरू हुआ।

**पुरुष वर्ग में उज्जैन बना चौंपियन**

पुरुष वर्ग के मुकाबलों में शाजापुर, उज्जैन, देवास, नीमच और आगर जिलों की टीमों ने पूरे जोश के साथ सहभागिता की। एक के बाद एक कड़े मुकाबलों को पार करते हुए उज्जैन और देवास की टीमें पुरुष वर्ग के फाइनल में पहुंचीं। खिताबी भिड़ंत में उज्जैन की टीम ने बेहतरीन खेल कौशल और तालमेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि देवास की टीम को उपविजेता द्वितीय स्थान रहकर संतोष करना पड़ा।

## मोदी-राहुल संसद परिसर में मिले, हाथ जोड़कर अभिवादन किया

**नई दिल्ली।** शनिवार को महात्मा फुले को 200 वीं जयंती पर संसद बिल्डिंग में सांसदों ने श्रद्धांजलि दी। इसी कार्यक्रम में पीएम और नेता विपक्ष की मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच शनिवार को संसद परिसर में बातचीत हुई। दोनों नेता समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी नेताओं से मिल रहे थे। वह राहुल के पास गए। दोनों ने एक-दूसरे का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। पीएम ने नेता विपक्ष राहुल से बातचीत भी की। राहुल के अलावा पीएम मोदी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और अर्जुन राम मेघवाल से भी मिले।

## सूर्यकांत बोले- इकॉनोमी में कानून की भूमिका अहम

**नई दिल्ली।** CJI सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है। जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 'रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है।

## थरूर बोले- महिला आरक्षण कानून को राजनीतिक हथियार न बनाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि महिला आरक्षण कानून में होने वाले संशोधन को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। ताकि संघवाद कमजोर न हो और संसद की गरिमा को ठेस न पहुंचे।संसद में 16 अप्रैल से होने वाले विशेष सत्र से पहले थरूर ने आरोप लगाया कि सरकार 3 दिन के सत्र का इस्तेमाल राज्य चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ लेने और 2029 लोकसभा चुनाव से पहले परिसीमन की तैयारी के लिए कर रही है। थरूर ने पर लिखा कि कांग्रेस हमेशा से महिलाओं के लिए 33त्न आरक्षण की समर्थक रही है। 2013 में कांग्रेस ने ही यह बिल पेश कर राज्यसभा से पास कराया था, लेकिन मौजूदा सरकार का रवैया चिंताजनक है। इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी। इसमें सरकार के प्रस्तावित संशोधनों पर आपत्ति जताई गई।

## श्री गोप चौहान जी मंदिर में 27 को होगा गोपाल विष्णु महायज्ञ, तैयारियां शुरू

**शाजापुर।** आस्था और भक्ति के अनूठे संगम का साक्षी बनने के लिए ग्राम साप्टी एक बार फिर तैयार है। शाजापुर से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र, प्राचीन श्री गोप चौहान जी मंदिर में एक भव्य आध्यात्मिक अनुष्ठान होने जा रहा है। यहां आगामी 27 अप्रैल से सात दिवसीय गोपाल विष्णु महायज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां अब अपने अंतिम और निर्णायक चरण में पहुंच चुकी हैं। शनिवार को यज्ञशाला के निर्माण और साज-सज्जा का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया। मंदिर समिति के सदस्य और स्थानीय श्रद्धालु दिन-रात इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक वंदनवारों से सजाया जा रहा है, ताकि आयोजन में आने वाले भक्तों को एक दिव्य अनुभूति हो सके। मंदिर समिति के पुजारी जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि पवित्र गोपाल विष्णु महायज्ञ 27 अप्रैल से प्रारंभ होकर 3 मई तक चलेगा। महायज्ञ की आहुतियों के साथ-साथ प्रतिदिन संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसमें कथावाचक के मुखारविंद से श्रद्धालु कथा श्रवण करेंगे। इस वृहद धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और उल्लास का माहौल है। समिति के अनुसार, इस सात दिवसीय महायज्ञ और भागवत कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए पेयजल, बैठक व्यवस्था और पार्किंग सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को रूप दिया जा रहा है।

## नीमच प्रेस क्लब की बैठक संपन्न

**नीमच** । जिला प्रेस क्लब की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक शुक्रवार, 10 अप्रैल को आयोजित की गई। बैठक श्याम गुर्जर की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें पत्रकारों के हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नीमच जिला प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर भी आगामी कार्यक्रम मे चर्चा कर रूपरेखा तैयार की जाएगी है। साथ ही क्लब के सभी सदस्यों के साथ एक वृहद आयोजन आयोजित करने पर भी चर्चा की गई, जिससे पत्रकारों के बीच समन्वय और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। आगामी समय में प्रेस क्लब की गतिविधियों की जानकारी सभी सदस्यों को समय-समय पर दी जाएगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ललित सिंह चुंडावत, कोषाध्यक्ष श्याम सारडा, सह सचिव मुकेश शर्मा, सदस्य राजू दासा नागदा, विधिक सलाहकार भारत सोलंकी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री वल्लभाचार्य की जयंती पर कल निकलेगी शोभायात्रा

**मन्दसौर।** श्री गोवर्धननाथ मंदिर में कल 13 अप्रैल को पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक महाप्रभु श्रीमद् वल्लभाचार्य की जयंती मनाई जाएगी। उत्सव की शुरूआत प्रातः 6 बजे जीवागंज स्थित मंदिर से निकलने वाली प्रभात फेरी से होगी। इसके पश्चात सायंकाल 5 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें महाप्रभु के विग्रह को विराजित किया जाएगा। यह यात्रा जीवागंज से प्रारंभ होकर नयापुरा, कालाखेत, कालिदास मार्ग, सदर बाजार और धानमंडी होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह पूजा-अर्चना की जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी और मंदसौर में हुए महासोमयज्ञ पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

## ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मृत्यु

**मन्दसौर।** जिले के अफजलपुर थाना क्षेत्र के गुर्जरबर्डिया चौपाटी सीतामऊ मंदसौर रोड़ पर ट्रेक्टर क्र. एमपी 14 एडी 7585 के आरोपी चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटरसाइकिल क्र. एमपी 14 जेडइ 2668 के चालक पंकज पिता देवीलाल पाटीदार निवासी देवरी को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा ३ अप्रैल के रात करीब 9.20 बजे का है। जिसकी रिपोर्ट विनोद पिता सुरेश प्रजापत निवासी पिपल्या कराड़िया ने की। जिस पर ट्रेक्टर चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया।

## लापता बालिका को ढूँढा, 13 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई करते हुए शहर कोतवाली मंदसौर पुलिस ने 10 माह पूर्व अलावदाखेड़ी से अपहत हुई 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को नीमच के कानाखेड़ा से सुरक्षित बरामद कर लिया है। उल्लेखनीय है कि 13 जून 2025 को बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद से पुलिस टीमें लगातार साइबर सेल की मदद से नीमच और राजस्थान के विभिन्न इलाकों में दबिश दे रही थीं। अंततः 11 अप्रैल को पुलिस ने बालिका को बरामद कर आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। बालिका के कथनों के आधार पर प्रकरण में पाक्सो एक्ट और बलात्कार संबंधी धाराएं बढ़ाई गई हैं। पकड़ा गया आरोपी शातिर अपराधी है, जो थाना पिपलियामंडी के वर्ष 2013 के एक नकबजनी के मामले में भी पिछले 13 वर्षों से फरार चल रहा था।

## शादी से इंकार पर सोशल मीडिया पर डाले फोटो

**रतलाम।** औद्योगिक क्षेत्र थाना इलाके की रहने वाली एक युवती के शादी से इनकार करने पर नागदा (उज्जैन) के एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर उसके फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद युवक ने 15 फरवरी को शादी का प्रस्ताव रखा था, जिसे ठुकराने पर उसने युवती को जान से मारने की धमकी दी।

# नित्यानंद आश्रम में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

## 311 मरीजों का हुआ उपचार – विभिन्न रोगों का हुआ निदान – 6 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

श्री केशव भगवान महानिर्वाण शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत नित्यानंद आश्रम में चल रहे विभिन्न धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में शनिवार को इंदौर के सुप्रसिद्ध श्री अरबिंदो हॉस्पिटल के सहयोग से एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञों की टीम ने कुल 311 मरीजों के विभिन्न रोगों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं।



शिविर का भव्य शुभारंभ परम पूज्य श्री श्री 1008 अवधूत नर्मदानन्द बाप जी, श्री आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद जी महाराज, श्री निर्मल पीठाधीश्वर श्री महंत ज्ञानदेव जी महाराज एवं ब्रह्मचारी महेश चन्द्र जी महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण और ग्रामीण उपस्थित थे।

शिविर में अरबिंदो हॉस्पिटल के 21 अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। इसमें कैंसर, किडनी, नाक-कान-गला नेत्र रोग और सामान्य बीमारियों के विशेषज्ञों ने मरीजों की बारीकी से जांच की। नेत्र परीक्षण के दौरान 6 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें ऑपरेशन के लिए इंदौर भेजा जाएगा।

जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति, रतलाम द्वारा संचालित इस निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रकोष्ठ के सफल आयोजन पर गुरुदेव परम पूज्य श्री श्री 1008 अवधूत नर्मदानन्द बाप जी ने प्रसन्नता व्यक्त की। शिविर के समापन पर पूज्य गुरुदेव ने सभी डॉक्टरों को अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। गुरुदेव ने हॉस्पिटल की टीम की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से ही समाज का कल्याण संभव है।

सहयोग और आभार इस आयोजन में जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति का विशेष सहयोग रहा। समिति के सदस्यों ने शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# रामाश्रय पाण्डेय ने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

भारतीय रेल इंजीनियर्स सेवा के 1990 बैच के वरिष्ठ अधिकारी श्री रामाश्रय पाण्डेय ने शुक्रवार, 10 अप्रैल, को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले आप पूर्व मध्य रेलवे, पटना में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण/दक्षिण) के पद पर कार्यरत थे।



अपने उत्कृष्ट कैरियर के दौरान श्री पाण्डेय ने उत्तर पूर्व रेलवे के वाराणसी मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में तथा उत्तर रेलवे, नई दिल्ली में मुख्य इंजीनियर के पद पर कार्य किया है। आपने गोरखपुर एवं समस्तीपुर में उप मुख्य इंजीनियर, रेलवे बोर्ड में सदस्य इंजीनियरिंग के विशेष कार्याधिकारी रेलवे बोर्ड में निदेशक सतर्कता तथा हाजीपुर में उप मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएँ दी हैं। आप रेल विकास निगम लिमिटेड में ग्रुप जनरल मैनेजर के रूप में भी कार्यरत रहे, जहाँ आपने कई महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया।

श्री पाण्डेय आईआईटी रुड़की से बी.टेक. तथा आईआईटी दिल्ली से एम.टेक. की डिग्री प्राप्त कर चुके हैं। रेल परिचालन तथा आधारभूत संरचना प्रबंधन के क्षेत्रों में श्री पाण्डेय ने व्यापक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने इटली में ट्रैक रिकॉर्डिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया, सिंगापुर एवं मलेशिया में एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम पूरा किया, स्पेन में हाई-स्पीड ट्रेन परिचालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा तुर्की एवं नॉर्वे में सुरंग निर्माण तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।श्री पाण्डेय को आधारभूत संरचना के निर्माण तथा प्रबंधन एवं प्रशासन का व्यापक अनुभव प्राप्त है। आप अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच समान रूप से लोकप्रिय हैं और पूर्ण विश्वास है कि आपके गतिशील नेतृत्व में पश्चिम रेलवे नई उपलब्धियाँ हासिल करते हुए नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी।



## शासकीय बा.उ.मा. विद्यालय द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई

**पिपलिया मंडी।** टभारत के महान समाज सुधारक, शिक्षा के अग्रदूत, समता स्वतंत्रता बंधुता और न्याय के पक्षधर महात्मा ज्योतिबा फुले साहब की जयंती के अवसर पर आज.. एकीकृत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन के प्राचार्य श्री बी.आर. सिसोदिया के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले चौराहा पर जाकर महामना ज्योतिबा फुले साहब और क्रांति ज्योति ज्ञान माता सावित्रीबाई फुले को नमन वंदन कर पुष्पार्पण एवं माल्यार्पण कर उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने की शपथ लेते हुए उनकी जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्टाफ के वरिष्ठ सदस्य श्री दीनदयाल सिंह शक्तावत श्रीमती अंजुम शाह नीरज सोनी श्रीमती रीना वर्मा श्रीमती पूनम परमार श्रीमती सीमा बड़वाल श्री नरेश कुमार वर्मा जगदीश चंद्र मेघवाल अंकित चावड़ा गंगा पालडिया विनोद कुमार पाटीदार प्रमोद कुमार बुनकर कन्हैयालाल सेन एवं स्थानीय गणमान्य उपस्थित रहे।

## देर रात शोर मचा रहे दो डीजे वाहन पुलिस ने जब्त किये

**मन्दसौर।** जिला कलेक्टर द्वारा ध्वनि प्रदूषण और कानून-व्यवस्था को लेकर जारी आदेशों के पालन में एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देशन एवं सीएसपी जितेन्द्र सिंह भास्कर के मार्गदर्शन में थाना वायडी नगर पुलिस ने देर रात बिना अनुमति शोर मचा रहे दो डीजे पिकअप वाहनों को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी निरीक्षक शिवांशु मालवीय के नेतृत्व में सउनि अजय सिंह बघेल अपनी टीम के साथ 11 अप्रैल की रात गश्त पर थे। रात करीब २ बजे जग्गाखेड़ी क्षेत्र स्थित मनोकामना रिसॉर्ट के सामने वाली गली में दो डीजे पिकअप वाहन अत्यंत तेज आवाज में बजते हुए पाए गए। जब पुलिस टीम ने मौके पर शादी आयोजकों से डीजे बजाने की अनुमति के संबंध में पूछताछ की, तो वे कोई भी वैध दस्तावेज या अनुमति पत्र पेश नहीं कर पाए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो महिंद्रा पिकअप क्र. आरजे 27 जीएफ 1217 और आरजे 27 जीई 0074 को मौके पर ही जब्त कर लिया। पुलिस ने दोनों वाहनों के चालकों के विरुद्ध मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 7/15 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## श्री अनिल जैन दक्षिण पूर्व रेलवे महाप्रबंधक बने

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

भारतीय रेल विभाग को दक्षिण पूर्व रेलवे को एक अनुभवी और दूरदर्शी नेतृत्व प्राप्त हुआ है। भारतीय रेलवे के वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारी नीमच निवासी श्री अनिल कुमार जैन ने महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अपनी नवीन नियुक्ति से पूर्व वे उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर में प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता के पद पर कार्यरत थे। उनके इस महत्वपूर्ण पदभार ग्रहण करने से नीमच सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

भारतीय रेलवे विद्युत सेवा (ढ्ढक्रस्श्वश्व) के 1990 बैच के वरिष्ठ अधिकारी श्री जैन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रामपुरा से प्राप्त की।



इसके पश्चात उन्होंने जीईसी, उज्जैन से बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) तथा आईआईटी दिल्ली से एम.टेक. (स्वर्ण पदक) की उपाधि अर्जित की।

श्री जैन, श्री रमेश चन्द्र जैन (सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर) एवं श्रीमती पवन कुमारी जैन, निवासी नीमच, के सुपुत्र हैं। उनके भाई श्री मनोज जैन नीमच में ,ष्ठश्वह्र के पद पर कार्यरत हैं। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती विधु जैन चितौडगढ़ की निवासी हैं। श्री जैन अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों तथा अपने गुरुजनों, विशेष रूप से श्री अरविन्द लक्कड़ को देते हैं, जिन्होंने उनके छात्र जीवन में मार्गदर्शन किया।

अपने उत्कृष्ट एवं बहुआयामी सेवाकाल में श्री जैन ने भारतीय रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने दक्षिण रेलवे में लगभग 10 वर्षों तक सहायक विद्युत अभियंता, मंडल विद्युत अभियंता तथा उपमुख्य मुख्य विद्युत अभियंता (मुख्यालय) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। आपकी उपलब्धि पर इष्ट मित्रों रेलवे कर्मचारी संघ तथा पेंशनर संघ नीमच ने भी शुभकामनाएं दी है।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी – श्री सिंह

**नीमच ।** प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह ने बैठक में अधिकारियों से चर्चा में कहा कि समाज में और समुदाय विशेष में यदि बाल विवाह होते हैं तो उनकी रोकथाम के लिए समाज एवं समुदाय विशेष के लोगों में व्यापक जन जागरूकता के प्रयास किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने नीमच जिले में बांछड़ा समुदाय के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलाए जा रहे पंख अभियान की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जिले में नगरीय निकायों और जलनिगम , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छ और साफ पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी। मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री सिंह ने जिला प्रशासन नीमच द्वारा संचालित किया जा रहे पंख अभियान नीमच को सराहनीय पहल बताया। कलेक्टर ने आयोग के अध्यक्ष को अवगत कराया कि नीमच जिले में नागरिकों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए गांधी सागर से हर घर नल से जल योजना का कार्य तेजी से चल रहा है और शीघ्र ही जिले के सभी गांव में जल जीवन मिशन के तहत नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।

## शराब की लत से मुक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला 12 अप्रैल को

**रतलाम।** शराब (अतिमद्यपान) की समस्या से जूझ रहे लोगों को मार्गदर्शन देने के लिए एल्कोहोलिक्स एनोनिमस (एए) के प्रशांति ग्रुप द्वारा रविवार, 12अप्रैल को होटल समता सागर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। संस्था के अनुसार, 12 कदमों के कार्यक्रम के माध्यम से शराब की लत को एक बीमारी मानते हुए उससे उबरने में सहायता दी जाती है। रतलाम सहित आसपास के क्षेत्रों में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और कई लोग सामान्य जीवन की ओर लौटे हैं। इच्छुक व्यक्ति कार्यशाला में शामिल होकर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

# कांग्रेस ने फुलेबा एवं कस्तूरबा गांधी की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी

महात्मा ज्योतिबाफुले एवं कस्तूरबा गांधी की जयंती शनिवार को प्रातः 10 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाई गई,सर्वप्रथम ज्योतिबाफुले की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर मौजूद कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण किया।



इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबाफुले (1827-1890) 19 वी सदी के प्रमुख भारतीय समाज सुधारक थे, जिनके विचारों का केंद्र सामाजिक समानता, शिक्षा और जाति विरोधी संघर्ष था। उनके मुख्य विचार स्त्री पुरुष समानता,निचली जातियों के सशक्तिकरण, तर्कवाद ओर धर्म मे व्याप्त पांखड के विरोध पर आधारित थे।शर्मा ने कहा कि कस्तुरबा गांधी को दक्षिण अफ्रीका ओर भारत मे ब्रिटिश सरकार द्वारा कई बार जेल में डाला गया था।उन्होंने 1913 में दक्षिण अफ्रीका में अन्यायपूर्ण विवाह कानूनों के खिलाफ संघर्ष करते हुवे पहलीबार जेल की सजा काटी ओर बाद में भारत मे स्वतंत्रता आंदोलनों विशेषकर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान पुणे की आगा खान पैलेस जेल में अंतिम समय तक कैद रही। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि फुलेबा का द्रढ विश्वास था कि शिक्षा विशेषकर स्त्री और शूद्रों की ही सामाजिक दक्षता से मुक्ति का एकमात्र मार्ग है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा माली,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष तुलसीराम पाटीदार,अनिल बोराना,नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता,माली समाज के वरिष्ठ, कांग्रेस नेता भूपेंद्र महावर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर पूर्व नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,नव नियुक्त मंडलम अध्यक्ष विष्णु फरक्या घीसालाल उणियारा, बंशीलाल पाटीदार पटेल,दिनेश गुप्ता काचरिया, जिला कांग्रेस के सचिव अनिता खोखर, किशनलाल चौहान,महेंद्र गेहलोत, अनिल गुर्जर, गोपाल राठौर, छोटेलाल सैनी, अनिल मूलासिया,राजुभाई शर्मा, राहुल पाटीदार,जानकीलाल टेलर, मनोहर जाधव, दशरथ सुथार,जयंतीलाल भंडारी, जयदीप राठौर,अंकित मूंदड़ा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

इसी तरह माली समाज के वरिष्ठ कचरमल राठौर, फौजी भाई भंवरलाल सैनी,पूर्व पार्षद मन्नालाल राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।इस उपलक्ष्य में युवा संगठन द्वारा वाहन रैली भी निकाली गई।

## न्यूज कालम



## मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष का स्वयंसेवी संस्थाओं ने किया स्वागत

**नीमच ।** मध्य प्रदेश राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह ने शनिवार को नीमच के सर्किट हाउस पर मानव अधिकार आयोग मित्र, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारियों से भेट एवं चर्चा की। मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह के सर्किट हाउस नीमच पहुंचने पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल एडीएम श्री बीएस कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया एसडीएम श्री संजीव साहू, सीएस पी सुश्री किरण चौहान एवं मानव अधिकार आयोग मित्रों स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेटकर, आयोग के अध्यक्ष श्री सिंह का आत्मीय स्वागत स्वागत किया। इसके पूर्व मनसा में भी अध्यक्ष का स्वागत समाजसेवी संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।इस अवसर पर आयोग मित्र श्री कमला शंकर विश्वकर्मा, श्री के के जैन, श्री कमला शंकर विश्वकर्मा, बाल कल्याण समिति के श्री प्रवीण कुमार शर्मा, सुश्री माया लालवानी निशक्त कल्याण संगठन के श्री मानक मोदी, संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था के श्री जगदीश शर्मा सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह का स्वागत किया और उनसे भेंट कर चर्चा की।

## 19 अप्रैल को ब्राह्मण समाज मनाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव



**मन्दसौर।** आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर सकल ब्राह्मण समाज द्वारा आराध्य भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा की अध्यक्षता में रामटेकरी स्थित परशुराम वाटिका में बैठक संपन्न हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 अप्रैल को सुबह पूजन-हवन के पश्चात सायंकाल भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जो संजय उद्यान में संपन्न होगा। इससे पूर्व 18 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन होगा। समाज ने एक आदर्श संदेश देते हुए निर्णय लिया है कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और ईंधन की बचत की आवश्यकता को देखते हुए इस वर्ष वाहन रैली नहीं निकाली जाएगी। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी, ललित भारद्वाज, शिक्षाविद रमेशचंद्र चन्द्रे, जितेंद्र व्यास, चेतन जोशी, हरिशंकर शर्मा, हरीश दवे, मोहनलाल शर्मा सहित समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और महिला मंडल की सदस्य उपस्थित थीं।

## उप मुख्यमंत्री ने गांव चलो अभियान के तहत ग्रामीणों से किया संवाद



**मन्दसौर।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने गांव चलो अभियान के तहत जिले के ग्राम मुंदड़ी, सिंदपन, ढाबला चौपाटी और बादपुर सहित विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आम नागरिकों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। श्री देवड़ा ने घोषणा की कि आगामी एक वर्ष में मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के जरिए हर खेत तक चंबल का पानी पहुंचाया जाएगा, जिससे सिंचाई और बिजली की समस्या का स्थायी समाधान होगा। उप मुख्यमंत्री ने आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं से गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार आया है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, गांव की स्वच्छता और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित सहित कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संयुक्त माली समाज ने समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई



**मन्दसौर।** संयुक्त माली समाज मंदसौर द्वारा देश के प्रथम समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती गोल चौराहा स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, भाजपा नेता विजय सुराणा, विनय दुबेला, अनिल कियावत, विनोद डगवार, राजेश गुर्जर, नीलेश जैन, कांग्रेस नेता अजय लोढ़ा, मनोहर नाहटा, मनजीतसिंह मनी, संजय भाटी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि महात्मा फुले महिला शिक्षा और सामाजिक समरसता के प्रबल हिमायती थे, उन्होंने समाज को नई दिशा दी। कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों का विशेष सम्मान किया गया। इसके साथ ही इंडिया टैलेंट सिंगिंग कॉम्पिटिशन में चौथा राउंड जीतकर टॉप-5 में स्थान बनाने वाली नवोदित गायिका अनीता माली का भी माली समाज द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप भाटी ने किया तथा आभार मुकेश गहलोत ने माना।



## मटका व्यापार पर सन्नाटा : बदले मौसम ने किया बर्बाद, कारीगरों के हाथ खाली

**सारंगपुर।** गरीबों का फ्रिज कहे जाने वाले मिट्टी के मटकों का परंपरागत धंधा अब खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। आधुनिक आरओ वाटर कैंपर, फ्रिज, मौसम की बेरुखी ने प्रजापति समाज के कारीगरों की कमर तोड दी है। पिछले साल की तुलना में इस बार व्यापार में 50 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। मार्च-अप्रैल में हुई रुक-रुक कर बारिश ने गर्मी का मौसम ठंडा कर दिया। इससे मटका खरीदने वाले ग्राहक नहीं पहुंचे। शहर व गांव दोनों जगह अब लोग 20 रुपये में घर-दुकान तक आरओ कैंपर मंगवा रहे हैं। नतीजतन मिट्टी के मटके बिक नहीं पा रहे। महंगाई ने मिट्टी, अन्य कच्चे माल की कीमत बढा दी है। मजदूरी भी बढ गई है। समय पर कामगार नहीं मिल रहे। प्रजापति समाज के पूरन प्रजापति कहते हैं कि पहले हर घर में पांच-पांच मटके जाते थे। अब लोग छोटे-छोटे मटके भी सिर्फ रस्म अदा करने के लिए खरीद रहे हैं। अक्षय तृतीया पर भी पहले जैसी भीड नहीं दिख रही। फरवरी से मार्च-अप्रैल तक लगातार रुक-रुक कर बारिश होती रही। गर्मी का अहसास ही नहीं हुआ। इससे मटका खरीदने की परंपरा टूट गई। गांवों में पहले अक्षय तृतीया पर बडे-बडे मटके बिकते थे। इस बार छोटे मटके भी कम बिक रहे हैं। शहर में आरओ पानी घर-दुकान पहुंचाने का धंधा तेजी से बढ रहा है। लोग अब मटके की जगह कैंपर रख रहे हैं। इससे न सिर्फ मटका व्यापार प्रभावित हुआ है, बल्कि ठंडे पानी से पेट की बीमारियां भी बढ रही हैं।

## हर घर जल के वादे पर खरी उतरी नगर पालिका परिषद



**खाचरौद।** नगर के वार्ड 01 एवं 02 अंतर्गत आने वाले क्षेत्र श्रीराम कॉलोनी में वर्षो उपरांत जलप्रदाय प्रारम्भ किया गया। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने बताया कि नगर के वार्ड 01 एवं 02 में आने वाले क्षेत्र श्रीराम कॉलोनी जो कि रेल्वे पटरी के उस पर जावरा रोड़ पर स्थित हैं जहां पर बड़ी संख्या में नगर के नागरिक निवास करते हैं। वहां पर आज तक नल जल योजना लागू नही हुई थी और चम्बल का पानी नही पहुंचा था। नागरिक हेण्ड पम्प एवं टेंकरों से पानी की आपूर्ती करते थे। वैवाहिक एवं अन्य सामाजिक कार्यो में भी पेयजल हेतु काफी परेशानियों का सामना क्षेत्रवासी करते थे। उक्त क्षेत्र में पाइप लाइन डालकर जलप्रदाय हेतु स्थानीय रहवासियों द्वारा मांग की जा रही थी। जिस पर नगर पालिका परिषद द्वारा उक्त क्षेत्र में जलप्रदाय कार्य का शुभारंभ किया गया। जलप्रदाय से अभिभूत क्षेत्रवासियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा एवं उपस्थित पार्षदों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद दशरथ वाकतारिया, प्रकाश डाबी, नारायण मंडावलिया, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, संजय नंदेड़ा, बाबू नागर, जितेन्द्र पांचाल, क्षेत्रवासी जगदीश खटोलिया, राधाकिशन पांचाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## किसान के बाड़े में लगी भीषण आग, गोवंश की जिंदा जलकर मौत, दो बैल गंभीर

**शाजापुर।** जिले के ग्राम पथरिया बल्डी में रहने वाले किसान के मवेशियों वाले बाड़े और टीन शेड में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी विकराल थी कि इसमें रखा मवेशियों का चारा (भूसा) और लकड़ियां जलकर खाक हो गईं। इस हृदयविदारक घटना में एक गोवंश की जिंदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य बैल बुरी तरह झुलस गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पथरिया बल्डी निवासी किसान शंकरलाल पिता देवीसिंह गुर्जर और उनके दो अन्य भाइयों के घर के बाहर मवेशियों के लिए एक टीन शेड बना हुआ है। इसमें सूखा भूसा भरा हुआ था और पास ही लकड़ियों का ढेर लगा था। दोपहर करीब डेढ़ बजे अचानक लकड़ियों के ढेर में आग लग गई। घटना के वक्त किसान शंकरलाल एक शादी समारोह में शामिल होने बाहर गए हुए थे, और परिवार के अन्य सदस्य खेत पर काम कर रहे थे। बाड़े से धुआं उठता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। उन्होंने तुरंत शंकरलाल को फोन पर सूचना दी और ट्रैक्टरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## जंगली सुअर के हमले में व्यक्ति की मौत, गांव में शोक की लहर

**महिदपुर।** ग्राम सेमल्या निवासी शांतिलाल सोलंकी की जंगली जानवर के हमले में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के



अनुसार, शांतिलाल सोलंकी शुक्रवार, 10 अप्रैल को अपने गांव से महिदपुर गेहूं पंजीयन कार्य हेतु मोटरसाइकिल से जा रहे थे। रास्ते में पिलिया खाल के पास अचानक एक जंगली सुअर उनकी बाइक से टकरा गया, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वे बेहोश हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें सिविल अस्पताल महिदपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर उज्जैन रेफर कर दिया गया। उज्जैन के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की खबर से पूरे ग्राम सेमल्या में शोक की लहर फैल गई। शनिवार को गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सारंगपुर में दो खरीदी केंद्रों का शुभारंभ, किसान का किया स्वागत

# गेहूँ उपार्जन केंद्रों पर सबसे पहले तौल करने वाले किसानों का किया सम्मान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।**





सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने भल्ला वेयरहाउस, बिगनोदीपुरा स्थित सहकारी समिति बालोंडी खरीदी केंद्र आदि का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री टेटवाल ने खरीदी केंद्रों पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि हर किसान को उसकी उपज का सही तौल और उचित मूल्य मिलना चाहिए। उन्होंने वेयरहाउस प्रबंधन और कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि तौल प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही या गडबडी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिए ठंडे एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और बैठने की समुचित सुविधा सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही छोटे किसानों को प्राथमिकता के साथ गेहूं खरीदी का लाभ देने पर भी जोर दिया। शुभारंभ के दौरान मंत्री टेटवाल ने गेहूं खरीदी की व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरी हों, जिससे किसानों का विश्वास मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि किसानों को हर स्तर पर सुविधा, सम्मान और पारदर्शिता मिले, जिससे वे सशक्त बनें और उनकी आय में वृद्धि हो। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, जनपद अध्यक्ष देव नागर, गिरिवर भंडारी, विनोद पाटीदार, ध्रुव भल्ला सहित बडी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

**महिदपुर रोड**

क्षैत्र के तीन गेहूं उपार्जन केंद्रों पर शुक्रवार से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स मारोह पूर्वक समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारंभ हुआ। इस दौरान विधायक दिनेश जैन बोस ने उपार्जन केंद्रों पर पहुंच कर प्रथम गेहूं की ट्राली उपार्जन कें द्रों पर लाने वाले किसानों का पुष्प माला पहना कर स्वागत किया।

विधायक जैन ने उपार्जन केंद्रों पर उपस्थित कर्म चारियों को अपनी उपज लेकर आने वाले किसानों को समुचित सुविधा देने के बारे में कहा विधायक जैन के साथ भरत शर्मा सरपंच भरत जाट उपसरपंच मांगीलाल आंज ना तथा अन्य मौजूद रहे।

दूसरी और मंडल अध्यक्ष गुर चरण सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष संदीप व्यास, राजेश कांठेड, गोपाल बैरा गी रमेश कुमावत, हरिसिंह चूण्डावत राजेंद्र सिंह भूपेश कसेरा, लाल सिंह पंवार आदि ने भी गेहू उपार्जन केंद्रों पर पहुंचकर किसानों का स्वागत किया उपार्जन केंद्र पर पहुंचे विधायक जैन सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत जिला सह कारी केंद्रीय बैंक की शाखा प्रबंधक संजय मेहता एवं सेवा सहकारी संस्था गोगापुर के प्रबंधक बने सिंह चौहान, सेवा सहकारी संस्था झुटावद के प्रबंधक मुकेश शर्मा, सेवा सहकारी संस्था कोयल के प्रबंधक राहुल कुमार दोहरे, रमेश पंड्या तथा सेवा सहकारी संस्था सग वाली के प्रबंध क घनश्याम सिंह राठौर तथा अन्य कर्मचा रियों ने किया। गेहूं उपार्जन केंद्रों पर पहले दिन की व्यवस्था पर अपनी उपज गेहूं का तोल करने आये किशन बैरागी, राम सिंह, रामलाल, फूंदालाल, राधेश्याम, कनीराम, बलवंत, हजारी लाल गरासिया आदि ने संतोष व्यक्त किया।

### भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कमल ध्वज वंदन

## कार्यकर्ता सम्मेलन, तपोनिष्ठ साधक व लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह संपन्न

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर।**



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को निजी गार्डन में बड़नगर विधानसभा के तपोनिष्ठ साधक, लोकतंत्र सेनानियों का अभिनन्दन, कार्यकता सम्मेलन (दीपक से कमल तक) संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता, उज्जैन संभाग प्रभारी प्रदेश महामंत्री एवं सागर सासंद डॉ. लता वानखेड़े, क्षेत्रीय सासंद अनिल फिरोजिया, जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, उज्जैन जिला प्रभारी बबीता परमार, विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर समस्त अतिथियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के ध्वज का वंदन किया गय। तत्पश्चात तपोनिष्ठ साधको की चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन कर श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रजव्वलित किया गया। स्वागत भाषण एवं अतिथि परिचय विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या द्वारा किया गया। मंचासिन अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजयराजसिंह राठौर, मुकेश व्यास, महेश हारोड़, गोपाल आंजना, नवीन राठौड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित तनोनिष्ठ साधको के परिवारजनो को अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं दुपट्टा एवं श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया साथ ही विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या का इस ऐतिहासिक एवं अनूठे आयोजन करने हेतु मंचासिन समस्त अतिथियो द्वारा दिल खोलकर प्रशन्नसा की । स्वागत भाषण एवं अतिथि परिचय पर बोलते हुए विधायक पण्ड्या द्वारा तपोनिष्ठ साधको के सम्मान में मातृभूमि को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने का भाव हृदय में संजोकर कंटकार्कीण मार्ग को अपना ध्येय पथ मान प्रण-प्राण से अपना सर्वस्य समर्पित किया। आपके इस काल दधिचि कार्य को मेरा कोटि-कोटि नमन। कार्यक्रम का संचालन विराग मिश्रा एवं लोकेन्द्रसिंह पंवार ने किया।

## कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा की

**ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकासखंडों में पेयजल व्यवस्थाओं, हैंडपंपों की स्थिति तथा जल स्तर की समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में जितने भी हैंडपंप खराब हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दुरुस्त किया जाए। साथ ही सारंगपुर एवं नरसिंहगढ़ क्षेत्रों में जल स्तर की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि संभावित पेयजल संकट से समय रहते निपटा जा सके। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी तीन माह पेयजल व्यवस्था के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, अतः सभी अधिकारी निरंतर फील्ड में रहकर कार्यों की मॉनिटरिंग करें। प्रत्येक सप्ताह की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रस्तावित हैंडपंपों की संख्या एवं उनकी व्यवहार्यता पर भी गहन समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक बोर प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इसी के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैकेनिक दलों की सक्रियता पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक विकासखंड में मैकेनिक टीम प्रभावी रूप से कार्य करें।

## मुख्यमंत्री से गऊ घाट निर्माण का अनुरोध

**महिदपुर।** आगामी सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के बीच उज्जैन क्षिप्रा नदी के तटों पर प्राचीन परंपरा के अनुसार गऊ घाट (पशुओं के लिए ढालदार घाट) बनाने का सुझाव शासन को दिया गया है। अश्विनी शोध एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा इस संबंध में मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आर.सी. ठाकुर ने बताया कि मानवीय उपयोग के घाटों के साथ-साथ विशेष रूप से गऊ घाटों का निर्माण भी शामिल किया जाना चाहिए।

### लड़ते सांड बने मुसीबत, व्यापारियों को उठाना पड़ रहा नुकसान

## सांडों का आतंक: बाजार में मच रही अफरा-तफरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर।**

नगर के नगरीय क्षेत्र में इन दिनों आवारा सांडों की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। आए दिन सांडों की आपसी लड़ाई बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों तक पहुंच रही है, जिससे आमजन, राहगीरों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोग अब बाजार में निकलते समय भी भय महसूस करने लगे हैं। बीते दिन पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो सांड आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों सांड लड़ते-लड़ते एक मेडिकल दुकान के काउंटर तक जा घुसे। करीब एक मिनट तक चली इस जोरदार भिड़ंत के दौरान दुकान में मौजूद ग्राहक और कर्मचारी अपनी जान बचाकर बाहर की ओर भागे। घटना के चलते पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और कुछ समय के लिए बाजार की गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। हालांकि इस घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन दुकान में रखे सामान को नुकसान पहुंचा है। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी डाक बंगला क्षेत्र में सांडों की लड़ाई के कारण खड़ी बाइकों को नुकसान पहुंच चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में आवारा सांडों की संख्या लगातार बढ़ रही है और ये अक्सर समूह में घूमते रहते हैं। अचानक आपस में लड़ पड़ने पर ये सांड आसपास खड़े लोगों, वाहनों और दुकानों के लिए खतरा बन जाते हैं।

### नपा में व्याप्त भ्रष्टाचार, लापरवाही, अव्यवस्थाओं के विरोध में युवा कांग्रेस का धरना प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## टैक्स जनता जमा करे, पैसा मंत्रियों की जेब में, मोदीजी ऐसा कर रहे,मोदीजी वैसा कर रहे, हम जेब भर रहे, सरकारी पैसे का दुरुपयोग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा**




राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर पालिका परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार, लापरवाही, एवं अव्यवस्थाओं के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा पीपल चौराहे पर जिला कॉग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया तथा महामहिम राज्यपाल के नाम 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम ब्यावरा को सोपा गया, जिसमे नगर पालिका द्वारा किए गए विकास कार्यों में अनियमित एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य, पेवर्स कार्य में भ्रष्टाचार, डिवाइडर घोटाला, अजनार नदी की दुर्दशा, प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता, भीषण पैयजल संकट, स्वच्छता व सड़क निर्माण में लापरवाही, स्ट्रीट लाइट की कमी, ट्रैफिक, पार्किंग और आवारा मवेशियों की समस्याओ को लेकर धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने कहा कि सरकारी टैक्स जनता जमा करे और पैसा मंत्रियों की जेब में, भाजपा शासनकाल में जनता परेशान और सरकार कहती है कि हम विश्व गुरु बनेंगे, स्वच्छता के मामले में इंदौर की स्थिति इतनी खराब है कि ब्यावर शहर का नाम लेना बेकार, नगर पालिका मे जमकर कमीशन खोरी हो रही, भाजपा लाडली बहनो और एलपीजी गैस की घोषणा करके मुकर गई, भाजपाई कहते है कि मोदी जी ऐसा कर रहे मोदी जी वैसा कर रहे और हम जेब भर रहे 20 साल से खेती को लाभ का धंधा बनाने की बात कर रहे, मुख्यमंत्री एक बीघा में 50 क्विंटल की पैदावार करने तथा गुड़ की खेती करने की बात करते हैं, पीपल चौराहे पर पार्क का निर्माण किया था उसे भाजपाइयों ने तोड़ दिया जुर्माना के साथ एक एक पाई वसूल की जाएगी, इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## महेन्द्र जाट को महिदपुर तहसील का प्रभारी नियुक्त किया

**महिदपुर रोड।** अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद मध्यप्रदेश के उज्जैन में महा हुकार अधिवेशन को लेकर संगठन के उज्जैन जिले के समाज जनों की बैठक जिला अध्यक्ष बबलू जाट, प्रणव जाट , योगेश जाट की उप स्थिति में कानीपुरा में रखी गई। जिसमें अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर जाट और समाजजनों ने सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण, आरती कर कार्यक्रम का शुंभारंभ किया मुख्य अतिथि अंतर राष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर जाट के नेतृत्व में महिदपुर रोड़ के महेन्द्र बंशीलाल जाट को महिदपुर तहसील का प्रभारी नियुक्त किया गया साथ ही स माज के अन्य सदस्यों को भी विभि न्न पदों की नियुक्ति की जाकर नियुक्ति प्रदान किये गये। इस दौरान जिला अध्यक्ष बबलू जाट, अभिषेक जाट , सचिन जाट, योगेन्द्र सिंह शाक्य, सर्व कल्याण बजरंग दल उज्जैन के संस्थापक अध्यक्ष मुरली निगम , युवा प्रदेश अध्यक्ष देवराम जाट, गौ रक्षा परिषद प्रदेश अध्यक्ष विशाल नागर, गौरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष राहुल चावड़ा, जिला उपाध्यक्ष लोकेन्द्र परमार आदि उपस्थित रहे।

## संदीप लववंशी का एसएसबी में सहायक कमांडेंट पद पर चयन

**सारंगपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 18 जयनगर निवासी रमेशचंद्र लववंशी के पुत्र संदीप लववंशी का चयन



भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन सशस्त्र सीमा बल में सहायक कमांडेंट पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से परिवार, समाज और नगर में हर्ष का माहौल है। संदीप लववंशी वर्तमान में गृह मंत्रालय के अंतर्गत जूनियर अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों के दम पर उन्होंने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। संदीप का इससे पूर्व भी कई शासकीय सेवाओं में चयन हो चुका है। वे दो बार पुलिस विभाग में वायरलेस कांस्टेबल व एक बार सब-इंस्पेक्टर पद के लिए भी चयनित हो चुके हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## म.प्र. पुलिस स्पेशल आर्म्स फोर्स में चयन हुआ,प्रदेश में आई 67 वीं रैंक

**तराना।** नेहरू कॉलोनी निवासी पलकेश सोनी पंजाबी (29) का मध्य प्रदेश पुलिस स्पेशल आर्म्स फोर्स में



आरक्षण के पद पर चयन हुआ है ।यह परिणाम9 अप्रैल को आए थे। पूरे प्रदेश में इस परीक्षा के लिए करीब 9 लाख आवेदन आए थे 54 हजार अभ्यर्थी फिजिकल परीक्षा के लिए आए थे। उसमें से 6000 पास हुए हैं। पलकेश की प्रदेश में 67 वी रैंक आई है। 2023 में पिताजी का निधन हो गया था। घर में पलकेश एवं उनकी मम्मी हैं परिणाम आने पर मम्मी के द्वारा मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। पलकेश ने बताया है कि वह पिछले 6 से 7 साल से डिफेंस के लिए तैयारी कर रहे थे इस दौरान निजी स्कूलों में गणित के शिक्षक भी रहे ।पलकेश ने बताया कि यदि आप लगातार कोशिश करते रहेंगे तो सफलता मिलना तय है।

## बिना सरपंच की अनुमति और गुणवत्ता के, जल निगम को नहीं करने देंगे कार्य



**महिदपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं, विशेषकर पेयजल आपूर्ति को लेकर विधायक दिनेश जैन 'बोस' कड़े तेवर में नजर आए। जनपद सभागृह में आयोजित एक विशेष बैठक में विधायक ने जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रति भारी नाराजगी व्यक्त की। बैठक में एसडीएम अजय हिंगे, जनपद सीईओ मीना झा सहित पंचायत विभाग के अधिकारी और सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे। बैठक में जल निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए विधायक ने सरपंचों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जल निगम को नियम विरुद्ध या बिना ग्राम पंचायत की अनुमति के कार्य न करने दिया जाए। उन्होंने कहा कि जहाँ भी पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई की गई है, वहाँ जब तक गुणवत्तापूर्ण 'रिस्टोरेशन' (सड़क सुधार) न हो, तब तक प्रमाण पत्र न दिया जाए। विधायक ने दो टूक कहा कि ग्रामीणों की सुविधाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्या प्रत्येक ग्रामीण को प्रतिदिन कम से कम 1 घंटा जल प्रदाय मिल रहा है? क्या पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों का सुधार मानक गुणवत्ता के साथ किया गया है ? प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम अजय हिंगे और जनपद सीईओ मीना झा ने पंचायत विभाग के उपयंत्री और सहायक उपयंत्रियों को सख्त निर्देश दिए हैं। अगले 15 दिनों के भीतर 103 ग्राम पंचायतों का सर्वे कर रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है।

## 'जीरो सिविक सेंस', अक्षय कुमार को देखने के लिए एस्केलेटर की रेलिंग पर चढ़े फैंस



अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अगली फिल्म भूत बंगला के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें एक्टर को देखने के लिए फैंस ने हद पार कर दी। अक्षय कुमार जल्द ही भूत बंगला फिल्म में नजर आने वाले हैं। वे इस समय फिल्म के प्रमोशन करने में व्यस्त हैं। इस बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है, जिसे देखकर लोग चौंक गए, क्योंकि इस वीडियो में अक्षय के फैंस ने उनकी एक झलक पाने के लिए हद पार कर दी। वहीं लोग अब उनकी हरकत देखकर वीडियो पर जीरो सिविक सेंस कमेंट कर रहे हैं।

### एस्केलेटर की रेलिंग पर चढ़े लोग

दरअसल, अक्षय कुमार, वामिका गब्बी और राजपाल यादव ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी मॉल में अपनी आने वाली फिल्म भूत बंगला के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनको देखने के लिए मॉल में फैंस की भीड़ जमा हो गई, और मॉल खचाखच भर गया। इसके कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि भीड़ की वजह से मॉल में पैर रखने की जगह भी नहीं दिख रही है। एक्टर्स को देखने के लिए इतनी तादाद में लोग पहुंचे कि वहां भगदड़ की स्थिति बन सकती थी। इसी से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है, जब जगह नहीं मिलने पर कुछ फैंस तो एस्केलेटर की रेलिंग तक पर चढ़ गए।

### फैंस ने किए मजेदार कमेंट

अब वीडियो सामने आते ही लोग इस पर खूब कमेंट कर रहे हैं। कई यूजर- 'जीरो सिविक सेंस' कमेंट कर रहे हैं, तो वहीं कुछ ने लिखा- 'चरम पर बेरोजगारी।' इसके अलावा भी यूजर्स ने काफी मजेदार कमेंट किए।

### 'भूत बंगला' फिल्म के बारे में

बता दें कि फिल्म 'भूत बंगला' 17 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है। प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की आईकोनिक जोड़ी 14 साल बाद वापस आ रही है, इस वजह से भी फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। मूवी में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, राजपाल यादव, परेश रावल, तबु, मिथिला पालकर अहम किरदार में नजर आएंगे।

फिल्म 'कल्कि संभल' का निर्देशन भरत एस. श्रीनेत कर रहे हैं। इसके निमार्ता अमित जानी हैं। शूटिंग से पहले एस श्रीनेत ने चंदौसी का दौरा किया है।

# 14 अप्रैल से शुरू होगी 'कल्कि संभल' की शूटिंग

## दिखेगी दंगों की झलक, निर्देशक ने किया इलाके का दौरा



साल 1978 के संभल दंगों की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म 'कल्कि संभल' की शूटिंग 14 अप्रैल 2026 से शुरू हो रही है। इस फिल्म का निर्माण 'जानी फायरफॉक्स स्टूडियो' के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म में 1978 में हुई हिंसा और लोगों की त्रासदी की झलक दिखाए जाने की संभावना है। इसमें 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल को भी दिखाया जा सकता है।

### निर्देशक ने किया चंदौसी का दौरा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में 1978 के दंगों की झलक दिखेगी। इसके साथ नवंबर 2024 का घटनाक्रम भी दिखाया जाएगा। इसके निर्देशक भरत एस. श्रीनेत हैं। फिल्म का निर्माण अमित जानी कर रहे हैं। 14 अप्रैल को फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले निर्देशक ने जगह का जायजा लेने के लिए चंदौसी के एसएम कॉलेज का दौरा किया है।

### प्रिंसिपल से मांगी अनुमति

निर्देशक ने कॉलेज परिसर में कई जगहों का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव से शूटिंग की लिखित अनुमति मांगी है। यही नहीं निर्देशक ने सीता रोड पर मौजूद गणेश प्रतिमा, रामबाग धाम पर राम की प्रतिमा का निरीक्षण किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्देशक ने मोहल्ला लक्ष्मणगंज में बावड़ी का का जायजा लिया।

### पोस्टर में क्या है?

मेकर्स ने फिल्म का जो पोस्टर जारी किया है उसमें दो लोगों को दिखाया गया है। एक अब्बाजान, जिन पर 1978 में दंगे भड़काने का इल्जाम है। दूसरा उनके पोते भाईजान, जिन पर 2024 में संभल में हिंसा भड़काने का आरोप है।

### फिल्म की स्टारकास्ट

खबरें यह भी हैं कि फिल्म में महेश मांजरेकर को अब्बाजान के किरदार में, विजय राज को भाईजान के किरदार में और रजनीश दुग्गल को बनवारी लाल गोयल के किरदारों में दिखाया जाएगा।

### क्या बोले अमित जानी?

फिल्म निमार्ता अमित जानी का कहना है कि 1978 के दंगों के दौरान जो हिंदुओं पर अत्याचार हुआ है। उसको दुनिया के सामने लाने के लिए फिल्म बनाई जा रही है। संभल में 1978 के दंगे के दौरान और 24 नवंबर 2024 को हुए बवाल के दौरान राजनीतिक व सामाजिक लोगों की क्या भूमिका थी उसको जगजाहिर किया जाएगा।

## रिलीज के साथ ही 'डकैत' ने कर ली 'धुरंधर 2' की बराबरी?



फिल्म 'धुरंधर 2' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए चौथा वीक चल रहा है। यह फिल्म अब भी करोड़ों में कमाई कर रही है। अब तक ऐसा था कि यह अकेले बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही थी। कल, 10 अप्रैल को इसके सामने फिल्म 'डकैत' रिलीज हुई। दर्शकों की उत्सुकता यह जानने में थी कि आखिर 'धुरंधर 2' के सामने रिलीज होने वाली यह फिल्म कैसी ओपनिंग लेती है? जानिए इस रिपोर्ट में..

### कैसी रही 'डकैत' की शुरूआत?

अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर अभिनीत फिल्म 'डकैत' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें भरपूर एक्शन भी है। क्रिटिक्स से इसे मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। कमाई की बात करें तो सैकनिल्क पर प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, कल शुक्रवार को इस फिल्म ने 6.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 'डकैत' का बजट 70 से 80 करोड़ रुपये के करीब है। इस हिसाब से फिल्म की शुरुआत औसत रही है।

### 'धुरंधर 2' का कैसा रहा प्रदर्शन?

फिल्म ''धुरंधर 2' ने कमाई के मामले में कई रिकॉर्ड नाम किए हैं और 1000 करोड़ क्लब का हिस्सा बन चुकी है। मगर, यहां सवाल यह है कि फिल्म 'डकैत' के आने से इस पर क्या असर पड़ा? तो जवाब है कि कमाई में गिरावट देखी गई है। फिल्म ने गुरुवार को 7.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। वहीं, कल शुक्रवार को 23वे दिन का कलेक्शन 6.70 करोड़ रुपये रहा। फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 1055.19 करोड़ रुपये हो गया है।

### क्या 'डकैत' ने कर डाली 'धुरंधर 2' की बराबरी

फिल्म 'डकैत' ने ओपनिंग डे पर 6.50 करोड़ रुपये कमाए हैं। वहीं, 'धुरंधर 2' ने अदिवि शेष की फिल्म के रिलीज वाले दिन यानी कल शुक्रवार को 6.70 करोड़ रुपये कमाए। 'धुरंधर 2' सिर्फ मामूली अंतर से 'डकैत' से आगे रही। हालांकि, 'डकैत' की रिलीज का रणवीर सिंह की स्पाई एक्शन फिल्म पर असर पड़ा है या नहीं; इसका सही-सही आंकलन वीकएंड पर हो पाएगा।




राजस्थान ने आरसीबी को छह विकेट से हरा दिया। इस सीजन में यह राजस्थान की लगातार चौथी जीत रही। वहीं, आरसीबी को पहली शिकस्त मिली।

# आईपीएल के मौजूदा सीजन में आरसीबी की पहली हार, राजस्थान ने पांचवीं बार 200+ का लक्ष्य हासिल किया

**गुवाहाटी।** ध्रुव जुरेल (81*) और वैभव सूर्यवंशी (78) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने कप्तान रजत पाटीदार की 63 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 201 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने महज 18 ओवर में चार विकेट पर 202 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### राजस्थान की शानदार जीत

आरसीबी की यह इस सीजन की पहली हार है। इससे पहले खेले दोनों मुकाबले टीम ने जीते थे। वहीं, राजस्थान ने लगातार चार मैचों में शानदार जीत दर्ज की है। फिलहाल टीम अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है और उसका नेट रन रेट +2.055 हो गया है। आरसीबी फिलहाल चार अंक और +1.231 के नेट रन रेट लेकर तीसरे पायदान पर है। बता दें कि, राजस्थान ने पांचवीं बार आईपीएल में 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य को हासिल किया। इस मामले में शीर्ष पर पंजाब किंग्स है, जिसने नौ बार यह कारनामा किया है। वहीं, दूसरे स्थान पर छह बार ऐसा करने वाली मुंबई इंडियंस है। वहीं, आरसीबी की आईपीएल में यह 200+ के स्कोर का बचाव करते हुए सातवीं हार है।



### पाटीदार की कप्तानी पारी

इससे पहले, आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और फिल साल्ट बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। देवदत्त पडिक्कल भी 7 गेंदों में 14 रन बनाने के बाद जोफ्रा आर्चर का शिकार बने। विराट कोहली ने 16 गेंदों में 32 रनों का योगदान दिया। क्रुणाल पांड्या सिर्फ एक रन ही बना सके, तो जितेश शर्मा को पांच रनों के स्कोर पर बृजेश शर्मा ने चलता किया। टिम डेविड भी फ्लॉप रहे और वह 9 गेंदों में 13 रन ही बना पाए। हालांकि, कप्तान रजत पाटीदार ने एक छोर संभाले रखा और 40 गेंदों में 63 रनों की दमदार पारी खेली।

### वैभव और जुरेल का तूफान

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। यशस्वी जायसवाल बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और आठ गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल ने मोर्चा संभाला। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 37 गेंदों में 108 रनों की लाजवाब साझेदारी निभाई। वैभव ने सिर्फ 26 गेंदों का सामना करते हुए 78 रनों की धमाकेदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 300 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 8 चौके और सात छक्के लगाए।

# मुंबई इंडियंस में हिटमैन के 15 साल पूरे, भावुक होकर कहा- यहीं सीखी कप्तानी की असली कला

**मुंबई।** रोहित शर्मा ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के साथ अपने 15 साल पूरे होने पर भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने इस लंबे सफर के लिए टीम, सपोर्ट स्टाफ और फ्रेंचाइजी मैनेजमेंट का दिल से आभार जताया। रोहित ने साफ कहा कि जो कुछ भी उन्होंने हासिल किया है, वह टीम के सामूहिक प्रयास का नतीजा है।



### 'आप सभी के बिना यह संभव नहीं था'

रोहित ने अपने साथियों और स्टाफ को धन्यवाद देते हुए कहा, 'आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने इस सफर को इतना खास बनाया। पॉली, हार्दिक, सूर्या, शार्दुल, माली, कोच और आप सभी का शुक्रिया। आप लोगों के प्रयास के बिना यह सब मेरे लिए संभव नहीं होता। यह टीम बहुत ही खास है, यह फ्रेंचाइजी बहुत खास है और इसमें जुड़े लोग भी बेहद खास हैं।'

### पांच खिताब, लेकिन टीमवर्क सबसे अहम

रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं, लेकिन उन्होंने इन उपलब्धियों का श्रेय सिर्फ खुद को नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह सफलता पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का नतीजा है, न कि किसी एक खिलाड़ी की व्यक्तिगत चमक का।

रोहित ने अपने करियर के अहम पड़ावों को याद करते हुए फ्रेंचाइजी के मालिकों और मैनेजमेंट का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, 'हमने पांच ट्रॉफी जीतीं, लेकिन हम सभी जानते हैं कि यह पूरी टीम के प्रयास के बिना संभव नहीं था। आकाश अंबानी यहां नहीं हैं, भाभी भी नहीं हैं, लेकिन मैं उन्हें भी दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। उनका समर्थन उस समय मेरे लिए बेहद जरूरी था, जिससे मैं एक कप्तान और खिलाड़ी के रूप में आगे बढ़ सका। अगर यह फ्रेंचाइजी नहीं होती, तो मैं लीडर बनने की कला नहीं सीख पाता।'

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की आवश्यकता, कार्य समय: दोपहर 12 से रात 9 बजे तक
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की आवश्यकता, वेतन 10 हजार से
कार्य समय: सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्कता हैं**
उद्योगपुरी क्षेत्र हेतु सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार, हाउस कीपर, कंप्यूटर ऑपरेटर
संपर्क उज्जैन:
9893374872

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह पर छापामार कार्यवाई

**इंदौर।** इंदौर की तुकोगंज पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के ऑफिस पर छापामार कार्रवाई की है। बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स के सामने संचालित इन्फिनिक्स इन्फोटेक कंपनी से जुड़े 5 लोगों को मामले मे आरोपी बनाया गया है। तुकोगंज पुलिस ने डीसीपी राजेश व्यास के आदेश पर कार्रवाई करते हुए 23 सीपीयू, 14 लैपटॉप, 4 डीवीआर, मॉनिटर, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, चेकबुक और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। जब्त सामान की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। मामले में कंपनी संचालक मनीष पांडे समेत अनिमेष चौहान, संदीप त्यागी, अनुराग सैंडलानी और नेहा जैन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इस मामले में नितिश भगत निवासी देपालपुर ने शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि नवंबर 2024 में उन्हें कॉल कर शेयर मार्केट में निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाने का लालच दिया गया। शुरूआत में डेमो प्रॉफिट दिखाकर भरोसा जीता गया, फिर अलग-अलग बहानों से उनसे करीब 4.80 लाख रुपए जमा कराए गए। जांच में सामने आया कि आरोपी फर्जी सॉफ्टवेयर और टर्मिनल के जरिए निवेशकों को स्क्रीन पर मुनाफा दिखाते थे और ज्यादा पैसा लगाने के लिए उकसाते थे। जब पैसे निकालने की बात आती, तो बहाने बनाकर टाल दिया जाता था।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले युवक को 10 साल की कैद


**इंदौर।** इंदौर जिला कोर्ट ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने पीड़िता के साथ करीब तीन माह तक यौन शोषण किया था। अदालत ने कहा कि विवाह का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाना गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में सख्त दंड आवश्यक है। पीड़िता पूर्व में जबलपुर में अकाउंटेंट के रूप में कार्यरत थी। साल 2021 में इंदौर में एक सहेली की जन्मदिन पार्टी के दौरान उसकी आरोपी से मुलाकात हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच जान-पहचान बढ़ी। सितंबर 2021 में वह इंदौर आकर रहने लगी। करीब एक माह बाद आरोपी ने पीड़िता से संपर्क कर नौकरी की जरूरत बताई। पीड़िता ने अपने कंपनी मालिक से बात कर उसे एक फर्नीचर फैक्ट्री में काम दिलाया। 1 मार्च 2022 को कार्यस्थल पर विवाद के चलते युवती ने नौकरी छोड़ दी और जबलपुर लौटने की तैयारी करने लगी। इस दौरान आरोपी ने उसे जाने से रोका और इंदौर में किराए का कमरा दिलवाया। बाद में वह खुद भी उसी कमरे में रहने लगा। आरोपी ने विवाह का आश्वासन देकर पीड़िता के साथ करीब तीन माह तक शारीरिक संबंध बनाए। 25 जून 2022 तक दोनों साथ रहे। इसके बाद आरोपी जबलपुर चला गया। जब पीड़िता ने उससे संपर्क किया तो उसने बताया कि उसकी सगाई पहले से तय है और वह विवाह नहीं कर सकता। परिजनों से संपर्क करने पर भी विवाह से इंकार कर दिया गया। धोखा मिलने के बाद पीड़िता ने आजाद नगर थाना में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया। 10 अप्रैल को उसे 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। मामले में शासन की ओर से पैरवी एजीपी जयंत दुबे ने की।

### भंवरकुआ ब्रिज पर वाहन की टक्कर से पुल से नीचे गिरा युवक

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह ब्रिज से नीचे सड़क पर जा गिरा। गंभीर रूप से घायल युवक की रात में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक हादसा भंवरकुआ ब्रिज पर हुआ। यहां प्रोफेसर कॉलोनी निवासी जयंत (40), पिता मांगीलाल निर्मल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जयंत उछलकर ब्रिज के नीचे जा गिरे। हादसे में उनके सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को देखा और तुरंत मदद करते हुए अस्पताल पहुंचाया। समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण पहले उन्हें एप्पल अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान रात में उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक जयंत इलाके के एक होस्टल में चौकीदारी का काम करते थे, जबकि उनकी पत्नी उषा उसी होस्टल में वार्डन हैं। घटना के वक्त जयंत पैदल होस्टल की ओर जा रहे थे। जयंत का परिवार मूल रूप से धरमपुरी का रहने वाला है। वे कई वर्षों से इंदौर में रहकर काम कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं, जबकि माता-पिता और भाई गांव में रहते हैं।

### महामंडलेश्वर ने ली 72 घंटे की भूसमाधि तीन दिन बाद 13 अप्रैल को देंगे दर्शन

**इंदौर।** तिल्लौर-शिवनगर मार्ग स्थित ग्राम पीपलिया लोहार के संकट मोचन हनुमंत मंदिर खेड़ापति आश्रम में शुक्रवार को एक अनोखी आध्यात्मिक साधना देखने को मिली। महामंडलेश्वर राजगुरु



महाराज ने सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में 72 घंटे की भूसमाधि ली। दोपहर 12.45 बजे महाराज अपने इष्ट भगवान हनुमान की प्रतिमा को हाथों में लेकर करीब 7 फीट गहरे गड्ढे में सीढ़ियों के सहारे उतरे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को दोपहर 12.45 बजे तपस्या पूर्ण होने पर वे पुनः श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इस मौके पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बताया गया कि महाराज गुरुवार रात 1 बजे से ही साधना में लीन हो गए थे। शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे हनुमानजी की आरती के बाद वे भूसमाधि में चले गए। समाधि अवधि के दौरान 12 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा का लगातार अभिषेक किया जाएगा। साथ ही हनुमान चालीसा का अखंड पाठ और दोपहर में भागवत कथा का आयोजन होगा।

### सेल्समैन ने जहर खाया फिर लगा ली फांसी, सुसाइड नोट नहीं मिला

**इंदौर।** पुलिस के मुताबिक मामला पीवडाय ग्राम का है, जहां 27 साल के अतुल एक निजी कंपनी में सेल्समैन के तौर पर काम करता था। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, अतुल ने रात में सल्फास खा लिया था और बाद में दूसरे घर जाकर फांसी लगा ली। सुबह परिवार के लोगों को घटना का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अतुल की शादी को दो साल हो चुके थे और उसके कोई बच्चे नहीं थे।

### शहर में जनजागरुकता बढ़ाने के लिए निगम कमिश्नर ने पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

**इंदौर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 को देखते हुए नगर निगम ने शहर में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए कई एक्टिविटी संचालित कर रहा है। इसी क्रम में नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने गरिमा विद्या विहार स्कूल में स्कूल के स्टूडेंट्स के साथ स्वच्छता विषय पर संवाद प्रोग्राम किया। निगम कमिश्नर ने स्टूडेंट्स को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए उन्हें अपने रोजाना के जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिए मोटिवेट किया। उन्होंने कहा कि- स्वच्छ शहर का निर्माण तभी संभव है, जब हर व्यक्ति खासकर युवा पीढ़ी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए स्वच्छता को अपनी आदत का हिस्सा बनाए। प्रोग्राम में स्टूडेंट्स को शपथ भी दिलाई और उन्हें अपने परिवार, दोस्तों और आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के लिए मोटिवेट करने का मैसेज भी दिया। निगम कमिश्नर ने स्कूल कैंपस में स्टूडेंट्स द्वारा तैयार की गई रोबोटिक लैब और 3आर सेंटर भी देखा। निगम कमिश्नर ने स्टूडेंट्स के नवाचारों की तारीफ की और कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल स्टूडेंट्स की रचनात्मकता को बढ़ाते है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

वंदे मातरम् के अपमान और सदन में कथित दुर्व्यवहार के मामले में कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम और रुबीना इकबाल की मुश्किलें बढ़ी

# सीएम ने मांगा पीसीसी चीफ जीतू पटवारी का इस्तीफा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

वंदे मातरम् के अपमान और सदन में कथित दुर्व्यवहार के मामले में कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम और रुबीना इकबाल की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बीजेपी पार्षदों के बयान के बाद पुलिस कांग्रेस पार्षद रूबीना खान और फौजिया शेख पर एफआईआर करने की तैयारी कर रही है।

शनिवार को इस मामले में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस की पार्षद ने नगर निगम परिषद के अंदर वंदे मातरम गाने से इनकार किया और बड़ी बेशर्मी के साथ कहा कि मैं नहीं गाऊंगी।



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बताएं ये स्पष्टीकरण दे कि आखिर उनका इस प्रकार के अपने सदस्यों को प्रोत्साहन देने की क्यों नीति है। यह कहां ले जाकर खड़ा करेंगे? सब देशभक्तों का क्यों अपमान करेंगे? यहां कांग्रेस के चुने हुए पार्षद कांग्रेस के बैनर तले जो चुन करके आते हैं, कांग्रेस की सदस्यता जिनके पास है वह भारत माता की जय से भी मना करते हैं, वंदे मातरम से भी मना करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस जीतू पटवारी बताएं कि अपने गृह जिले में कांग्रेस की पार्षद की टिप्पणी पर उनका क्या कहना है। इस्तीफा देना चाहिए जीतू पटवारी को भी और कांग्रेस के सभी नेताओं को अगर वह इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर पाते। भगवान राम के मंदिर और भगवान राम के प्रति भावनाओं को लेकर, हिंदुओं को अपमानित करते हैं। कांग्रेस अपने उस दोहरे चरित्र से बाहर नहीं आ पा रही। शुक्रवार को सभापति मुन्नालाल यादव, पार्षद सुरेश कुरवाड़े और कमल वाघेला ने एमजी रोड थाने पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए। पुलिस ने परिषद हॉल का डिजिटल रिकॉर्ड भी जब्त कर लिया है और एफआईआर आवेदन पर जांच शुरू कर दी है। वहीं संभागायुक्त सुदाम खाड़े ने पार्षदों की सदस्यता समाप्त करने के आवेदन पर विशेषज्ञों से कानूनी राय मांगी है। यदि राष्ट्रगीत का अपमान और दुर्व्यवहार सिद्ध होता है, तो दोनों की सदस्यता रद्द हो सकती है। पार्टी से निष्कासन की संभावना भी बनी हुई है।

#### विवादित बयान से बढ़ा तनाव

मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुमित हार्डिया ने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट कर इनाम की घोषणा कर दी। इस बयान के बाद शहर का माहौल और ज्यादा तनावपूर्ण हो गया है। हार्डिया ने पोस्ट की थी कि वंदे मातरम का अपमान करने वाली कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम का जो भी बहन मुंह काला करेगी, उसे 51 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। इस बयान के सामने आने के बाद शहर में माहौल और तनावपूर्ण हो गया। पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक उषा ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् देश की आजादी का प्रतीक है और इसका सम्मान हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने इसे राष्ट्र के प्रति सम्मान से जोड़ते हुए कहा कि इस तरह का व्यवहार देशहित के खिलाफ है।

---

वॉट्सएप स्टेटस को आधार बनाकर जमानत निरस्ती की मांग खारिज

# सोशल मीडिया पोस्ट से केस प्रभावित नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोप में दर्ज प्रकरण में आरोपी दीपक विश्नोई की अग्रिम जमानत निरस्त करने की मांग को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी द्वारा व्हाट्सएप स्टेटस लगाने मात्र से पीड़िता या साक्ष्य प्रभावित होने का कोई ठोस आधार प्रस्तुत नहीं किया गया।

दरअसल 25 वर्षीय पीड़िता ने जून 2025 में थाना बाणगंगा में देवास निवासी दीपक विश्नोई के खिलाफ वर्ष 2020 से 2024 के बीच शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोपी की ओर से एडवोकेट मनीष यादव और पं. करण बैरागी ने हाई कोर्ट में



अग्रिम जमानत याचिका दायर कर तर्क दिया था कि दोनों पक्षों के बीच पैसों का लेन-देन विवाद है और इसी कारण पांच वर्ष पुराने घटनाक्रम को आधार बनाकर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बचाव पक्ष ने कोर्ट के समक्ष दोनों के विवाह से संबंधित फोटो भी प्रस्तुत किए थे। तर्कों से सहमत होकर कोर्ट ने पिछले साल में आरोपी को अग्रिम जमानत का लाभ दिया था।

इसके बाद पीड़िता ने जमानत निरस्ती के लिए आवेदन प्रस्तुत कर आरोप लगाया कि जमानत मिलने के बाद आरोपी ने व्हाट्सएप स्टेटस पर द्विअर्थी शायरी पोस्ट कर उसे प्रभावित करने का प्रयास किया है, इसलिए जमानत निरस्त की जाए। इस पर आरोपी पक्ष के एडवोकेट ने जवाब में कहा कि संबंधित स्टेटस आरोपी के निजी मोबाइल पर लगाया गया था, जिसमें पीड़िता का नाम तक उल्लेखित नहीं है। मात्र किसी के द्वारा अपने मोबाइल पर स्टेटस लगाने से यह सिद्ध नहीं होता कि वह पीड़िता को प्रभावित करने का प्रयास है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस सुबोध अभ्यंकर ने जमानत निरस्ती आवेदन खारिज करते हुए आदेश में उल्लेख किया कि आरोपी द्वारा स्टेटस लगाए जाने से पीड़िता या साक्ष्य किस प्रकार प्रभावित हो सकते हैं, यह स्पष्ट नहीं किया गया। साथ ही कहा कि पीड़िता आरोपी का स्टेटस देखने के लिए बाध्य नहीं है।

---

## गुजरात और महाराष्ट्र का अग्रणी दंतावली ब्रांड अब वैश्विक सफर पर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ अहमदाबाद/ इंदौर**

आयुर्वेदिक ओरल केयर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव सामने आया है। वर्ष 1997 से गुजरात और महाराष्ट्र में अग्रणी ब्रांड के रूप में स्थापित दंतावली का अधिग्रहण इंदौर के प्रसिद्ध अगरवाल ग्रुप की शाखा पेज द्वारा किया गया है। इस अधिग्रहण के साथ ही अब इस प्रतिष्ठित ब्रांड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेज गति से विस्तार देने की योजना बनाई गई है। करीब तीन दशकों से दंतावली ने अपने प्रभावी आयुर्वेदिक उत्पादों के माध्यम से उपभोक्ताओं के बीच मजबूत भरोसा बनाया है। मुख रोगों और गम केयर से जुड़े उत्पादों में इसकी विशेष पहचान रही है, जिसके कारण यह क्षेत्रीय बाजार में अग्रणी बना रहा। पेज के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि दंतावली केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि वर्षों से लोगों के विश्वास का प्रतीक है। अब हमारा लक्ष्य इसे पूरे राष्ट्रीय बाजार में तेजी से विस्तार देना और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी मजबूत उपस्थिति स्थापित करना है। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी दंतावली ब्रांड के विस्तार के लिए बड़े स्तर पर निवेश कर रही है। उत्पादन क्षमता में वृद्धि, आधुनिक तकनीक का उपयोग, रिसर्च एवं डेवलपमेंट को सशक्त बनाना और प्रभावी वितरण नेटवर्क तैयार करना इस रणनीति के प्रमुख हिस्से हैं।

---

## 'वॉइस ऑफ डीसी' मामले में आरोपियों को झटका

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

डेली कॉलेज की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने से जुड़े मामले में अहम कानूनी घटनाक्रम सामने आया। जिला कोर्ट ने नामजद आरोपी संदीप पारेख, रंजीत सिंह नामली और मानवीर बायस की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के बाद आदेश पारित करते हुए तीनों आरोपियों के जमानत आवेदन को अस्वीकार कर दिया। इससे पहले इस प्रकरण में कॉलेज प्रबंधन की ओर से संदीप पारेख, अनुराग जैन, रंजीत सिंह नामली और मानवीर बायस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार आरोपियों पर वॉइस ऑफ डीसी नाम से कथित फर्जी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म संचालित करने का आरोप है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए संस्था की छवि धूमिल करने, भ्रामक जानकारी प्रसारित करने और लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया गया है। प्रबंधन का कहना है कि उक्त प्लेटफॉर्म पर प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था और उसके शिक्षकों को आपत्तिजनक व भ्रामक तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिससे कॉलेज की साख पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

---

ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात होमगार्ड से अभद्रता

## बैरिकेड्स को लात मारकर वर्दी खींची

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

एरोड्रम पुलिस ने ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात होमगार्ड के सिपाही से अभद्रता करने और बैरिकेड्स में तोड़फोड़ करने के मामले में एक युवक और उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपी ने सुपर कॉरिडोर इलाके में बंद मार्ग पर जबरन अपनी कार घुसा दी और विवाद किया। घटना शुक्रवार रात की है।

एरोड्रम पुलिस ने बताया कि अनिल अटारे की शिकायत पर अरुण गोस्वामी और अन्य साथियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है। अनिल होमगार्ड सैनिक हैं। उनकी ड्यूटी बुलेट भ्रमण में लगी थी। कंट्रोल रूम से पाइंट मिला था कि गरिमा स्कूल के पास से सुपर कॉरिडोर की तरफ रॉन्ग साइड से आने वाले वाहनों को आने-जाने नहीं देना है। इसके बाद एसीपी जगदीश पाटिल मौके पर पहुंचे और ड्यूटी पर अभिषेक भार्गव के साथ उन्हें ड्यूटी पॉइंट पर भेजा। कुछ देर बाद वहां एक स्विफ्ट डिजायर कार से युवक आए। उसमें से एक ने बैरिकेड्स पर लात मारकर उसे गिरा दिया। कार से आवाज देते हुए कहा कि तुम्हें पता नहीं क्या, यहां से वह रोज निकलता है। उसने खुद का नाम अरुण गोस्वामी बताया। इसके बाद उसने अनिल की वर्दी पकड़ ली। झूमाझटकी में उसके बटन तोड़ दिए और चश्मा भी गिरा दिया। सिपाही ने इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अन्य पुलिसकर्मियों के सामने अरुण सभी को धमकाने लगा। उसने पुलिस को जूते की नोक पर रखने की बात कही। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों ने डीसीपी ट्रैफिक को मामले की जानकारी दी। रात में अनिल अपने साथी अभिषेक के साथ थाने पहुंचे और मामले में एफआईआर दर्ज कराई।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा
2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

JAYSHREE PHARMACEUTICALS
www.dantavali.com
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खानें में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By AGARWAL GROUP | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com